YouTube kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❒ वर्ष-14 ❒ अंक-331 ❒ सोमवार, 05 जनवरी 2026 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12



कांग्रेस को काम और भगवान राम से समस्या है। भ्रष्टाचार उनके डीएनए में है, और मनरेगा उस भ्रष्टाचार का प्रतीक बन गया था। श्रमिकों के बजाय, मशीनों और ठेकेदारों का उपयोग किया गया, और श्रम के नाम पर जेबें भरी गईं। **शिवराज सिंह चौहान**

डेरा प्रमुख गुरमीत राम रहीम को फिर से 40 दिन की पैरोल मिली 11

मुख्यमंत्री ने समाज कल्याण की कई पेंशन योजनाओं की किश्त जारी की 12

## संक्षेप

### अनुभाग अधिकारी को छोड़ बाकी हटे विरोध से पीछे

**लखनऊ।** पर्यटन विभाग में तैनात आईएएस अधिकारी के खिलाफ अनुभाग अधिकारी की अगुआई में लामबंद हुए कर्मचारी पीछे हट गए हैं। उन्होंने प्रमुख सचिव को लिखे पत्र में कहा है कि अनुभाग अधिकारी ने तबीयत खराब होने की वजह से भावावेश में वह प्रत्यावेदन दिया था। उन्होंने प्रमुख सचिव से कहा है कि उन्हें उन आईएएस अधिकारी से कोई शिकायत नहीं है। बाकी कर्मचारियों ने प्रत्यावेदन पर दस्तखत करने के लिए क्षमा भी मांगी है।

### एएसआई परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों का शारीरिक परीक्षण आज से

**लखनऊ।** यूपी पुलिस में एएसआई (गोपनीय), एएसआई (लिपिक) और एएसआई (लेखा) पदों पर हुई भर्ती परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों के अभिलेखों की संवीक्षा व शारीरिक मानक परीक्षण पांच जनवरी से शुरू हो रही है। यह परीक्षा 20 जिलों में होगी। अभ्यर्थी अपने आवदेन पत्र की प्रति प्रवेश पत्र डाउनलोड किए जाने वाले लिंक से पा सकते हैं। इस बारे में कोई भी जानकारी बोर्ड की वेबसाइट- uppbpb.gov.in से पता की जा सकती है।

### नगर निगम नहीं, स्वास्थ्य विभाग ही करेगा एचडब्ल्यूसी का भुगतान

**लखनऊ।** शहर में खुले 108 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर (एचडब्ल्यूसी) के किराए का भुगतान नगर निगम नहीं करेगा। पूर्व की तरह से अब स्वास्थ्य विभाग ही एचडब्ल्यूसी के किराए का भुगतान करेगा। इसे लेकर फिर से नया आदेश जारी किया गया है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) ने पहले बजट नगर निगम को भेजा था। सीएमओ डॉ. एनबी सिंह का कहना है कि पहले की तरह से एचडब्ल्यूसी का भुगतान स्वास्थ्य विभाग ही करेगा। मोहल्ला क्लीनिक की तर्ज पर शहर में 108 एचडब्ल्यूसी का संचालन स्वास्थ्य विभाग कर रहा है। इन केंद्रों के भवन का किराया और बिजली का बिल करीब सात माह से नहीं किया जा सका है।
भवन स्वामी भुगतान के लिए सीएमओ कार्यालय के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन उन्हें काफी समय से टरकाया जा रहा है। शासन ने नई व्यवस्था के तहत इन केंद्रों को भुगतान का अधिकार स्वास्थ्य विभाग से हटाकर कुछ समय पहले नगर निगम को कर दिया था। बजट भी नगर निगम को जारी कर दिया गया था। इसके बावजूद नगर निगम के जरिए भुगतान नहीं किया जा रहा था। इस समस्या को लेकर कई भवन स्वामी कुछ दिन पहले डिप्टी सीएम व स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक से मिले थे। उन्हें पूरी समस्या बताई थी। डिप्टी सीएम ने नगर निगम को भुगतान करने के निर्देश दिए थे। अब शासन ने नई व्यवस्था के तहत फिर से एचडब्ल्यूसी के भवन का किराया, बिजली का बिल का भुगतान का अधिकार स्वास्थ्य विभाग को दे दिया है।

# योगी सरकार चिकित्सा शिक्षा में देगी करीब 1200 नौकरियों की सौगात

**कैनविज टाइम्स ब्यूरो**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं और चिकित्सा शिक्षा को सुदृढ़ करने की दिशा में योगी सरकार ने एक बड़ा और दूरदर्शी कदम उठाया है। वर्ष 2026 में राजकीय मेडिकल कॉलेजों में शिक्षण एवं तकनीकी पदों पर बड़े पैमाने पर भर्ती की जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर चिकित्सा शिक्षा विभाग ने रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया तेज कर दी है। इस पहल से करीब 1200 से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी का अवसर मिलेगा, वहीं प्रदेश की मेडिकल शिक्षा व्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी।



चिकित्सा शिक्षा विभाग की ओर से राजकीय मेडिकल कॉलेजों में सहायक आचार्य के 1112 पदों, आचार्य के 44 पदों तथा प्रवक्ता (फार्मेसी) के 11 पदों पर भर्ती की जाएगी। इन पदों के लिए अधियाचन उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग को भेज दिया गया है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार, जल्द ही भर्ती से संबंधित विज्ञापन जारी किया जाएगा, ताकि चयन प्रक्रिया समयबद्ध ढंग से पूरी हो सके।

सरकार का मानना है कि मेडिकल कॉलेजों में योग्य शिक्षकों की उपलब्धता से छात्रों को बेहतर मार्गदर्शन मिलेगा और शोध गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। इससे चिकित्सा शिक्षा की गुणवत्ता राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप हो सकेगी। पिछले लगभग नौ वर्षों में प्रदेश में मेडिकल कॉलेजों की संख्या में ऐतिहासिक वृद्धि हुई है और अब उनका सुचारु संचालन सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता है। इसके साथ ही योगी सरकार नर्सिंग कैडर को मजबूत करने की दिशा में भी अहम कदम उठा रही है। लोक सेवा आयोग ● शेष पेज 11 पर

# संभल में अवैध मस्जिद हटाकर कब्जा मुक्त जमीन को 20 गरीबों की गई आवंटित

**एजेंसी**

संभल। उत्तर प्रदेश के जनपद संभल में असमोली थाना क्षेत्र के गांव सलेमपुर सालार उर्फ हाजीपुर में सरकारी ज़मीन पर बनी मस्जिद को मस्जिद कमेटी के खुद ध्वस्त करने के बाद जमीन को जिला प्रशासन ने 20 गरीब व बेसहारा लोगों को आवंटित कर दिया गया।

इस अवैध रूप से बनी मस्जिद को ध्वस्त करने के लिए जिला प्रशासन की ओर से आज तक के लिए समय दिया था। प्रशासन से नोटिस मिलने के बाद खुद ही हथौड़ा चलाकर ध्वस्त कर दिया और मलबे को भी हटवा दिया। रविवार को शासन की



टीम गांव पहुंची। टीम ने वहां पर सरकारी ज़मीन पर बने मदरसे के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए मुक्त जमीन को गरीब तथा बेसहारा 20 पात्र लोगों को आवंटित किया गया। कार्रवाई के दौरान जिलाधिकारी डॉ राजेंद्र पैंसिया ● शेष पेज 11 पर

# अमेरिका को चीन की चेतावनी

## वेनेजुएला संकट ने लिया अंतरराष्ट्रीय रूप, मादुरो की गिरफ्तारी पर वैश्विक टकराव

**एजेंसी**

बीजिंग / वाशिंगटन / नई दिल्ली / काराकास। वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया फ्लोरेस की अमेरिकी सैन्य हिरासत ने विश्व राजनीति में भूचाल ला दिया है। इस घटनाक्रम के बाद चीन ने अमेरिका को कड़ी चेतावनी देते हुए मादुरो दंपती की तत्काल रिहाई की मांग की है और इसे अंतरराष्ट्रीय कानूनों का खुला उल्लंघन करार दिया है। वहीं भारत ने इस संकट पर गहरी चिंता जताते हुए अपने नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी की है। दूसरी ओर वेनेजुएला के सुप्रीम कोर्ट ने उप राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज को कार्यवाहक राष्ट्रपति नियुक्त कर दिया है।

यह संकट अब केवल वेनेजुएला या अमेरिका तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि यह वैश्विक शक्ति संतुलन, संप्रभुता और अंतरराष्ट्रीय कानून की सबसे बड़ी परीक्षा बनता जा रहा है।

बीजिंग ने अमेरिका की सैन्य कार्रवाई की तीखी निंदा करते हुए कहा है कि किसी संप्रभु राष्ट्र के राष्ट्रपति को बलपूर्वक हिरासत में लेना अंतरराष्ट्रीय कानून, संयुक्त राष्ट्र चार्टर और वैश्विक कूटनीतिक मानकों का सीधा उल्लंघन है। चीनी विदेश मंत्रालय ने आधिकारिक बयान में अमेरिका से वेनेजुएला सरकार को अस्थिर करने के प्रयास तुरंत बंद करने और विवाद का समाधान बातचीत के माध्यम से निकालने का आग्रह किया है। चीन ने स्पष्ट शब्दों में चेताया है कि यदि इस प्रकार की सैन्य कार्रवाइयों को सामान्य बना दिया गया, तो वैश्विक व्यवस्था अराजकता की ओर बढ़ेगी। भारत ने वेनेजुएला में हालिया घटनाक्रम पर गहरी चिंता व्यक्त की है। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि भारत दक्षिण अमेरिकी देश में बदलती सुरक्षा स्थिति पर करीबी नजर बनाए हुए है। भारत ने सभी पक्षों से संयम बरतने और बातचीत के





- ❒ भारत ने जताई चिंता, जारी की एडवाइजरी, नागरिकों से सतर्क रहने की अपील
- ❒ चीन का तीखा प्रहारः संप्रभुता पर हमला बर्दाश्त नहीं, मादुरो की गिरफ्तारी को अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन बताया
- ❒ वेनेजुएला सुप्रीम कोर्ट ने डेल्सी रोड्रिग्ज को कार्यवाहक राष्ट्रपति बनाया
- ❒ डेल्सी रोड्रिग्ज वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति, अमेरिकी कार्रवाई का नागरिकों से विरोध करने का आह्वान
- ❒ न्यूयॉर्क के मेयर ने अमेरिकी कार्रवाई को बताया 'युद्ध का कदम'
- ❒ यूएन सुरक्षा परिषद सोमवार को करेगी आपात बैठक

जरिए संकट का शांतिपूर्ण समाधान निकालने की अपील की है। विदेश मंत्रालय ने यह भी स्पष्ट किया कि काराकस स्थित भारतीय दूतावास भारतीय समुदाय के संपर्क में है और हर संभव सहायता प्रदान की जा रही है। इससे पहले भारत ने अपने नागरिकों को वेनेजुएला की गैर-जरूरी यात्राओं से बचने, सार्वजनिक सभाओं से दूर रहने और स्थानीय आवागमन सीमित रखने की सलाह जारी की थी। वेनेजुएला के सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति मादुरो की गिरफ्तारी के बाद उप राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज को कार्यवाहक राष्ट्रपति नियुक्त कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि यह निर्णय संविधान के अनुच्छेद 233 और 234 के तहत लिया गया है ताकि प्रशासनिक निरंतरता और राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। मुख्य न्यायाधीश कैरिस्लिया रोड्रिग्ज ने अमेरिकी कार्रवाई को अपहरण करार देते हुए कहा कि यह वेनेजुएला की संप्रभुता पर सीधा हमला है। उन्होंने मादुरो दंपती की तत्काल रिहाई की मांग की और जनता से अमेरिकी सैन्य ऑपरेशन का विरोध करने का आह्वान किया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि 'ऑपरेशन एब्सोल्यूट रिजॉल्व' के तहत वेनेजुएला में बड़े पैमाने पर हवाई हमले किए गए और राष्ट्रपति मादुरो को हिरासत में लिया गया। अमेरिकी मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, मादुरो और उनकी पत्नी को न्यूयॉर्क के एक सैन्य अड्डे पर रखा गया है। हालांकि अमेरिका की इस कार्रवाई को लेकर न तो संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की पूर्व स्वीकृति ली गई और न ही किसी अंतरराष्ट्रीय न्यायिक मंच से अनुमति। विशेषज्ञों का मानना है कि वेनेजुएला संकट एक ऐसे मोड़ पर पहुंच गया है जहां अमेरिका की एकतरफा सैन्य नीति और चीन-रूस जैसे देशों की बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था की सोच आमने-सामने खड़ी है। यह टकराव आने वाले समय में अंतरराष्ट्रीय राजनीति की दिशा तय कर सकता है। वेनेजुएला के सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार शनिवार देर रात उप राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज ने तत्काल प्रभाव से कार्यवाहक राष्ट्रपति के रूप में पदभार संभाल लिया है। यह आदेश अमेरिकी सैन्य ऑपरेशन 'एब्सोल्यूट रिजॉल्व' के तहत राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को अमेरिकी सैनिकी की गिरफ्तारी के बाद आया ।

सुप्रीम कोर्ट की मुख्य न्यायाधीश कैरिस्लिया रोड्रिग्ज ने सरकारी टीवी चैनल वीटीवी पर प्रसारित एक बयान में कहा था, ''राष्ट्रपति निकोलस ● शेष पेज 11 पर

### न्यूयॉर्क के मेयर का भी विरोध

अमेरिका के भीतर भी इस कार्रवाई को लेकर विरोध के स्वर उठने लगे हैं। न्यूयॉर्क के मेयर जोहरान ममदानी ने इस अभियान को ्युद्ध की कार्रवाई और ्अंतरराष्ट्रीय व संघीय कानून का उल्लंघन बताया है। उन्होंने कहा कि सत्ता परिवर्तन की यह कोशिश न केवल विदेशों में रह रहे अमेरिकियों को प्रभावित करेगी, बल्कि न्यूयॉर्क जैसे शहरों पर भी इसका सीधा असर पड़ेगा, जहां बड़ी संख्या में वेनेजुएला के नागरिक रहते हैं।

### संयुक्त राष्ट्र में हलचल, आपात बैठक बुलायी गई

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने घोषणा की है कि वह वेनेजुएला के खिलाफ अमेरिकी सैन्य अभियान पर सोमवार को एक आपातकालीन बैठक आयोजित करेगी। माना जा रहा है कि इस बैठक में चीन, रूस और अन्य देश अमेरिका की कार्रवाई पर तीखे सवाल उठा सकते हैं।

# भू-स्वामित्व नामांतरण व भू-उपयोग बदलने की प्रक्रिया होगी और आसान

**कैनविज टाइम्स ब्यूरो**

❒ भू-प्रशासन संबंधी प्रक्रियाएं होगी सरल, पारदर्शी, तेज और नागरिक-केंद्रित

लखनऊ। यूपी सरकार भू-स्वामित्व नामांतरण व भू-उपयोग बदलने की प्रक्रिया को और आसान बनाने जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर स्टांप विभाग और राजस्व परिषद नामांतरण की धारा-34 और भू-उपयोग की धारा 80 की प्रक्रियाओं का ऑनलाइन सरलीकरण किया जा रहा है। राष्ट्रीय सूचना प्रौद्योगिकी केंद्र (एनआईसी) द्वारा विकसित सॉफ्टवेयर से इसे एकीकृत प्लेटफॉर्म पर लाया जा रहा है। इसे फरवरी 2026 तक पूरा कर लिया जाएगा। नामांतरण कराना होगा आसान स्टांप एवं पंजीकरण विभाग व राजस्व परिषद भूमि संबंधी प्रशासनिक प्रक्रियाओं का डिजिटलाइजेशन और सरलीकरण किया जा रहा है। भू-संपत्ति हस्तांतरण होते ही धारा-34 में डिजिटली नामांतकरण हो जाएगा।

खसरा-खतौनी विवरण, मालिकाना हक के प्रमाण और अन्य दस्तावेज ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन से एक ही बार में मिल जाएंगे। ऑनलाइन होते ही इसकी जांच की जाएगी, जिससे कई स्तरों पर फॉर्म भरने, दस्तावेज जमा करने और लेखपाल की रिपोर्ट का झंझट खत्म हो जाएगा। भू-उपयोग बदलना भी होगा आसान कृषि भूमि को गैर-कृषि या औद्योगिक उपयोग में बदलने के लिए धारा 80 में होने वाली कार्यवाही भी डिजिटलीकरण किया जा रहा है। इसमें पहले आवेदन, ● शेष पेज 11 पर

# सात जनवरी से होगा लखनऊ दर्शन के लिए डबल डेकर सिटी बस का संचालन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में पर्यटन को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत लखनऊ दर्शन के लिए इलेक्ट्रिक डबल डेकर सिटी बस सेवा 7 जनवरी से शुरू होने जा रही है। उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम द्वारा इस सेवा के दो सफल मॉक ड्रिल पूरे कर लिए गए हैं। सुबह के टूर का मॉक ड्रिल 3 जनवरी को तथा शाम के टूर का मॉक ड्रिल 4 जनवरी को आयोजित किया गया।

एलिवेटेड सिटी टूर की अवधारणा पर आधारित यह इलेक्ट्रिक डबल डेकर बस यात्रियों को लखनऊ की ऐतिहासिक विरासत, सांस्कृतिक पहचान और आधुनिक शहरी जीवन का एक अनोखा अनुभव प्रदान करेगी। मॉक ड्रिल के दौरान बस कोठी हयात बख्श, राजभवन, जीपीओ सहित कई प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। इस



दौरान रूट का पहला प्रमुख ठहराव विधान सभा भवन रहा, जहां यात्रियों को शहर के इतिहास और महत्व की जानकारी दी गई।

सुबह के मॉक ड्रिल में उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग, वन विभाग, परिवहन विभाग, नगर निगम के अधिकारी, इंजीनियरिंग कॉलेजों के छात्र तथा टूर-ट्रैवल एजेंसियों के प्रतिनिधि शामिल हुए। छात्रों ने इस अनुभव को शैक्षणिक और ज्ञानवर्धक बताया, वहीं टूर एवं ट्रैवल क्षेत्र से जुड़े प्रतिनिधियों ने इसे लखनऊ के पर्यटन को बढ़ावा देने वाला एक आकर्षक नया उत्पाद करार ● शेष पेज 11 पर

# शिकायतकर्तों के निस्तारण में लापरवारी पर सात को नोटिस

**कैनविज टाइम्स ब्यूरो**

❒ गलत रिपोर्टिंग और समय पर निस्तारण न करने पर शुरू हुई कार्वाई आईजीआरएस पोर्टल पर निस्तारण की दी जा रही गलत सूचना

लखनऊ। मुख्यमंत्री के आईजीआरएस पोर्टल पर दर्ज जनशिकायतों के निस्तारण में लापरवाही और शासन को भ्रामक सूचना भेजने के मामलों को गंभीरता से लेते हुए नगर निगम में बड़ा एक्शन शुरू हो गया है। अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव ने सात जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया है। यह कार्रवाई नगर आयुक्त के स्पष्ट निर्देश पर की गई है। अफसरों को चेतावनी दी गई है कि यदि कार्यप्रणाली में सुधार नहीं हुआ तो कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई तय मानी जाए।

आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायतों के निस्तारण में लगातार खराब प्रदर्शन के कारण प्रदेश स्तर पर लखनऊ जिले की रैंकिंग गिरती जा रही है। समय पर समस्याओं का समाधान न होना और कई मामलों में तथ्यहीन या गलत रिपोर्ट शासन को भेजे जाने से सरकार की नाराजगी बढ़ी है। इसी पृष्ठभूमि में अब नगर निगम प्रशासन ने जवाबदेही तय करने की दिशा में कदम बढ़ा दिया है। गलत सूचना भेजना पड़ा भारी जांच में सामने आया है कि संबंधित अधिकारियों ने या तो तय समय सीमा में शिकायतों का निस्तारण नहीं किया, या फिर कागजी खानापूर्ति कर समस्याओं के समाधान की गलत रिपोर्ट पोर्टल पर अपलोड कर दी। इससे न सिर्फ शिकायतकर्ता असंतुष्ट रहे, बल्कि शासन स्तर पर भी गलत संदेश गया। इसे गंभीर प्रशासनिक चूक मानते हुए नोटिस जारी किए गए हैं। इन अधिकारियों को जारी हुआ कारण बताओ नोटिस कार्यालय अधीक्षक (अधिष्ठान), मुख्य वित्त एवं लेखा अधिकारी, नगर अभियंता, जोन-3, महाप्रबंधक, ● शेष पेज 11 पर

## प्रधानमंत्री ने वाराणसी में 72वीं सीनियर नेशनल वॉलीबॉल चैंपियनशिप का किया वर्चुअल उद्घाटन

# देश का हर सेक्टर रिफॉर्म एक्सप्रेस पर सवार : मोदी

**एजेंसी**

वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि वर्ष 2014 के बाद भारत का खेल मॉडल एथलीट-केंद्रित हुआ है। टैलेंट की वैज्ञानिक पहचान, आधुनिक प्रशिक्षण, पोषण और पारदर्शी चयन प्रक्रिया से खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का अवसर मिला है। आज देश का हर सेक्टर रिफॉर्म एक्सप्रेस पर सवार है और स्पोर्ट्स सेक्टर में भी बड़े रिफॉर्म्स हो रहे हैं। नेशनल स्पोर्ट गवर्नेंस एक्ट और खेलो भारत नीति 2025 जैसे प्रावधानों से सही टैलेंट को अवसर मिलेगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में आयोजित 72वें राष्ट्रीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट का वर्चुअली उद्घाटन करने के बादसंबोधित कर रह थे। स्थानीय डॉ. संपूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित समारोह में रविवार को एक हजार से अधिक खिलाड़ियों, उनके कोच को वर्चुअली संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि 2014



से विभिन्न खेलों में भारत का प्रदर्शन लगातार बेहतर हुआ है और उन्?हें जेन-जेड खिलाड़ियों को मैदान पर तिरंगा फहराते देखकर गर्व महसूस होता है। खिलाड़ियों और कोच का उत्साह बढ़ाते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत अब केवल विकास का नहीं, बल्कि खेलों का भी वैश्विक केंद्र बन रहा है। उन्होंने कहा कि वॉलीबॉल साधारण खेल नहीं है। यह संतुलन और सहयोग का खेल है। इसमें संकल्प शक्ति भी दिखती है। वॉलीबॉल हमें टीम स्पिरिट से जोड़ती है। हर खिलाड़ी का मंत्र होता है 'टीम फर्स्ट'। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि वॉलीबॉल हमें सिखाती है कि जीत अकेले संभव नहीं होती, बल्कि समन्वय, विश्वास और टीम भावना से ही सफलता मिलती है। वॉलीबॉल में बॉल को हर हाल में ऊपर रखना ही इसका मंत्र है। यह खेल सिखाता है कि हर खिलाड़ी की भूमिका अहम होती है और सफलता तभी मिलती है, जब सभी अपनी जिम्मेदारी ईमानदारी से निभाएं। उन्होंने कहा कि भारत की विकास यात्रा भी इसी भावना से आगे बढ़ रही है-स्वच्छता अभियान से लेकर डिजिटल भुगतान तक, 'मेक इन इंडिया' से लेकर विकसित भारत के लक्ष्य तक।

### विरासत से आधुनिकता तक, खेल बने नए भारत की पहचान : योगी

**वाराणसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 72वीं सीनियर नेशनल वॉलीबॉल चैंपियनशिप के उद्घाटन अवसर पर काशी में उपस्थित खिलाड़ियों, जनप्रतिनिधियों और खेल प्रेमियों का हृदय से स्वागत व अभिनंदन किया। साथ ही यूपी एवं बिहार के बीच खेले जा रहे मैच का मुख्यमंत्री ने ग्राउंड पर वॉलीबॉल उछालकर खेल का आगाज भी किया. उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्चुअल संबोधन के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह आयोजन काशी और उत्तर प्रदेश के लिए गौरव का क्षण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीते साढ़े ग्यारह वर्षों में देश ने अभूतपूर्व परिवर्तन देखा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने अपनी प्राचीन विरासत के साथ आधुनिक विकास का ऐसा मॉडल प्रस्तुत किया है, जिस पर आज हर भारतवासी गर्व कर रहा है।
कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से समाज के अंतिम ● शेष पेज 11 पर

# क्यूजीन क्लस्टर मॉडल से बदलेगी प्रदेश की खाद्य अर्थव्यवस्था

कैनविज टाइम्स संवाददाता

### वन डिस्ट्रिक्ट वन क्यूजीन के तहत योगी सरकार कर रही सभी 18 मंडलों में क्यूजीन क्लस्टर विकसित करने की तैयारी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार प्रदेश की समृद्ध खाद्य विरासत को आर्थिक विकास और रोजगार सृजन से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल कर रही है। प्रस्तावित वन डिस्ट्रिक्ट-वन क्यू.जीन (ओडीओसी) मॉडल के तहत प्रदेश के सभी 18 मंडलों को क्यू.ज़ीन क्लस्टर के रूप में विकसित किया जाने का प्रस्ताव है। इस पहल का उद्देश्य प्रत्येक जनपद के विशिष्ट और पारंपरिक व्यंजनों को संगठित पहचान, बेहतर बाजार और आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराना है। समग्र रूप से क्यूजीन क्लस्टर मॉडल उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को आधुनिक बाजार से जोड़ने का सशक्त माध्यम बनेगा। यह पहल न केवल प्रदेश के पारंपरिक स्वाद को नई पहचान देगी, बल्कि आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश के विजन को भी मजबूती प्रदान करेगी।

राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि क्यू.ज़ीन क्लस्टर मॉडल के अंतर्गत प्रत्येक मंडल के अंतर्गत आने वाले जनपदों के विशिष्ट व्यंजनों को चिन्हित कर उन्हें गुणवत्ता, पैकेजिंग, विपणन और ब्रांडिंग के माध्यम से राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित किए जाने का प्रस्ताव है। इससे न केवल पारंपरिक स्वाद संरक्षित होंगे, बल्कि उन्हें आधुनिक उपभोक्ता की पसंद के अनुरूप प्रस्तुत किया जा सकेगा। इस योजना के तहत आगरा का पेठा, मथुरा का पेड़ा, गोरखपुर का लिट्टी-चोखा, कानपुर का समोसा और लड्डू जैसे लोकप्रिय व्यंजनों को राज्य स्तरीय ब्रांड के रूप में विकसित किया जाएगा। इन व्यंजनों की पहचान अब केवल स्थानीय बाजार तक सीमित न रहकर ई-कॉमर्स, फूड फ़ेस्टिवल और पर्यटन स्थलों के माध्यम से देश-विदेश तक पहुंचेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार फूड स्टार्टअप, एमएसएमई और स्थानीय उद्यमियों को सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। क्यू.ज़ीन क्लस्टर मॉडल के अंतर्गत फूड प्रोसेसिंग, पैकेजिंग यूनिट, कोल्ड चेन, गुणवत्ता परीक्षण और प्रशिक्षण सुविधाओं का विकास किया जाएगा, जिससे युवाओं और महिलाओं को उद्यमिता के नए अवसर मिलेंगे। नेस से जमीन पर दिखेगा असर

इस पहल से सरकार की प्रो-इंडस्ट्री नीति, सिंगल विंडो सिस्टम और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के कारण फूड सेक्टर में निवेश को बढ़ावा मिलेगा। प्रस्ताव के तहत, ओडीओसी मॉडल के ज़रिए स्थानीय उत्पादकों को एफएसएसएआई, ब्रांडिंग सपोर्ट और मार्केट लिंकेज उपलब्ध कराए जाएंगे, जिससे वे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप अपने उत्पाद विकसित कर सकें। क्यूजीन क्लस्टर आधारित विकास से प्रदेश में रोजगार के नए अवसर, स्थानीय निवेश और फूड टूरिज्म को नई गति मिलेगी। होटल, रेस्टोरेंट, एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन और प्रमुख पर्यटन स्थलों पर ओडीओसी क्यूजीन को बढ़ावा दिया जाएगा, जिससे उत्तर प्रदेश एक फूड डेस्टिनेशन स्टेट के रूप में उभर सके।

# गुरु तेग बहादुर शहीदी दिवस पर सरोजनीनगर में श्रद्धा का संगम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस के अवसर पर रविवार को आशियाना गुरुद्वारे में शहीदी दिवस कार्यक्रम एवं नगर कीर्तन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने सहभागिता कर नवम सिख गुरु को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अवध प्रांत प्रचारक कौशल जी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि गुरु तेग बहादुर जी का बलिदान केवल सिख समाज के लिए नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता की धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा के लिए था। उन्होंने कहा कि औरंगजेब के शासनकाल में जब धर्म और आस्था पर पहरे लगाए गए, तब गुरु तेग बहादुर जी ने निर्भीक होकर अपने शीश का बलिदान देकर अंतरात्मा की स्वतंत्रता की मिसाल कायम की। यह बलिदान आज भारतीय संविधान के अनुच्छेद 25 में निहित धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार का आधार भी है। डॉ. राजेश्वर सिंह ने बताया कि सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र से 'अमृतसरऽकरतारपुर साहिब दर्शन यात्रा' का सफल आयोजन कर 41 सिख श्रद्धालुओं को गुरु नानक देव जी की पावन भूमि के दर्शन कराए जा चुके हैं। इसके साथ ही विधायक निधि से आशियाना क्षेत्र में भव्य गुरु नानक द्वार का निर्माण कर सिख समाज की आस्था और सांस्कृतिक विरासत को सम्मान दिया गया है। उन्होंने भविष्य की योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि सभी सिख गुरुओं के त्याग, सेवा और मानवता आधारित आदर्शों से भावी पीढ़ी प्रेरणा ले, इसी उद्देश्य से सरोजनीनगर में भव्य और ऐतिहासिक 'विरासत-ए-खालसा' की स्थापना के लिए वे संकल्पित हैं। यह पहल सांस्कृतिक संरक्षण के साथ-साथ राष्ट्रीय एकता और सद्भाव को भी मजबूत करेगी। कार्यक्रम में पूर्व महापौर संयुक्ता भाटिया, केन्द्रीय सिख सभा गुरुद्वारा आलमबाग के अध्यक्ष निर्मल सिंह, आशियाना गुरुद्वारा के अध्यक्ष जसपाल सिंह वोरा, उप्र गुरुद्वारा सिख मैनेजमेंट कमेटी के सुरेंद्र पाल सिंह बक्शी सहित बड़ी संख्या में सिख समाज के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# कड़ाके की ठंड में जरूरतमंदों को बांटे कंबल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



महराजगंज, रायबरेली। बढ़ती ठंड और शीतलहर के प्रकोप को देखते हुए सामाजिक सरोकारों के तहत नगर पंचायत के आर्य नगर वार्ड में कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यहाँ के सभासद जमुना पासवान ने अपनी दरियादिली दिखाते हुए वार्ड की विधवा, बुजुर्ग और निराश्रित महिलाओं को ठंड से राहत दिलाने के लिए कंबल वितरित किए।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेंद्र श्रीवास्तव उपस्थित रहे। उन्होंने सभासद के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि जमुना पासवान ने अपने निजी खर्च से निराश्रित लोगों की मदद कर न केवल मानवता की मिसाल पेश की है, बल्कि लोगों का दिल भी जीत लिया है। उन्होंने आगे कहा कि जमुना पासवान अपने वार्ड की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए भी हमेशा तत्पर रहते हैं। कंबल पाकर बुजुर्ग महिलाओं के चेहरे खिल उठे। इस वितरण कार्यक्रम के दौरान सामाजिक कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे, जिनमें मुख्य रूप सेः पुरुष वर्गः मोहित श्रीवास्तव, पंकज श्रीवास्तव, स्वप्निल श्रीवास्तव, कमलेश और अलीम। महिलाएंः सविता, राजवती, राजकुमारी, माधुरी, निर्मला, बिटाना, शिवकुमारी, राधा, कंचन, जुबैदा, अशिया, सबीना समेत सैकड़ों महिलाएं उपस्थित रहीं।

# उच्चाधिकारियों के आदेशों की अनदेखी, मुख्यालय से नदारद रहते वन क्षेत्राधिकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

### शंकरगढ़ वन रेंज में अतिक्रमण, अवैध कटान और खनन पर नहीं लग पा रही लगाम

प्रयागराज। जनपद के जमुनापार क्षेत्र में स्थित शंकरगढ़ वन रेंज इन दिनों गंभीर अनियमितताओं और लापरवाही को लेकर चर्चा में है। जिला मुख्यालय से लगभग 40 किलोमीटर दूर स्थित इस वन क्षेत्राधिकारी कार्यालय को लेकर स्थानीय जनता में भारी नाराजगी देखी जा रही है। आरोप है कि उच्चाधिकारियों के स्पष्ट आदेशों के बावजूद शंकरगढ़ के वन क्षेत्राधिकारी मुख्यालय पर नियमित रूप से निवास नहीं करते, जिससे वन क्षेत्र की निगरानी और संरक्षण व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है।

वन रेंज को हरा-भरा बनाए रखने, अवैध कटान, अतिक्रमण और खनन पर रोक लगाने के लिए सरकार हर महीने लाखों रुपये खर्च करती है तथा इसके लिए पर्याप्त स्टाफ की नियुक्ति भी की गई है। इसके बावजूद स्थिति यह है कि पूरे रेंज का संचालन एक न्यूनतम वेतन पर कार्यरत कर्मचारी के भरोसे चल रहा है, जो व्यवहारिक रूप से क्लर्क की भूमिका निभा रहा है। आरोप है कि नियुक्त स्टाफ भी आपसी शिफ्ट व्यवस्था बनाकर अधिकांश समय घर पर ही रहता है और नियमित रूप से मुख्यालय में उपस्थित नहीं होता। इस लापरवाही का सीधा असर वन भूमि पर पड़ा है। क्षेत्र के लोहरा, टंडन वन सहित कई गांवों में वन विभाग की भूमि पर बड़े पैमाने पर अतिक्रमण हो चुका है। हालांकि वन विभाग के उच्चाधिकारियों द्वारा अतिक्रमण हटाने के प्रयास किए गए हैं, लेकिन अब तक पूरी तरह से कब्जा मुक्त नहीं कराया जा सका है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि विभागीय अधिकारी समय रहते अपनी जिम्मेदारी निभाते तो स्थिति इतनी गंभीर न होती। इसके साथ ही क्षेत्र में अवैध वृक्ष कटान को लेकर भी गंभीर आरोप सामने आए हैं। चर्चा है कि छूट प्राप्त प्रजातियों की आड़ में गैर-छूट और प्रतिबंधित प्रजातियों के पेड़ों का बड़े पैमाने पर कटान किया जा रहा है। ठेकेदारों और वन माफियाओं की कथित मिलीभगत से यह कार्य धड़ल्ले से चल रहा है। आरोप यह भी है कि कुछ मामलों में मामूली जुर्माना लगाकर कागजी कार्रवाई पूरी कर ली जाती है, जिससे उच्चाधिकारियों को वास्तविक स्थिति से गुमराह किया जा सके। वन क्षेत्र में अवैध खनन और उसके परिवहन की गतिविधियां भी तेजी से बढ़ रही हैं। इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारी जानबूझकर अनजान बने हुए हैं। स्थानीय लोगों का मानना है कि यदि किसी स्वतंत्र टीम से गोपनीय जांच कराई जाए तो भ्रष्टाचार और मिलीभगत की परतें खुलकर सामने आ सकती हैं। क्षेत्र की जनता ने पूरे मामले को गंभीर बताते हुए जिलाधिकारी प्रयागराज और डीएफओ प्रयागराज से हस्तक्षेप की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते सख्त जांच और कार्रवाई नहीं की गई तो वन संपदा को अपूरणीय क्षति पहुंच सकती है। जनता ने मांग की है कि जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए और शंकरगढ़ वन रेंज में व्यवस्था को पटरी पर लाया जाए।

## पुलिस जवान को ट्रक ने मारी टक्कर, मौत

**बछरावां,रायबरेली, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र शिवगढ़ के अंतर्गत रानीखेड़ा गांव के पास बांदा बहराइच राजमार्ग पर बीते शनिवार की देर रात लगभग 9:30 के आसपास नेट की परीक्षा देकर लौट रहे एक पुलिस जवान को ट्रक ने टक्कर मार दी। जिसे इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। जहां परीक्षण के दौरान डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शिवगढ़ थाना क्षेत्र के निहाल खेड़ा मजरे भौसी गांव के रहने वाले पुलिस जवान शिवनारायण पुत्र रामलोटन जो वर्ष 2019 बैच के सिपाही थे। वह वर्तमान समय में जनपद जौनपुर के सुजानगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत डायल 112 पुलिस में तैनात थे। शनिवार की देर रात वह अपनी बाइक से नेट की परीक्षा देकर वापस अपने गांव लौट रहे थे। जैसे ही वह रानीखेड़ा गांव के पास पहुंचे तभी अत्यधिक कोहरा होने के कारण एक ट्रक ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। वहीं टक्कर लगते ही उक्त पुलिस जवान सड़क मार्ग पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास मौजूद राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस के द्वारा तत्काल उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावा पहुंचाया गया। जहां मौजूद चिकित्सक प्रभात मिश्रा ने प्राथमिक परीक्षण के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया है। पुलिस जवान की मौत से उसके परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। वहीं पुलिस के द्वारा उक्त ट्रक एवं ट्रक चालक को हिरासत में ले लिया गया है। वहीं उक्त घटना में मृतक जवान को शिवगढ़ थाना अध्यक्ष विंध्य विनय के द्वारा सलामी देकर विदाई दी गई है।

## पत्रकारों को किया सम्मानित

**हरचंदपुर, रायबरेली, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** युवा समाजसेवी भाजपा युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष हर्षित तोमर एवं प्रधान प्रतिनिधि छोटे चौधरी की ओर से पत्रकारों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। आयोजित कार्यक्रम में प्रेस क्लब के अध्यक्ष संतोष चौरसिया, महामंत्री अनिल श्रीवास्तव, सचिव मनमोहन तिवारी, उपाध्यक्ष मनीष अवस्थी, दीपक सिंह संरक्षक राजेन्द्र कौशल, सहित अन्य पत्रकारों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में हर्षित तोमर और छोटे चौधरी ने सभी पत्रकारों को माला पहनाकर अंगवस्त्र भेटकर सम्मानित किया। आयोजक हर्षित तोमर ने कहा कि चौथे स्तंभ की निष्पक्ष कार्य प्रणाली से समाज प्रभावित होता है। छोटे चौधरी ने सभी को सम्मानित करते हुए कहा कि पत्रकार बंधु निर्भीक होकर सच्चाई उजागर करते है। और समाज के जनहित के मुद्दों को शासन सरकार तक पहुंचाने का कार्य करते है। पत्रकारों का सम्मान करने से नई ऊर्जा का संचार होगा।

## 7 जनवरी को सर्किट हाउस में होगी महिला जनसुनवाई, राज्य महिला आयोग की सदस्य करेंगी मामलों की समीक्षा

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की माननीय सदस्य गीता विश्वकर्मा 7 जनवरी 2026 को प्रयागराज के दौरे पर रहेंगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वह पूर्वाह्न 11 बजे सर्किट हाउस में महिला उत्पीड़न से जुड़े मामलों में अब तक की गई कार्रवाई की अद्यतन समीक्षा करेंगी। इस दौरान महिला जनसुनवाई का आयोजन किया जाएगा, जिसमें पीड़ित महिलाएं अपनी शिकायतें सीधे आयोग के समक्ष रख सकेंगी। जनसुनवाई के समय संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे और शिकायतों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए जाएंगे। महिला आयोग की सदस्य लंबित प्रकरणों, प्रशासनिक कार्रवाई और रिपोर्टों की प्रगति की भी समीक्षा करेंगी। इसके पश्चात गीता विश्वकर्मा एक आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण करेंगी, जहां बच्चों और महिलाओं को मिल रही पोषण, स्वास्थ्य एवं अन्य सुविधाओं का जायजा लिया जाएगा। निरीक्षण में खामियां पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों को सुधार के निर्देश दिए जाएंगे।

# जाम की समस्या गंभीर, पुलिस आयुक्त ने किया स्थलीय निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता




वाराणसी। लगातार लग रहे यातायात जाम की समस्या को गंभीरता से लेते हुए पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी मोहित अग्रवाल ने रविवार को लहरतारा-फुलवरिया मार्ग पर लहरतारा चौकी के समीप स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि बस और टेम्पो चालक सड़क किनारे एवं चौकी के आसपास अवैध रूप से वाहन खड़े कर सवारियों का इंतजार करते हैं, जिससे सड़क की चौड़ाई कम हो जाती है और बार-बार जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही है।

इस अव्यवस्था के कारण आम नागरिकों के साथ-साथ स्कूली वाहनों, एम्बुलेंस और दैनिक यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पुलिस आयुक्त ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि लहरतारा चौकी के आसपास किसी भी प्रकार की अवैध पार्किंग न होने दी जाए और सड़क पर खड़े होकर यातायात बाधित करने वाले बस, टेम्पो एवं निजी वाहनों के खिलाफ सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाए। उन्होंने यातायात पुलिस और स्थानीय थाना पुलिस को संयुक्त रूप से नियमित चेकिंग अभियान चलाने, अवैध रूप से खड़े वाहनों को तत्काल हटवाने तथा चालान व सीज की कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही बस एवं टेम्पो चालकों को केवल निर्धारित स्टॉपेज और पार्किंग स्थलों का ही उपयोग करने के लिए निर्देशित किया गया, ताकि क्षेत्र में यातायात व्यवस्था सुचारु, सुरक्षित और निर्बाध बनी रह सके।

# माघ मेला 2026: सुरक्षा व्यवस्था और सख्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। माघ मेला 2026 के सफल, सुरक्षित एवं निर्विघ्न आयोजन के दृष्टिगत रविवार को पुलिस आयुक्त जोगेन्द्र कुमार एवं अपर पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) अजय पाल ने माघ मेला कंट्रोल रूम से आरटी सेट के माध्यम से यातायात पुलिस, जल पुलिस, नागरिक पुलिस, पीएसी एवं रैपिड एक्शन फोर्स के समस्त पुलिसकर्मियों को महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए। पौष पूर्णिमा स्नान के सकुशल संपन्न होने पर पुलिस आयुक्त ने समस्त पुलिस बल को बधाई देते हुए आगामी स्नान पर्वों में भी सेवा और समर्पण भाव से ड्यूटी करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं के साथ हर हाल में विनम्र व्यवहार किया जाए और मेला क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की लगातार सघन चेकिंग रखी जाए।

जल पुलिस को सभी स्नान घाटों पर लाउड-हेलर के माध्यम से निरंतर गश्त और निगरानी के निर्देश दिए गए, जबकि पैदल व यातायात ड्यूटी में लगे पुलिसकर्मियों को भ्रमणशील रहकर अतिक्रमण रोकने और सुगम आवागमन सुनिश्चित करने को कहा गया। चोरी-ठगी करने वाले गिरोहों पर विशेष नजर रखने के निर्देश भी दिए गए।

पीएसी और टइक्क को निर्धारित ड्यूटी प्वाइंट पर सतर्क रहकर आवश्यकता पड़ने पर त्वरित प्रतिक्रिया देने के आदेश दिए गए। वहीं, पार्किंग व्यवस्था को लेकर निर्देश दिया गया कि पहले नजदीकी पार्किंग स्थल भरे जाएं, उसके बाद क्रमशः दूरस्थ पार्किंग का उपयोग कराया जाए। कंट्रोल रूम में तैनात कर्मियों को सीसीटीवी के माध्यम से सतत मॉनिटरिंग कर किसी भी संदिग्ध स्थिति की तत्काल सूचना उच्चाधिकारियों को देने के निर्देश दिए गए।

## आईएएस के मकान से सेक्स रैकेट का भंडाफोड़, 9 हिरासत में

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिले के कीडगंज थाना क्षेत्र की नई बस्ती में रविवार को पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक कथित आईएएस अधिकारी के मकान से चल रहे सेक्स रैकेट का खुलासा किया। दोपहर करीब 2 बजे की गई छापेमारी में पुलिस ने चार युवतियों और पांच युवकों को आपत्तिजनक हालत में पकड़ा है। स्थानीय लोगों की सूचना पर कीडगंज थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह और एसीपी राजीव यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची। दरवाजा नहीं खोले जाने पर पुलिस ने दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया। भीतर अलग–अलग कमरों में युवक–युवतियां आपत्तिजनक स्थिति में मिले, जिन्हें पुलिस देखकर वे आसपास पड़ी चादरों और कपड़ों से खुद को ढकने लगे। पुलिस ने दो अलग–अलग कमरों से चार युवतियों और चार युवकों को हिरासत में लिया, जबकि बाहर बैठकर पहरेदारी कर रहे कथित सरगना को भी मौके से पकड़ लिया गया। कमरे से आपत्तिजनक सामग्री और अन्य सामान बरामद किए गए हैं। पुलिस सभी हिरासत में लिए गए लोगों से पूछताछ कर रही है और यह पता लगाने में जुटी है कि रैकेट कब से संचालित हो रहा था, इसमें कौन–कौन शामिल हैं और मकान के स्वामित्व व भूमिका को लेकर क्या तथ्य हैं। मामले में आगे की विधिक कार्रवाई जारी है।

# मिशन शक्ति 5.0: नारी सुरक्षा व सशक्तिकरण को लेकर चला व्यापक जागरूकता अभियान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना ल्लमिशन शक्ति 5.0ङ्क के तहत रविवार को गंगानगर जोन कमिश्नरेट प्रयागराज के समस्त थानों की मिशन शक्ति टीमों ने व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया। पुलिस आयुक्त एवं अपर पुलिस आयुक्त के निर्देशन तथा पुलिस उपायुक्त गंगानगर व अपर पुलिस उपायुक्त गंगानगर के पर्यवेक्षण में महिला पुलिसकर्मियों की टीमों ने अपने-अपने थाना क्षेत्रों के प्रमुख बाजारों, कस्बों, शिक्षण संस्थानों, धार्मिक स्थलों एवं अन्य भीड़-भाड़ वाले सार्वजनिक स्थानों पर पहुंचकर महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों तथा सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। अभियान के दौरान बालिकाओं को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए सोशल मीडिया के सुरक्षित और सावधानीपूर्वक उपयोग के सुझाव दिए गए। साथ ही किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ या उत्पीड़न की स्थिति में तत्काल डायल-112 अथवा मिशन शक्ति टीम से संपर्क करने की अपील की गई। मिशन शक्ति टीम ने महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण से जुड़ी विभिन्न हेल्पलाइन सेवाओं–पुलिस आपात सेवा 112, वूमेन पावरलाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, साइबर हेल्पलाइन 1930 एवं मिशन शक्ति केंद्र–की जानकारी देते हुए पंपलेट भी वितरित किए। अभियान को महिलाओं और छात्राओं का सकारात्मक समर्थन


### सार्वजनिक सूचना

मेरे पुत्र गगनजीत सिंह ने वर्ष 2005 में हाई स्कूल की परीक्षा जिसका यू आई डी नंबर 8481638 व इंडेक्स नंबर 1257069/007 है से उत्तीर्ण किया था। जिसकी अंकतालिका व सह प्रमाण पत्र में पिता का नाम YOGINDER KUMAR SINGH अंकित हो गया है, जो गलत है। जबकि मेरा सही नाम YOGENDER KUMAR SINGH है जो मेरे आधार कार्ड पर भी अंकित है -- योगेन्दर कुमार सिंह पुत्र राम सुंदर सिंह निवासी- म0 नं0 6599ए, सेक्टर 56 पलसौरा चंडीगढ़।


# कल्पनाथ राय की जयंती पर मऊ में निःशुल्क चिकित्सा शिविर, ए.के. शर्मा ने दी श्रद्धांजलि

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मऊ। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए. के. शर्मा ने मऊ जनपद भ्रमण के दौरान स्वर्गीय कल्पनाथ राय की जयंती के अवसर पर कसारा स्थित कल्पनाथ राय इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस एंड हॉस्पिटल में आयोजित निःशुल्क चिकित्सा शिविर में सहभागिता की। इस अवसर पर उन्होंने स्वर्गीय कल्पनाथ राय के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए और उनके योगदान को स्मरण करते हुए उन्हें सच्चे अर्थों में ल्लविकास पुरुषङ्क बताया।

मंत्री श्री शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि स्वर्गीय कल्पनाथ राय ने मऊ के सामाजिक, आर्थिक और आधारभूत विकास के लिए ऐतिहासिक कार्य किए। मऊ के विकास में उनका योगदान बहुमूल्य और अविस्मरणीय रहा है। उन्होंने कहा कि कल्पनाथ राय जी के बाद जनपद का विकास ठहर गया, जिससे मऊ विकास की मुख्यधारा से पीछे छूट गया और बाहरी तत्वों का शिकार बना। ऐसे प्रतिनिधियों के चयन से जनहित और विकास दोनों को नुकसान पहुंचा, जिनका अधिकांश समय जेल में बीता। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय कल्पनाथ राय को सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि मऊ की जनता विकास के प्रति समर्पित, ईमानदार और जमीन से जुड़े लोगों को अपना प्रतिनिधि चुने। मंत्री ने दावत और अदावत की राजनीति से ऊपर उठकर विकास को ही राजनीति का केंद्र बनाने का आह्वान किया। मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि आज मऊ की पहचान माफिया से नहीं बल्कि महादेव से हो रही है, जो मजबूत कानून व्यवस्था और विकासोन्मुखी शासन का परिणाम है। उन्होंने कहा कि वे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के विकास के मार्ग का अनुसरण करते हैं और जाति की राजनीति नहीं, बल्कि विकास की राजनीति में विश्वास रखते हैं। उन्होंने बताया कि मऊ में सड़क निर्माण, बिजली व्यवस्था का सुदृढ़ीकरण, गायघाट, मंगलम परियोजना, रेलवे ओवरब्रिज सहित अनेक विकास कार्य तेजी से प्रगति पर हैं।

## रिश्वत लेकर आरोपियों को छोड़ने का आरोप, बारा थाने के दरोगा हरिशंकर की जांच शुरू

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों में फंसे सब इंस्पेक्टर हरिशंकर के खिलाफ विभागीय जांच शुरू कर दी गई है। आरोप है कि यमुनानगर जोन के बारा थाना क्षेत्र में तैनात दरोगा हरिशंकर ने कई आरोपियों को थाने में बैठाने के बाद उनसे पैसा लेकर छोड़ दिया। शिकायत मिलने के बाद उच्चाधिकारियों ने मामले का संज्ञान लिया और प्रारंभिक जांच के आदेश दिए। सूत्रों के अनुसार, आरोपों को गंभीर मानते हुए दरोगा की भूमिका की गहन पड़ताल की जा रही है। जांच में दोष सिद्ध होने पर कड़ी विभागीय कार्रवाई की संभावना जताई जा रही है। मामले को लेकर पुलिस महकमे में भी हड़कंप मचा हुआ है।

## फिल्म आदिशक्ति मुंडेश्वरी की चल रही शूटिंग



**लखनऊ/बिहार, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पल्लवी गिरी इन दिनों अपनी आगामी भोजपुरी फिल्म आदिशक्ति मुंडेश्वरी की शूटिंग में व्यस्त है, जिसकी सूटिंग बिहार के विभिन्न खूबसूरत लोकेशन पर हो रही है। फिल्म में पल्लवी गिरी भोजपुरी सिनेमा जगत के मोस्ट मल्टिटाइलेंटेड कलाकार अवधेश मिश्रा की बेटी के किरदार में दिखेंगी। फिल्म भक्ति है जो माता आदिशक्ति मुंडेश्वरी पर आधारित है। फिल्म के निर्माता पवन कुमार सिंह है! वही फिल्म के निर्देशन का बागडोर राजीव रंजन दास है! फिल्म के छायांकन आर आर प्रिंस व फिल्म के मुख्य भूमिका में पल्लवी गिरी, अवधेश मिश्रा, प्रकाश जैस, नीलम पांडेय, राहुल शिवम, प्रिया शर्मा, आदर्श केशरी व अन्य कलाकार है।

# यूपी का पहला ब्रेल पुस्तकालय खुला

## 150 से अधिक पाठकों की क्षमता, लुई ब्रेल की जयंती पर दृष्टि दिव्यांगों को मिला शिक्षा का उपहार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में मुख्य अतिथि कुलपति आचार्य संजय सिंह ने ब्रेल पुस्तकालय अनुभाग का उद्घाटन किया। इससे पूर्व उन्होंने विवि के ब्रेल प्रेस स्थित ब्रेल लिपि के जनक लुई ब्रेल के जन्म जयंती पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर नमन किया। इसके बाद कुलपति ने फीता काटकर परिसर में मौजूद स्वामी विवेकानंद केंद्रीय पुस्तकालय के प्रथम तल स्थित ब्रेल पुस्तकालय अनुभाग का उद्घाटन किया। पुस्तकालय में विवि के ही ब्रेल प्रेस से प्रकाशित यूजी व पीजी की 54 पाठ्यक्रमों के लिए एनईपी आधारित उच्च शिक्षा की 4000 से अधिक शैक्षणिक ब्रेल किताबें हैं। अनुभाग में 150 से अधिक विद्यार्थियों को बैठकर पढ़ने की क्षमता वाला एक रीडिंग रूम भी है। प्रवक्ता व पुस्तकालय प्रभारी प्रो. यशवंत वीरोदय ने बताया कि 4000 पुस्तकों वाली लाइब्रेरी में इस वर्ष ब्रेल पुस्तकों की संख्या 10 हजार करने का लक्ष्य है। ब्रेल अनुभाग में शैक्षणिक कोर्सों के अलावा कई नोवेल, ड्रामा और महापुरुषों की जीवनी आदि की भी ब्रेल पुस्तकें उपलब्ध हैं। वहीं कुलपति आचार्य संजय सिंह ने दृष्टि दिव्यांगों को सक्षम और आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विवि प्रशासन को निर्देशित किया कि दृष्टि दिव्यांगों को कंप्यूटर प्रशिक्षण दें। वहीं प्रवक्ता प्रो. यशवंत वीरोदय ने बताया कि इस पुस्कालय में बाहरी दृष्टि दिव्यांग भी आकर पढ़ाई कर सकेंगे। इसके लिए विवि ने सदस्यता शुल्क तय किया है। तीन तरह की सदस्यता( विशेष, आकस्मिक और कारपोरेट) होगी। इसके लिए अलग-अलग शुल्क निर्धारित किया गया है। इस दौरान कुलसचिव रोहित सिंह, डीन एकेडमिक्स प्रो. वीके सिंह, कुलानुशासक प्रो. सीके दीक्षित, उप कुलसचिव अनिल कुमार मिश्रा, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. आशुतोष पांडेय, चीफ प्रोवोस्ट प्रो. वीरेंद्र सिंह यादव, ब्रेल प्रेस प्रभारी डॉ. विजय शंकर शर्मा, कृत्रिम अंग व पुनर्वास केंद्र से डॉ. रणजीत कुमार, सहायक कुलसचिव बृजेंद्र सिंह के साथ तमाम दृष्टि दिव्यांग विद्यार्थी समेत कई शिक्षक और कर्मचारी मौजूद रहे।

# भोले बाबा क्रिकेट टूर्नामेंट में प्रधान एलेवन बनी चैंपियन, तिलेंडा उपविजेता

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नगराम, लखनऊ। नगराम क्षेत्र के अब्बास नगर स्थित मैदान में आयोजित भोले बाबा क्रिकेट टूर्नामेंट का रविवार को जोश, उत्साह और रोमांच के साथ भव्य समापन हुआ। सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबलों में खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन कर दर्शकों को अंत तक बांधे रखा। फाइनल मुकाबले में प्रधान एलेवन की टीम ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए तिलेंडा टीम को पराजित कर टूर्नामेंट की ट्रॉफी अपने नाम की। 15 ओवर के इस मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी तिलेंडा टीम ने आक्रामक अंदाज में खेलते हुए 118 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी प्रधान एलेवन की टीम ने संयम और आक्रामकता का शानदार संतुलन दिखाते हुए 14 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर जीत दर्ज की। समापन समारोह में 20 नंबर वार्ड के अपना दल (एस) व्यापार मंच के जिलाध्यक्ष एवं भावी जिला पंचायत सदस्य विकास पटेल ने विजेता टीम प्रधान एलेवन और उपविजेता टीम तिलेंडा को ट्रॉफी व पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। पुरस्कार वितरण के दौरान मैदान तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। टूर्नामेंट के आयोजक देवी शंकर, सतीश पांडेय एवं सुभाष गुप्ता रहे। इस अवसर पर नीरज द्विवेदी, अभिषेक सिंह, लालू सिंह, रमाकांत, श्यामजी पटेल सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी व क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे। टूर्नामेंट के सफल आयोजन ने क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के साथ आपसी भाईचारे और खेल भावना को भी मजबूत किया।

## सेवानिवृत्त होमगार्ड ने गोली मार कर की आत्महत्या

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** लखनऊ के कृष्णानगर थाना क्षेत्र से रविवार सुबह एक सनसनीखेज घटना सामने आई, जहां एक रिटायर्ड होमगार्ड का शव उनके ही घर के हाते में खून से लथपथ हालत में मिला। शव के पास उनकी लाइसेंसी बंदूक पड़ी हुई थी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और फॉरेंसिक टीम के साथ जांच शुरू की। प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। पुलिस के अनुसार रविवार सुबह करीब 9 बजे थाना कृष्णानगर क्षेत्र के ग्राम कनोसी से सूचना प्राप्त हुई कि एक बुजुर्ग व्यक्ति ने खुद को गोली मार ली है। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने देखा कि मदन गोपाल वर्मा (65), पुत्र स्व. बाबूलाल वर्मा, निवासी कनोसी, का शव घर के हाते में पड़ा हुआ था। शव खून से लथपथ था और पास में उनकी लाइसेंसी 12 बोर राइफल पड़ी मिली। गोली लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो चुकी थी। मृतक पूर्व में होमगार्ड विभाग से सेवानिवृत्त थे। थाना प्रभारी कृष्णानगर प्रद्युमन कुमार सिंह ने बताया सूचना पर तत्काल पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची। मौके पर मदन गोपाल का शव घर के हाते में पाया गया, जिनके पास उनकी लाइसेंसी 12 बोर बंदूक मौजूद थी। परिजनों से पूछताछ में जानकारी मिली है कि मृतक काफी समय से बीमार चल रहे थे और मानसिक रूप से परेशान रहते थे। प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। फॉरेंसिक टीम को मौके पर बुलाकर साक्ष्य एकत्र किए गए हैं। शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्रवाई पूर्ण कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है तथा लाइसेंसी बंदूक को पुलिस कब्जे में ले लिया गया है। मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई प्रचलित है।

## ग्राहक बनकर आया चोर, ज्वेलरी शॉप से 24 अंगूठियों से भरे दो बॉक्स लेकर फरार

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** राजधानी लखनऊ में ज्वेलरी दुकानों की सुरक्षा पर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। जानकीपुरम थाना क्षेत्र के 60 फीटा रोड स्थित खुशी ज्वेलर्स में रविवार सुबह एक शातिर चोर ग्राहक बनकर आया और सोने की अंगूठियों से भरे दो बॉक्स लेकर फरार हो गया। दोनों बॉक्स में कुल 24 सोने की अंगूठियां रखी थीं।प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना रविवार सुबह करीब 10:20 बजे की है। एक युवक बाइक से दुकान पर पहुंचा और खुद को ग्राहक बताते हुए अंगूठियां दिखाने को कहा। उसने दुकानदार से एक के बाद एक कई डिब्बे मंगवाए। इसी दौरान वह अंगूठियों को देखने के बहाने काउंटर पर बैठ गया।जब दुकानदार (सोनार) अन्य डिब्बे लेने दुकान के अंदर वाले कमरे में गया, तभी चोर ने मौके का फायदा उठाया। उसने काउंटर पर रखे दो डिब्बों को खोलकर जांचा और जैसे ही सुनिश्चित हुआ कि दोनों में सोने की अंगूठियां हैं, वह दोनों बॉक्स एक-एक हाथ में लेकर तेजी से दुकान से बाहर निकल गया। अगले ही पल जब दुकानदार बाहर आया, तब तक आरोपी फरार हो चुका था।घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के इलाकों में लगे कैमरों की भी जांच कर रही है, ताकि आरोपी की लोकेशन और भागने के रास्ते का पता लगाया जा सके।इस मामले में इंस्पेक्टर जानकीपुरम विनोद तिवारी ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान की जा रही है। आरोपी की गतिविधियां ट्रेस की जा रही हैं और जल्द ही गिरफ्तारी की जाएगी।दिनदहाड़े हुई इस चोरी की घटना ने व्यापारियों में दहशत पैदा कर दी है वहीं पुलिस की सक्रियता और सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठने लगे हैं।

## तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से महिला गंभीर, मुकदमा दर्ज

**निगोहां, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के शेरपुर लवल गांव के समीप हाईवे पर बीते 25 दिसंबर को हुए सड़क हादसे में एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। पीड़िता पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने शनिवार को मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शेरपुर लवल निवासी प्रेमा सिंह की बहन पैदल जा रही थीं, तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार मोटरसाइकिल यूपी 33 बी डब्ल्यू 8026 ने लापरवाही से टक्कर मार दी। हादसे में महिला के पैर में फ्रैक्चर सहित गंभीर चोटें आईं। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। निगोहां थाना प्रभारी अनुज तिवारी ने बताया कि मिली तहरीर के मुताबिक मुकदमा दर्ज किया गया है पुलिस चालक की तलाश में जुट गई है।

## मजदूरी करके लौट रहे युवक का हुआ एक्सीडेंट

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गोसाईगंज कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत गांव अहिरन ढकवा गांव के लखनऊ से मजदूरी करके लौट रहे एक युवक की अज्ञात वाहन एक्सीडेंट हो गया । घायल को प्राथमिक उपचार हेतु गोसाईगंज सी एच सी ले जाया गया।दुर्घटना में घायल हुए सलोनी गांव निवासी गुरु प्रसाद को गंभीर चोटें आए हैं। राहगीरों की सूचना पाने के बाद घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने घायल गुरु प्रसाद पुत्र राम प्रसाद को गोसाईगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां पर उसका इलाज जारी है। घायल के परिजनों को सूचना भेज दी गई है। डॉक्टर कहा कि अभी इलाज चल रहा है। आवश्यक हुआ तो उसे श्यामा प्रसाद मुखर्जी (सिविल) रेफर किया जाएगा।

## चांद सराय ग्राउंड पर शुरू हुआ क्रिकेट टूर्नामेंट



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** लखनऊ के गोसाईगंज क्षेत्र में आयोजित आदर्श क्लब 11वॉ क्रिकेट टूर्नामेंट का चांद सराय क्रिकेट ग्राउंड पर रविवार को शुभारम्भ हुआ।
इस अवसर पर राज्य मंत्री दानिश आजाद अंसारी, विधायक अमरेश कुमार, ब्लॉक प्रमुख संघ के लखनऊ जिला अध्यक्ष विनय वर्मा डिंपल, भाजपा नेता अविचल शुक्ल, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष कुंवर बासित अली, युवा मोर्चा प्रदेश मंत्री शिवेंद्र प्रताप शाही, भूपेंद्र प्रताप सिंह उपस्थित रहे। आयोजक मोहित वर्मा एवं अनुपम सिंह ने आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया। कॉमेंटेटर मोहित डेविड ने बेहतरीन अंदाज में पूरे दिन मैचों का आंखों देखा हाल सुनाया। पूर्व प्रधान कासिमपुर बिरूहा महेश प्रधान के साथ क्षेत्र के कई सम्मानित प्रधान, अधिवक्ता व प्रबुद्ध लोग कार्यक्रम में उपस्थित रहे। आए हुए सभी आगंतुकों के लिए भोजन की व्यवस्था भी की गई थी।

## बिना बताए घर से लापता हो गया राजेश, गुमशुदगी दर्ज

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गोसाईगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव मोहम्मदपुर गढ़ी के 15 वर्षीय राजेश घर में बिना बताए एक जनवरी को लापता हो गया।परिजनों की ओर से इसकी रिपोर्ट 3 जनवरी 2026 दर्ज कराई गई है। लापता के परिवारी जानो के मुताबिक 2 जनवरी 2026 को रजनीश पुत्र राजेश प्रातः 9 बजे घर से घर में किसी को कुछ बताए बिना ही लापता हो गया। उसके काफी देर तक नही घर नहीं लौटने पर परिजनों ने खोज बीन शुरू कर दी। दिन भर तलाश के बाद भी जब गुमशुदा का सुराग नहीं लगा तो 3 जनवरी को गुमशुदगी दर्ज कराई गई। लापता होने के समय रजनीश ने काले रंग की जैकेट और इसी रंग की पेंट पहन रखी थी। उसने पैरों में सफ़ेद रंग के जूते थे।

# हिन्दू जागरण सम्मेलन को लेकर समीक्षा बैठक सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। अम्बेडकर नगर (गोमती नगर फ़ेस-2) स्थित विनम्र खण्ड में आज हिन्दू जागरण सम्मेलन की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक पूरब भाग के कार्यवाहक ज्योति प्रकाश की अध्यक्षता में प्रखर निगम के आवास पर सम्पन्न हुई।

बैठक को संबोधित करते हुए ज्योति प्रकाश ने बताया कि नगर की सभी बस्तियों में चरणबद्ध रूप से हिन्दू जागरण सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। प्रत्येक बस्ती के लिए कार्यक्रम की तिथियां निर्धारित कर दी गई हैं तथा 31 जनवरी 2026 को अंतिम सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इससे पूर्व सभी बस्तियों में सम्मेलन सम्पन्न कराने का लक्ष्य रखा गया है।

उन्होंने कहा कि हिन्दू जागरण सम्मेलन किसी एक संगठन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि सम्पूर्ण हिन्दू समाज का सामूहिक प्रयास है। इसमें विभिन्न सामाजिक संगठनों, धार्मिक संस्थाओं के प्रमुखों और समाज के सभी वर्गों की सहभागिता सुनिश्चित की जानी चाहिए। प्रत्येक बस्ती में निवास करने वाला हर हिन्दू इस कार्यक्रम से जुड़े, यही स्वयंसेवकों का मुख्य उद्देश्य होना चाहिए।

बैठक में नगर संघचालक जगबीर सिंह, नगर कार्यवाह चेतन, नगर सह संघचालक रुद्र नारायण, नगर व्यवस्था प्रमुख सुधीर सहगल, नगर बौद्धिक प्रमुख फूलचंद, पूरब भाग सह संपर्क प्रमुख प्रमोद सिंह, चन्द्रशेखर पांडे, योगेश्वर, प्रदेश अध्यक्ष एकल ग्रामोत्थान फाउंडेशन अनिल बंसल, हिन्दू जागरण सम्मेलन चिनहट द्वितीय वार्ड के भाजपा समन्वयक प्रदीप मिश्रा सहित नगर के अन्य स्वयंसेवक उपस्थित रहे। बैठक में आगामी सम्मेलनों की रूपरेखा और जनसंपर्क को और अधिक प्रभावी बनाने पर भी चर्चा की गई।

# हिन्दू समाज को तोड़ने का काम कर रहे तथाकथित राजनेता : अनिल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ( आरएसएस) पूर्वी उत्तर प्रदेश के क्षेत्र प्रचारक अनिल ने रविवार को गंगोत्री इन्क्लेव में आयोजित हिन्दू सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि हिन्दू समाज को टुकड़े-टुकेड़े में तोड़ने का काम देश के तथाकथित राजनेताओं के द्वारा किया जा रहा है। यह हिन्दू समाज को समझना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि प्रबुद्ध वर्ग भी कभी-कभी जातिगत झांसे में आ जाता है। इसका सबसे बड़ा प्रमाण है कि तथाकथित राजनेताओं ने हमारे देवी-देवताओं को बांटा। राम आपके,कृष्ण आपके,दुर्गा आपकी। इससे भी पेट नहीं भरा तो इन्होंने महापुरूषों का भी जाति में बंटवारा कर दिया। क्षेत्र प्रचारक ने कहा कि किसी महापुरूष ने एक जाति के लिए काम नहीं किया। महापुरूषों ने सर्व समाज के लिए काम किया। इसी आधार पर उन्हें महापुरूष बनाया गया। लेकिन देश के तथाकथित

**तथाकथित राजनेताओं ने हमारे देवी-देवताओं व महापुरूषों को जातियों में बांटा**

बुद्धिजीवियों के द्वारा महापुरूषों का बंटवारा कर दिया गया। हम सबको मिलकर सभी महापुरूषों की जयंती मनानी चाहिए। जातियों के आधार पर महापुरूषों का बंटवारा करने वाले तथाकथित राजनेताओं को ठीक प्रकार से जवाब देना पड़ेगा। अनिल ने कहा कि दुनिया में लोकतंत्र अलग-अलग देशों में है। किसी देश में जाति की पार्टी नहीं है। दुनिया में एकमात्र देश भारत है जहां हर जाति की पार्टी बनाई जा रही है। यह किसकी बुद्धी है। समाज को तोड़ने के षड़यंत्र को समझना होगा। क्षेत्र प्रचारक ने कहा कि बाबा साहब डा.आम्बेडकर ने कहा था कि शिक्षित बनो, संगठित बनो। किसी एक जाति के लिए नहीं कहा था। लेकिन उनके भाषण को तोड़मरोड़ कर सुनाया जाता है। महामना पंडित मदन मोहन मालवीय ने हिन्दू विश्वविद्यालय की स्थापना सम्पूर्ण हिन्दू समाज के लिए बनाया। जहां हिन्दू घटा वह भाग देश से कटा। दुनिया में हिन्दुओं को संरक्षण देने वाला एकमात्र देश भारत है। हम को संगठित होना पड़ेगा। जाति के बंधनों से ऊपर उठना पड़ेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता हनुमान गढ़ी अयोध्या के महंत राजू दास ने किया। इस अवसर पर सरोजनी नगर विधानसभा के विधायक राजेश्वर सिंह व लोकेश अवस्थी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर सामाजिक समरसता गतिविधि के प्रान्त प्रमुख राजकिशोर ने कहा कि हमारे मंदिर जन जागृति का केन्द्र बनें। पंच परिवर्तन व्यक्ति परिवार तथा समाज के आचरण में अभिव्यक्त हो। संवाद नगर की जियामऊ बस्ती का हिन्दू महासम्मलन कल्याण मण्डप में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में लखनऊ विभाग के विभाग कार्यवाह अमितेश उपस्थित रहे। सुभाष नगर की सदर बस्ती का हिन्दू सम्मेलन रामलीला मैदान सदर बाजार में संपन्न हुआ।

# दिन-रात बेखौफ फर्राटा भरती हैं ट्रेनर दीदी और 60 सहेलियां, सेफ मोबिलिटी से बन रहीं लखपति

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में महिला सशक्तिकरण अब सिर्फ नारा नहीं, बल्कि हकीकत बन चुका है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन से गोरखपुर की मंशा देवी ने न केवल खुद को आत्मनिर्भर बनाया, बल्कि 60 से अधिक महिलाओं को भी रोजगार और सम्मानजनक आजीविका से जोड़ा है। स्वयं सहायता समूह से जुड़कर एक वर्ष में वे लखपति दीदी बन गई हैं। अब मंशादेवी 26 जनवरी को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करेंगी। कभी सीमित आय में जीवन चलाने वाली मंशा देवी आज ई-रिक्शा ट्रेनर के रूप में दिन-रात बेखौफ फर्राटा भर रही हैं और दूसरी महिलाओं को भी आत्मविश्वास की चाबी थमा रही हैं।

स्वयं सहायता समूह से जुड़कर समूह सखी के रूप में काम करने वाली मंशा देवी के पास पहले कोई विशेष आय का जरिया नहीं था। सेफ मोबिलिटी कार्यक्रम से जुड़ने के बाद उनकी जिंदगी की दिशा बदल गई। आज उनकी मासिक आय 20 से 30 हजार रुपये तक पहुंच चुकी है। जिससे साल भर में करीब ढाई से तीन लाख रुपए तक की आय होती है। सेफ मोबिलिटी कार्यक्रम राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की मिशन निदेशक दीपा रंजन के निर्देशन में डेवलपमेंट अल्टरनेटिव्स एवं आजीविका मिशन के बीच हुए एक अनुबंध के अन्तर्गत चल रहा है।

मंशादेवी ने ब्रह्मपुर ब्लॉक सहित गोरखपुर जिले की 60 से अधिक महिलाओं को ड्राइविंग, लाइसेंस और उद्यमिता का प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाया है। सरकारी योजनाओं से मिले मजबूत वित्तीय सहयोग और सुरक्षित परिवहन के माहौल ने महिलाओं के लिए नई राह खोली है। सड़कों पर आत्मविश्वास और स्वाभिमान के साथ ई-रिक्शा चलाती ये महिलाएं प्रदेश में बदले सामाजिक-आर्थिक वातावरण की गवाही दे रही हैं।

एक समय आय का कोई साधन नहीं था। तभी मंशा देवी को सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर चलाई जा रही योजनाओं का पता चला। सेफ मोबिलिटी प्रोग्राम के जरिए अब उन्हें स्थायीआय होने लगी है। अब मंशादेवी को प्रतिदिन 800 से हजार रुपये की आमदनी हो रही है। मंशा देवी ने अपने गांव की दूसरी महिलाओं को भी ट्रेंड करना शुरु किया। धीरे धीरे जिले के अन्य ब्लॉकों की करीब 60 महिलाओं को समूह से जोड़कर ट्रेनिंग दी, जिसके जरिए अब सभी महिलाएं निश्चित आय से अपने परिवार की जिम्मेदारी संभाल रही हैं।

मंशा देवी को मुद्रा योजना से 1.25 लाख रुपये और ब्लॉक स्तर से एक लाख रुपए की सहायता मिली। जिसके बाद उनके काम ने रफ्तार पकड़ी। उनके समूह की 60 अन्य महिलाएं सुरक्षित माहौल में अब दिन-रात आत्मविश्वास के साथ ई-रिक्शा चला रही हैं। मोबिलिटी प्रोग्राम के जरिए महिला सुरक्षा, स्वरोजगार और आत्मनिर्भरता एक साथ आगे बढ़ रहे हैं।

# जरूरतमंदों में बांटे गर्म कपड़े व खाद्य पदार्थ



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। पिंक पावर लेडीज क्लब द्वारा रविवार को जलालपुर फाटक डी ब्लाक और सिटी मान्टेसरी स्कूल व राजाजीपुरम के पास झुग्गी झोपडी में कड़कडाती ठंड से बचाने के लिए बच्चों व बडों को स्वेटर, शाल व गर्म कपड़ों का तथा बिस्किट चिप्स आदि खाद्य पदार्थों का वितरण किया। क्लब की संयोजिका रुचि अरोरा के संयोजन में हुए कार्यक्रम में किरन रानी सह संयोजिका, शशि प्रभा सिंह महामंत्री, मंजुला रानी संगठन मंत्री, पूनम गुप्ता, कविता छाबडा, रागिनी विवेक, अंजू अरोरा व अन्य मौजूद रही।

## गोमती तट पर जश्न-ए-पहाड़, उत्तरायणी कौथिग 2026 का भव्य आगाज 14 जनवरी से

# 15 दिनों तक गूंजेगी लोक संस्कृति, जीवंत होगा उत्तरायणी कौथिग उत्सव

## लोकगीतों में झलकेगा पहाड़ की पीड़ा और गर्व, जैविक अनाज बिखेरेगी खुशबू

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। जब ढोल-दमाऊ की थाप पर झोड़ा-यडिया की लय थिरकेगी, लोकगीतों में पहाड़ की पीड़ा और गर्व झलकेगा और गोमती तट पर ऊनी वस्त्रों, बाल मिठाई व जैविक अनाज की खुशबू बिखरेगी- तब समझिए लखनऊ में उत्तरायणी कौथिग 2026 अपने पूरे वैभव के साथ जीवंत हो चुका होगा। उत्तरायणी कौथिग नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने के साथ सर्वसमाज को प्रेम, सद्भाव और सांस्कृतिक एकता का संदेश देगा।

पर्वतीय महापरिषद लखनऊ अपने समाज एवं संस्कृति सेवा के 25 वर्ष (रजत जयंती वर्ष) पूरे होने के उपलक्ष्य में 14 से 28 जनवरी 2026 तक 15 दिवसीय इस ऐतिहासिक आयोजन का भव्य आयोजन कर रहा है। भारत रत्न पं. गोविन्द बल्लभ पंत पर्वतीय सांस्कृतिक उपवन बीरबल साहनी मार्ग (खाटू श्याम मंदिर के निकट) गोमती तट पर प्रतिदिन सुबह 10 बजे से रात 10 बजे तक चलने वाला यह कौथिग पूरी तरह निःशुल्क होगा।

14 जनवरी को उत्तराखंड के संत-महात्माओं की उपस्थिति में रामलीला मैदान से मेला स्थल तक निकलने वाली विशाल शोभायात्रा कौथिग की भव्य शुरुआत करेगी। इस दौरान पर्वतीय गौरव से जुड़े विशिष्ट व्यक्तित्वों को सम्मानित किया जाएगा। 15 जनवरी को सेना दिवस पर भारतीय सेना को समर्पित विशेष कार्यक्रम आयोजित होगा। इसके साथ ही अपनी भाषा-बोली पर वक्तृत्व प्रतियोगिता, लोक गाथाओं पर आधारित नृत्य-नाटिकाएं, झोड़ा-यडिया की 40 टीमों के साथ 2000 से अधिक महिलाओं की सहभागिता कौथिग को नारी शक्ति का उत्सव बनाएगी। पारंपरिक छपेली नृत्य प्रतियोगिता 'झूमिगो-2026' (सेशन-4) में कुल एक लाख रुपये के आकर्षक पुरस्कार रखे गए हैं। वहीं 'पहाड़ी धुनों पर देसी ठुमका' प्रतियोगिता और विभिन्न राज्यों के सांस्कृतिक दलों की प्रस्तुतियां दर्शकों को बांधे रखेंगी। प्रतिदिन होने वाली स्टार नाइट में लोकगीतों के नामी कलाकार समां बांधेंगे। माता-पिता पूजन का सामूहिक कार्यक्रम, उत्तराखंड के राज्य आंदोलनकारियों का सम्मान और समाज के 25 लब्धप्रतिष्ठ एवं महापरिषद के पूर्व पदाधिकारियों का अभिनंदन कौथिग को सामाजिक सरोकारों से जोड़ता है। विद्यार्थियों के लिए करियर काउंसलिंग के सामान्य व व्यक्तिगत सत्र भी खास आकर्षण होंगे।

### 200 से अधिक स्टॉल, पहाड़ की पूरी दुनिया एक जगह

मेले में 200 से अधिक स्टॉलों पर जैविक दालें, मसाले, सब्जियां, फल, अल्मोड़ा की मशहूर बाल मिठाई, ऊनी वस्त्र, बर्तन और कृषि उत्पाद उपलब्ध रहेंगे। मानो पूरा पहाड़ गोमती तट पर सिमट आया हो।

### उत्तरायणी कौथिग : आस्था, इतिहास और जनचेतना का जीवंत उत्सव

पर्वतीय महापरिषद उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष गणेश चन्द्र जोशी ने बताया कि उत्तराखण्ड राज्य गठन के बाद लखनऊ की 32 सामाजिक-सांस्कृतिक संस्थाओं की ओर से गठित शीर्ष संस्था पर्वतीय महापरिषद अपने समाज एवं संस्कृति सेवा के 25 वर्ष पूर्ण कर रही है। विगत 17 वर्षों से आयोजित हो रहा उत्तरायणी कौथिग इस बार और भी दिव्य-भव्य होगा। इसमें पर्वतीय लोक कला, लोक संस्कृति और सांस्कृतिक आयोजनों के साथ 150 से अधिक स्टॉल लगाए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि मकर संक्रांति पर सूर्य के धनु से मकर राशि में प्रवेश को उत्तराखण्ड में उत्तरायणी कहा जाता है। इसी अवसर पर लगने वाले मेलों को कौथिग या कौतिक कहा जाता है। यह पर्व केवल धार्मिक नहीं, बल्कि ऐतिहासिक चेतना का भी प्रतीक है। इसी दिन बागेश्वर में अंग्रेजी हुकूमत की कुली बेगार प्रथा के विरोध में जनआंदोलन की शुरुआत हुई थी। हजारों लोगों ने सरयू-गोमती के संगम पर कुली रजिस्टर फाड़कर बहा दिए थे, जिसे उत्तराखण्ड के स्वतंत्रता संग्राम की पहली चिंगारी माना जाता है।

# खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

## एक दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पिपरिया धनी खीरी। कस्बा रेहरिया स्थित गोला मोहम्मदी रोड हाईवे पर आज दिन रविवार को खेल प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सैयद राज हुसैन राना प्रभारी भाजपा लखीमपुर खीरी अल्पसंख्यक मोर्चा राष्ट्रीय भारतीय समाज कल्याण सेवा संगठन व विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य तौहिद खान,ग्रंट साहबगंज प्रधान सुदेश कुमार,समाजसेवी अमरजीत सिंह ने फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया वह लाइनअप करके एक दूसरे खिलाड़ियों से परिचय लिया वहीं परिचय के बाद कहां की खेल खेलने से एक दूसरे खिलाड़ियों में भाईचारा होती हैं 5000 मीटर मैराथन बालक में प्रथम स्थान पर पंकज यादव लखनऊ को 5100 नगद पुरस्कार व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।द्वितीय स्थान अभिषेक सीतापुर को 3100 नगद पुरस्कार ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। तृतीय स्थान राजपूत सीतापुर ?1100 नगद पुरस्कार देकर ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।300 मी बालिका मैराथन में प्रथम स्थान सृष्टि वर्मा को गोला को ?3100 नगद पुरस्कार देकर ट्रॉफी देकर सम्मानित किया द्वितीय स्थान रुचि श्रीवास्तव सीतापुर ?2100 नगद पुरस्कार का ट्रॉफी देकर सम्मानित किया चौथा स्थान सारंगा देवी मैगलगंज मेडल सोफिया गोला मेडल अंजलि गोला मेडल शीतल वर्मा गोला मेडल वाटिका मिश्रा महोलीमेडल। 1500 मी बालक पंकज यादव लखनऊ ?3100 ट्रॉफी देकर सम्मानित किया शोभाराम महोली ?2100 नगद पुरस्कार ट्रॉफी देकर सम्मानित किया तिथि अनिल कुमार गोला ?1100 नगद ट्रॉफी देकर सम्मानितकिया।

800 मीटर बालक पंकज यादव लखनऊ ?2100 नगद प्रथम स्थान,द्वितीय स्थान शोभाराम मौर्य महोली ?2100 नगद पुरस्कार,तृतीय स्थान ज्ञानेश्वर शाहजहांपुर ?600 नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। 600 मीटर बालिक में शोभा मौर्य महोली द्वितीय स्थान,गुलाब सिंह मैगलगंज, सीतापुर तृतीय स्थान पंकज यादव लखनऊ खिलाड़ियों को मुख्य अतिथियों के द्वारा स्मृति पुरस्कार सम्मानित किया। वहीं खेल में रुचि रखने के लिए ढेर सारी बधाई दी।इस मौके इस मौके पर कमेटी सदस्य मोहम्मद आबिद अली, सुलेमान सलमानी, मोहम्मद राज, मोहम्मद आलिम, नसरत अली, विशाल गुप्ता, विमलेश कुमार, सद्दाम हुसैन, शमशाद गाजी,सोहेल गाजी,शादाब मोहम्मद, दानिश मोहम्मद,जावेद गाजी, हारून गाजी, डॉक्टर मोहम्मद कासिम, सुल्तान गाजी,मोहम्मद सलीम गाजी,समीर हुसैन,बिलाल खान,तौहिद इंग्लैंड आदि मौके पर मौजूद रहें।

# वित्त मंत्री ने ओपन जिम का किया लोकार्पण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। उत्तर प्रदेश सरकार के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने मोहल्ला लोधीपुर वार्ड -3 के सिटी पार्क के तीन पार्कों में नगर निगम द्वारा राज्य स्मार्ट सिटी योजना के अंतर्गत नव निर्मित कराए गए ओपन जिम का लोकार्पण किया। इस दौरान वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने जिम का परीक्षण किया। इस मौके पर निवर्तमान जिला पंचायत अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह यादव, सफाई कर्मचारी आयोग के पूर्व अध्यक्ष सुरेन्द्र नाथ वाल्मीकि, नगर आयुक्त बिपिन कुमार मिश्रा, अपर नगर आयुक्त एसके सिंह, क्षेत्रीय पार्षद रूपेश कुमार वर्मा अन्नू सहित नगर निगम के संबंधित अधिकारी व कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

# श्रीमदभागवत कथा एवं राम यज्ञ का हो रहा आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




मछरेहटा, सीतापुर। सांई धाम बारेपारा में बीर बजरंग बली के दरबार में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा एवं राम यज्ञ कार्यक्रम के पंचम दिवस पर आचार्य सोनू चंचल जी महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित किया। उन्होंने अपने प्रवचन में ''ईश्वर अंश जीव अविनाशी'' इस मूल मंत्र के माध्यम से जीवात्मा के दिव्य और शाश्वत स्वरूप पर प्रकाश डाला।

महाराज जी ने कहा कि प्रत्येक प्राणी में परमात्मा का वास है और मनुष्य का वास्तविक लक्ष्य इसी अविनाशी आत्म-तत्व को पहचानना है। उन्होंने भागवत एवं रामायण के प्रसंगों द्वारा इस तथ्य की व्याख्या की। इस अवसर पर हवन-यज्ञ भी संपन्न हुआ, जिसमें भक्तों ने राम नाम की आहुतियाँ डालकर सामूहिक कल्याण की कामना की। भक्त निर्मल शुक्ला कहा ईश्वर को तथा ईश्वर की भक्ति को पाने के लिए श्रीमद् भागवत कथा श्रवण करना बहुत जरूरी है और कथा सुनने के उपरांत प्रसाद तथा चल रहे भंडारे में भगवान के भोग का प्रसाद जरूर लें कार्यक्रम स्थल पर बड़ी संख्या में पुरुष, महिलाएं एवं बुजुर्ग श्रद्धालु उपस्थित थे, जिन्होंने पंचम दिवस की कथा का पूरे मन से लाभ उठाया। मंदिर परिसर भक्ति गीतों और मंत्रोच्चार से गूंज उठा। यह आध्यात्मिक महोत्सव अगले दो दिनों तक जारी रहेगा, जिसके समापन पर महाआरती एवं भंडारे का आयोजन प्रतिदिन किया जा रहा है।

# कमलेश मौर्य मृदु की अध्यक्षता में आंग्ल नव-वर्ष कवि गोष्ठी संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। भारतीय स्टेट बैंक कालोनी जानकीपुरम में राष्ट्रीय कवि संगम लखनऊ उत्तर इकाई व प्रेरणा परिवार के संयुक्त तत्वावधान में '' आंग्ल नव-वर्ष कवि गोष्ठी'' संपन्न हुई । कविगोष्ठी की अध्यक्षता कवि संगम के राष्ट्रीय मंत्री साहित्य भूषण कमलेश मौर्य ''मृदु'' ने की। कविगोष्ठी का शुभारंभ करते हुए प्रतापगढ़ से पधारे आशुतोष तिवारी आशु ने मंगल कामना व्यक्त करते हुए कहा

हमेशा की तरह से देश फिर से बीस हो जाये.
धरा पर भारती का फिर से उन्नत शीष हो जाये.
मनोरथ है यही भगवान से नव वर्ष पर मेरी,
जहाँ भर में सभी से हिन्द ये छब्बीस हो जाये।

प्रेरणा परिवार के संस्थापक व प्रेरणा पत्रिका के संपादक शाहजहांपुर से पधारे व्यंग्यकार विजय तन्हा ने कहा

बढ़े देश का विश्व में नित- नूतन उत्कर्ष।
मंगलमय हो सभी को अंग्रेजी नववर्ष।।

बाराबंकी से पधारे काव्य कल्याणी पत्रिका के संस्थापक हास्य-व्यंग्य कवि संदीप अनुरागी ने सभी को नववर्ष की बधाई देते हुए कहा

बढ़े दबदबा विश्व में भारत का हर ओर।
छब्बिस में भारत बने दुनिया में सिरमौर।।

संचालन व अध्यक्षता कर रहे साहित्य भूषण कमलेश मौर्य मृदु ने राष्ट्रीय अस्मिता को रेखांकित करते हुए नववर्ष की बधाइयां दीं

नव-वर्ष में हर्ष मिले सबको निज राष्ट्र को कीर्ति अपार मिले।
जिन्हें राष्ट्र की अस्मिता से नहीं प्यार उन्हें तगड़ी फटकार मिले।
''मृदु'' पाक व बांग्ला में उत्पात मचाते उन्हे दुत्कार मिले।
गजवा का जो देखते स्वप्न उन्हे बहत्तर हूरों का उपहार मिले।

भारतीय स्टेट बैंक लखनऊ में विधि अधिकारी संदर्भ मौर्य ने उपस्थित जनों का स्वागत किया व श्रीमती रोशनी कुशवाहा ने आभार प्रकट किया।

# भव्य शोभायात्रा के साथ मैंगलगंज में मनाया गया गुरु गोविन्द सिंह का प्रकाशपर्व



कैनविज टाइम्स संवाददाता

मैगलगंज खीरी । मैंगलगंज कस्बे सहित पूरे क्षेत्र में सिख धर्म के दसवें गुरु, गुरु गोविन्द सिंह जी का 359वां प्रकाशपर्व बड़ी ही श्रद्धा, उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सिख समुदाय के हजारों पुरुषों, महिलाओं एवं बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और नगर का माहौल पूरी तरह धार्मिक रंग में रंग गया।

प्रकाशपर्व के उपलक्ष्य में नगर में भव्य संकीर्तन शोभायात्रा निकाली गई, जो प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। शोभायात्रा में सबसे आगे पंचप्यारे चल रहे थे, जो श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बने रहे। गुरु ग्रंथ साहिब जी को सुसज्जित वाहन में विराजमान किया गया, जिसके साथ संगत 'वाहे गुरु' के जयकारे लगाते हुए चल रही थी। पूरे नगर में कीर्तन, शबद और गुरुवाणी की मधुर ध्वनि गूंजती रही।

शोभायात्रा में गतका पार्टी के कलाकारों ने पारंपरिक सिख युद्धकला का प्रदर्शन करते हुए तलवार, लाठी और अन्य हथियारों से हैरतअंगेज करतब दिखाए। उनके साहसिक प्रदर्शन को देखकर लोग आश्चर्यचकित रह गए और तालियों की गड़गड़ाहट से कलाकारों का उत्साह बढ़ाते नजर आए। इस दौरान नगरवासियों द्वारा जगह-जगह शोभायात्रा का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। श्रद्धालुओं के लिए शरबत, चाय-पानी और लंगर की भी व्यवस्था की गई, जिसमें सभी धर्मों के लोगों ने सहभागिता निभाई। प्रकाशपर्व के आयोजन ने आपसी भाईचारे, एकता और सेवा भाव का संदेश दिया। कार्यक्रम के समापन पर सिख समाज के वरिष्ठ लोगों ने गुरु गोविन्द सिंह जी के जीवन, त्याग और बलिदान पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। पूरे आयोजन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था भी चाक-चौबंद रही, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

# नि:शुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर आयोजित



कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। वामा वेलनेस समिति के अन्तर्गत पुलिस लाइन में निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों और उनके परिवारजनों के स्वास्थ्य का संरक्षण तथा सर्दी के चलते मौसमी बीमारियों से बचाव एवं उपचार सुनिश्चित करना था। शिविर में पुलिस परिवारों के बच्चों, किशोर-किशोरियों, बुजुर्गों, पुलिस विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों और रिक्रूट महिला आरक्षियों का चिकित्सीय परीक्षण किया गया। साथ ही उन्हें उपयुक्त होम्योपैथिक दवाएं वितरित की गईं। इस दौरान विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा उपस्थित जनसमूह को रोगों के कारण, लक्षण, बचाव के उपाय, खान-पान एवं जीवनशैली संबंधी आवश्यक परामर्श भी दिया। इस दौरान वामा सारथी प्रभारी रूबी ने बताया कि वामा वेलनेस समिति द्वारा आगे भी पुलिस परिवारजनों के कल्याण एवं स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए इसी तरह के कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित किए जाते रहेंगे। इस दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन, आरटीसी प्रभारी महिला आरक्षी ऊषा चहल, पुलिस लाइन के अन्य अधिकारी व कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में रिक्रूट महिला आरक्षी मौजूद रहे।

## जलालाबाद पुलिस के हत्थे चढ़ा वांछित जेबकतरा, भेजा जेल



शाहजहांपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना जलालाबाद पुलिस टीम ने वांछित जेबकतरा को गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से पुलिस टीम ने चोरी किए गए 75 हजार रूपए भी बरामद किए हैं।

थाना जलालाबाद में बीती 02 दिसम्बर 2025 को रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि ई-रिक्शा चालक पंकज और उसके साथी धर्मेन्द्र ने वादी की जेब में रखे एक लाख 35 हजार रुपए चोरी किए हैं। पुलिस विवेचना में थाना कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला अजीजगंज निवासी सनी उर्फ हउआ, सोनू, फर्रूखाबाद के थाना कादरी गेट क्षेत्र के रवि, आकाश का नाम प्रकाश में आया। इसी क्रम में पुलिस टीम ने वांछित अभियुक्त सोनू पुत्र मुन्ना लाल को उसके घर से गिरफ्तार किया। जिसके कब्जे से पुलिस ने चोरी किए गए 75 हजार रूपए बरामद किए। पुलिस इस मुकदमें के अभियुक्त सनी उर्फ हउआ और रवि पुत्र रामप्रकाश को 02 दिसम्बर 2025 को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। पुलिस चैथे अभियुक्त आकाश पुत्र अशर्फीलाल की तलाश में है। पकड़े गए अभियुक्त ई-रिक्शों में बैठकर लोगों की जेब काटते थे, अथवा उनका कीमती सामान लेकर भाग जाते थे। घटना को अंजाम देते समय उनका एक साथी बाइक पर रहता था। पकड़े गए अभियुक्त पर चोरी, अपहरण, आबकारी अधिनियम, हत्या का प्रयास आदि के डेढ़ दर्जन से अधिक मामले विभिन्न थानों में दर्ज हैं। फिलहाल, पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को जेल भेज दिया है।

## रोडवेज चालकों व परिचालको के लिए लगाया नेत्र परीक्षण शिविर



शाहजहांपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। शासन के निर्देश पर जनपद में 01 जनवरी से 31 जनवरी 2026 तक सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है। जिसके तहतह उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम (रोडवेज बस स्टैन्ड) पर वाहन चालकों और परिचालकों के लिए नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला चिकित्यालय के नेत्र परीक्षक आषीष कुमार सिंह ने 26 चालकों व परिचालकों सहित अन्य व्यक्तियों का नेत्र परीक्षण किया। जोकि पूरी तरह से स्वस्थ मिले। उनमें चस्में सहित किसी की आंख में नेत्र दोष नहीं पाया गया। शिविर में क्षेत्राधिकारी यातायात संजय कुमार सिंह, यात्री/माल कर अधिकारी आरपी गौतम, सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक अरूण कुमार, स्टेशन इंचार्ज सुशील कुमार त्रिवेदी, यातायत उप निरीक्षक विनय कुमार पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

# उर्स शरीफ पर पूरी रात चली कव्वालियों की महफिल, झूमें अकीदतमंद



कैनविज टाइम्स संवाददाता

तिलहर/शाहजहांपुर। हजरत सैयद शाह शमसुद्दीन मियां के चल रहे सालाना उर्स शरीफ के मौके पर पूरी रात कव्वालियों की महफिल चली। इस दौरान अरशद कामली कव्वाल और शमीम वारसी कव्वाल ने अपने सुमधुर कलाम पेशकर समां बांध दिया। महफिल में मन कुन्तो मौला, दमादम मस्त कलंदर सहित कई मशहूर कलाम पेश किए गए। कव्वालियों की रूहानियत और सूफियाना अंदाज ने मौजूद अकीदतमंदों को झूमने पर मजबूर कर दिया। उर्स परिसर में रोशनी, सजावट और अनुशासन की बेहतर व्यवस्था रही। कार्यक्रम में अमन, भाईचारे और आपसी सौहार्द का संदेश दिया गया। इसी क्रम में सज्जादा नशीन इकबाल हुसैन उर्फ फूल मियां की ओर से सामाजिक और प्रशासनिक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले तिलहर कोतवाल जुगल किशोर पाल, अपराध निरीक्षक सुनील कुमार यादव, होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. गौरव कौशल को शॉल एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। फूल मियां ने कहा कि उर्स शरीफ का उद्देश्य केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि समाज में सेवा, सद्भाव और मानवता के मूल्यों को मजबूत करना है। कार्यक्रम में रहतुल्लाह खान, साबिर खान, सगीर खान, इलियास बेग, सोहेल अहमद खान, शकील मियां, मोहम्मद शरीफ कुरैशी, इशरत कुरैशी, चांद साबरी, मनोज प्रबल, शोएब वारसी, फुरकान कुरैशी, जफर कुरैशी आदि सहित आसपास के इलाकों से आए सैकड़ों जायरीन मौजूद रहे।

# प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता की मांग पर नैमिषारण्य मण्डल गठन की प्रक्रिया तेज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी । भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री एवं विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) अनूप गुप्ता जी ने सरकार से सीतापुर, हरदोई एवं लखीमपुर खीरी जनपदों को सम्मिलित करते हुए ñनैमिषारण्य मण्डल (कमिश्नरी)ò के गठन की औपचारिक मांग की है। इस मांग को लेकर शासन स्तर पर गंभीरता से विचार शुरू हो गया है, जिससे पूरे क्षेत्र में विकास की नई उम्मीदें जगी हैं। सूत्रों के अनुसार, प्रदेश के मुख्यमंत्री ने इस प्रस्ताव को संज्ञान में लेते हुए संबंधित अधिकारियों को इस विषय पर विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। माना जा रहा है कि रिपोर्ट आने के बाद सरकार जल्द ही इस प्रस्ताव पर संस्तुति दे सकती है। यदि यह मण्डल गठित होता है, तो यह क्षेत्रीय प्रशासन और विकास के दृष्टिकोण से एक ऐतिहासिक कदम माना जाएगा। नैमिषारण्य मण्डल बनने की संभावनाओं से जनपद सीतापुर, हरदोई और लखीमपुर खीरी के निवासियों में खुशी की लहर है। स्थानीय लोगों का मानना है कि मण्डल मुख्यालय बनने से उन्हें प्रशासनिक कार्यों के लिए लखनऊ या अन्य दूरस्थ स्थानों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा, जिससे समय और संसाधनों की बचत होगी। प्रस्तावित नैमिषारण्य मण्डल के गठन से क्षेत्र में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और औद्योगिक विकास को उल्लेखनीय गति मिलने की उम्मीद है। बेहतर प्रशासनिक निगरानी के चलते आधारभूत सुविधाओं का विस्तार होगा और नई परियोजनाओं को धरातल पर उतारना आसान हो सकेगा। इसके साथ ही धार्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण नैमिषारण्य धाम को मण्डल का दर्जा मिलने से धार्मिक पर्यटन को भी बड़ा बढ़ावा मिलेगा, जिससे स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। भाजपा प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता ने कहा कि नैमिषारण्य न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह क्षेत्र विकास की अपार संभावनाएं भी रखता है। मण्डल बनने से सरकार की योजनाएं तेजी से आम जनता तक पहुंचेंगी और पूरे क्षेत्र का सर्वांगीण विकास संभव हो सकेगा। फिलहाल सभी की निगाहें सरकार के अंतिम निर्णय पर टिकी हैं। यदि सरकार इस प्रस्ताव को मंजूरी देती है, तो नैमिषारण्य मण्डल का गठन सीतापुर, हरदोई और लखीमपुर खीरी के लिए एक नए विकास अध्याय की शुरुआत साबित होगा।

## मनरेगा बचाओ संग्राम के को-आर्डिनेटर बने अनूप वर्मा



शाहजहांपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर चलाए जा रहे मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान को मजबूती देने के लिए उत्तर प्रदेश में कांग्रेस ने संगठनात्मक कदम उठाया है। इसी क्रम में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने वरिष्ठ कांग्रेस एक्टिविस्ट को जिलेवार मनरेगा बचाओ संग्राम के कोआर्डिनेटर की जिम्मेदारी सौंपी है। जिसमें वरिष्ठ कांग्रेस नेता अनूप वर्मा को शाहजहांपुर जनपद का को-आर्डिनेटर नियुक्त किया गया है। अपेक्षा की गई है कि वे सौंपी गई जिम्मेदारी का पूर्ण निष्ठा के साथ निर्वहन करते हुए चैपालों एवं अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से इसे मूर्तरूप प्रदान करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे। बता दें कि अनूप वर्मा वरिष्ठ कांग्रसी नेता हैं, जोकि वर्तमान में पार्टी के ओबीसी सलाहकार परिषद के सदस्य और निवर्तमान प्रदेश सचिव हैं। वहीं, मनरेगा बचाओ संग्राम के कोआर्डिनेटर बनने पर पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने अनूप वर्मा को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

# चन्दौसी के बीच खेला गया फाइनल मुकाबला

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चन्दौसी। चन्दौसी इंटर कॉलेज,चन्दौसी के मैदान पर खेले जा रहे स्व बाबू ब्रज किशोर गुप्ता जी की स्मृति में होने वाले सी आई सी कप क्रिकेट चैंपियनशिप के 13 वें संस्करण का आज अंतिम दिन रहा।13 वें सी आई सी कप को जीतने के लिए पिछले चार दिन से चल रहे क्रिकेट समर में आज सरदार सिंह इंटर कॉलेज नरौली व एफ आर इंटर कॉलेज चन्दौसी के बीच फाइनल मुकाबला खेला गया। आज के मैच का प्रारम्भ शहर के प्रसिद्ध उद्योगपति व समाज सेवी परमेश्वरी लाल सैनी तथा प्रधानाचार्य नरेंद्र कुमार द्वारा क्रिकेट खेलकर किया गया। इससे पूर्व सामूहिक रूप से राष्ट्र गान गाया गया,ततपश्चात मुख्य अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। आज हुए फाइनल मैच में एफ आर इंटर कॉलेज ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 16 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 151 रन बनाए।एफ आर की ओर से रेहान ने 71 रनों की शानदार पारी खेली।इनके अतिरिक्त सादान ने 22,अली ने 16 व उरूज़ ने 13 रनों का योगदान दिया।नरौली के गेंदबाजों में अयान ने 4,सोहेल ने 2 तथा हसीन व अंश राघव ने 1 ,1 विकेट लिया।

152 रनों के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए उतरी नरौली की पूरी टीम 89 रनों पर धराशायी हो गयी और चैंपियनशिप तथा सी आई सी कप पर एफ आर ने लगातार दूसरे वर्ष कब्जा जमा लिया।नरौली के बल्लेबाजों में अयान ने 19,रवि,विपांशु व अयान द्वितीय ने 10, 10 तथा सोहेल व नैतिक ने 6, 6 रन बनाए।एफ आर की ओर से रेहान द्वितीय ने 4,उबैद ने 3 तथा अरकान ने 2 विकेट लिए।इस मैच में रेहान( 71रन) को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।पूरे टूर्नामेंट में 103 रन बनाने व 5 विकेट लेने के आल राउंड प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी मलिक को मैन ऑफ द टूर्नामेंट घोषित किया गया।

मैच के समापन पर एफ आर इंटर कॉलेज को विजेता ट्रॉफी तथा सरदार सिंह इंटर कॉलेज नरौली को उप विजेता ट्रॉफी चन्दौसी इंटर कॉलेज के प्रबंधक प्रेम किशोर गुप्ता द्वारा प्रदान की गई।इसके अलावा सभी विजेता, उपविजेता खिलाड़ियों, एम्पायर, स्कोरर, कमेंट्रेटर, टूर्नामेंट रेफरी, ग्राउंड मैन, व्यवस्था में लगे कर्मचारी, सभी उपस्थित पत्रकार बन्धुओं, टीम कोच तथा अतिथियों को प्रतीक चिह्न व पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया। पुरुस्कार वितरण के लिए आज मंच पर एफ आर इंटर कॉलेज के अध्यक्ष एड अशफाक भारती, एफ आर के प्रधानाचार्य वसीमुद्दीन, नरौली के प्रधानाचार्य करन सिंह चन्दौसी इंटर कॉलेज के प्रधानचार्य नरेंद्र कुमार मौजूद रहे। आज के मैचों में एम्पायर के रूप में राजू बनर्जी, व बंटी राणा रहे। स्कोरिंग विनोद, करन व बॉबी ने तथा कमेंट्री बृजेन्द्र प्रसाद तिवारी , नरेंद्र कुमार व विनोद ने की।टूर्नामेंट रेफरी व टीम कोच के रूप में अश्वनी शर्मा, टीम मैनेजर के रुप में चंद्रकांत रहे। नरौली के कोच चन्द्र प्रकाश भी उपस्थित रहे। आज के मैचों के दौरान ,,चन्दौसी इंटर कॉलेज का स्टाफ राम किशोर वार्ष्णेय, संजीव वार्ष्णेय, मधुर, राजकुमार, संजय रस्तौगी, भगवानदास, सुमित कुमार,विजेंद्र सिंह, डब्बू, व राजकुमारी के अतिरिक्त अमरजीत अमरीश, दीपेंद्र ,अभिलाष आदि पूर्व छात्र खिलाड़ी, चन्दौसी इंटर कॉलेज के खिलाड़ी छात्र अंश, करन, शुभ, हर्षित, लोकेश, राघव, परियांशु, दिव्यांशु, मोहित तथा शहर के अनेक गणमान्य लोग तथा बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमी दर्शक रहे। मैचों के अंत में चन्दौसी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य नरेंद्र कुमार ने सभी उपस्थित जनों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# अतिक्रमण तोड़ रहा व्यापार की कमर : सरदार बलदेव

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। काउंसिल आफ उद्योग व्यापार मंच सुल्तानपुर की कोर कमेटी की एक बैठक जिलाध्यक्ष कुलदीप गुप्ता की अध्यक्षता में नगर के एक रेस्टोरेंट में शनिवार देर रात राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरदार बलदेव सिंह एवं मंडल प्रभारी अशोक कसौधन की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुई, जिला महामंत्री राजेश महेश्वरी ने तीन प्रस्ताव रखे, पहला व्यापारियों द्वारा खुद अतिक्रमण समाप्त करने की पहल करना, दूसरा रेहड़ी, पटरी, ठेले, गुमटी वाले व्यापारियों को वेंडिंग जोन में प्रतिस्थापित करने हेतु नगर पालिका अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपना, तीसरा सदस्यता विस्तार के लिए एक कमेटी गठित होना। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरदार बलदेव सिंह ने कहा की व्यापारियों को यह समझने की जरूरत है कि उनके द्वारा किया गया अतिक्रमण स्वयं उनके ही व्यापार को नुकसान पहुंचा रहा है। जिला अध्यक्ष कुलदीप गुप्ता ने सभी से अपील की कि इस संबंध में व्यापारियों से व्यापक जनसंपर्क की जरूरत है और शीघ्र ही इसे शुरू किया जाएगा। बैठक में दुर्गा पूजा महोत्सव 2025 में विशेष सहयोग के लिये जिला मंत्री संतोष जायसवाल को सम्मानित किया गया। अंत में जिला महामंत्री राजेश महेश्वरी ने सभी उपस्थित सदस्यों को धन्यवाद प्रेषित किया। बैठक में अरविंद द्विवेदी, बृजेश खत्री, राजेंद्र जायसवाल, विजय टंडन, रवि सोनी, अश्वनी वर्मा, हरिशंकर गुप्ता, राजीव श्रीवास्तव, माणिक लाल, अशोक कुमार दिव्या, मनोज जैन आदि उपस्थित रहे।

## लिखनियां दरी जाने से पहले सड़क पर रस्सी लगाकर वसूली, वायरल वीडियो ने खोली व्यवस्था की पोल

मीरजापुर । अहरौरा क्षेत्र स्थित प्राकृतिक पर्यटन स्थल लिखनियां दरी इन दिनों पार्किंग शुल्क को लेकर सुर्खियों में है। सड़क पर रस्सी बांधकर जबरन वसूली किए जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिससे स्थानीय प्रशासन और व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं।

वायरल वीडियो एक जनवरी का बताया जा रहा है, जब बड़ी संख्या में सैलानी पिकनिक मनाने लिखनियां दरी पहुंचे थे। आरोप है कि वाराणसी शक्तिनगर के पुराने मार्ग पर, लिखनियां दरी से करीब एक किलोमीटर पहले ही कुछ लोग सड़क के बीच रस्सी बांधकर डंडे के सहारे वाहनों को रोक रहे हैं और पार्किंग शुल्क के नाम पर रुपये वसूल रहे हैं। इससे वहां से गुजरने वाले लोग भी परेशान हो रहे हैं। स्थानीय लोगों और पर्यटकों का कहना है कि यदि पार्किंग शुल्क की वसूली का ठेका दिया गया है तो यह शुल्क केवल निर्धारित पार्किंग स्थल पर खड़े वाहनों से ही लिया जाना चाहिए। बीच सड़क पर वसूली करना न केवल अवैध प्रतीत होता है, बल्कि इससे यातायात बाधित हो रहा है और जाम की स्थिति भी बन रही है।

पर्यटकों ने यह भी आरोप लगाया कि लिखनियां दरी के मुख्य गेट पर प्रवेश के समय साफ-सफाई के नाम पर अलग से शुल्क लिया जाता है, लेकिन इसके बावजूद पूरे क्षेत्र में गंदगी फैली रहती है। सड़क किनारे अव्यवस्थित ढंग से वाहन खड़े होने से आवागमन भी प्रभावित हो रहा है। इस मामले में थाना प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार मिश्र ने बताया कि लिखनियां दरी में वन विभाग द्वारा पार्किंग शुल्क की वसूली का टेंडर किया गया है और उसी के तहत शुल्क लिया जा रहा है। हालांकि वायरल वीडियो के बाद सड़क पर की जा रही वसूली और अव्यवस्था को लेकर सवाल अब भी बने हुए हैं।

# भीषण शीत लहरी में भी गोमती मित्रों ने किया धाम पर सफाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। सर्द मौसम, भीषण शीत लहरी ऊपर से कोहरे की घनी चादर जब नितांत जरूरी व्यक्तिगत कामों से भी लोग घरों से बाहर निकलने में परहेज कर रहे हैं ऐसे में दृढ़ संकल्प के धनी और स्वच्छता जागरूकता के लिए कुछ भी कर गुजरने को तैयार गोमती मित्रों ने प्रात 6:00 से ही सीता कुंड धाम पर अपना सफाई अभियान शुरू कर दिया था। प्रदेश अध्यक्ष मदन सिंह ने सभी गोमती मित्रों को पूर्व में ही निर्देशित कर दिया था कि सभी शीत ऋतु के हिसाब से वस्त्र धारण कर पूरे बचाव के साथ श्रमदान में शामिल होंगे, सबसे कठिन था नदी में जाकर उसमें से जलधारा को अवरुद्ध करने वाली सामग्री को बाहर निकालना लेकिन गोमती मित्रों ने किया। प्रातः 6:00 बजे से शुरू हुआ श्रमदान 9:00 बजे साफ सफाई व आरती की तैयारी के साथ संपन्न हुआ।श्रमदान में मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह मदन, मीडिया प्रभारी रमेश माहेश्वरी, सेनजीत कसौधन, दिनकर सिंह, मुन्ना सोनी, मुन्ना पाठक, विकास शर्मा, सागर सोनकर, राकेश सिंह दद्दू,ओम प्रकाश पांडे, अरुण गुप्ता, अभय मिश्रा, आयुष सोनी, आलोक तिवारी, दीपू आदि उपस्थित रहे।



## मांगें पूरी हुए बिना हड़ताल नहीं होगी वापस : जौली वैश्य

बदायूं कैनविज टाइम्स संवाददाता । आशा कर्मियों की राज्य व्यापी हड़ताल बदायूं में 20वें दिन भी जारी है। कड़ाके की ठंड के बावजूद आशा कर्मी मालवीय मैदान में डटी रहीं। नेतृत्व कर रहीं जौली वैश्य ने कहा कि 45ऽ46वें भारतीय श्रम सम्मेलन की सिफारिशें लागू नहीं की गईं। कर्मचारी का दर्ज़ा, न्यूनतम वेतन, ईपीएफ, ईएसआई, ग्रेच्युटी सहित मांगें लंबित हैं। 1.5 लाख करोड़ रुपये से अधिक का बकाया होने का आरोप लगाया।जिला सचिव मुनिशा ने उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की टिप्पणी पर आपत्ति जताते हुए माफी की मांग की। उपाध्यक्ष निर्दोष राठौर ने कहा कि सरकार द्वारा घोषित 6750 व 11000 रुपये का भुगतान आज तक नहीं हुआ।कोषाध्यक्ष नीलम ने सरकार पर वार्ता का आश्वासन देकर वादा खिलाफी का आरोप लगाया और 9 जनवरी 2026 को मंडलायुक्त कार्यालयों पर बड़े प्रदर्शन का आह्वान किया। मांगें पूरी होने तक आंदोलन जारी रहेगा।

## सावित्रीबाई फुले की जयंती पर जिला कांग्रेस कमेटी बदायूं ने दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

बदायूं कैनविज टाइम्स संवाददाता । जिला कांग्रेस कमेटी बदायूं द्वारा देश की प्रथम महिला शिक्षिका एवं समाज सुधारक सावित्रीबाई फुले की जयंती श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजीत यादव ने की। अजीत यादव ने कहा कि सावित्रीबाई फुले नारी मुक्ति, दलित अधिकार और सामाजिक न्याय की अग्रदूत थीं। उन्होंने कठिन सामाजिक परिस्थितियों में बालिका शिक्षा की अलख जगाई और शिक्षा को सामाजिक मुक्ति का सशक्त माध्यम बनाया। उन्होंने कहा कि समाज के तानों, अपमान और हिंसा के बावजूद सावित्रीबाई फुले ने शिक्षा का मार्ग नहीं छोड़ा और आने वाली पीढ़ियों के लिए समानता व सम्मान का रास्ता खोला। कार्यक्रम में कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने सावित्रीबाई फुले के विचारों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

## रामकथा में श्रीराम भरत मिलाप का हुआ मार्मिक वर्णन

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता । बिसौली के सिद्ध बाबा इंटर कॉलेज, शरह बरौलिया के मैदान में चल रही नौ दिवसीय रामकथा के सातवें दिन रविवार को कथा वाचक द्वारा श्रीरामऽभरत मिलाप प्रसंग का अत्यंत भावपूर्ण वर्णन किया गया। कथा को सुनकर श्रद्धालु भाव- विभोर हो उठे। कथा वाचक प्रेममूर्ति पंकज मिश्र ने कहा कि श्रीराम के वनवास की सूचना मिलने पर ननिहाल से लौटे भरत ने अयोध्या का राजसिंहासन स्वीकार करने से इंकार कर दिया। वे राम, जानकी और लक्ष्मण से मिलने के लिए अत्यंत व्याकुल हो उठे और अयोध्यावासियों के साथ चित्रकूट पहुंचे। चित्रकूट में यज्ञ वेदी के समीप मृगछाला पर जटाधारी, वल्कलधारी श्रीराम को देखकर वे भाव विहवल होकर अपने नेत्रों से बहते अश्रुओं को रोक न सके। इस प्रसंग को देखकर श्रोता गणों के भी नेत्रों में जल भर आया।

## शिखर विज़डम क्वेस्ट 2025 का सफल आयोजन, 1413 विद्यार्थियों ने दी परीक्षा

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता । जनपद बदायूँ के शेखूपुरऽ कादरचौक रोड स्थित शिखर इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी एंड नर्सिंग में रविवार को शिखर विज़डम क्वेस्ट 2025 का आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। प्रतियोगिता में कक्षा 12 के 1511 पंजीकृत विद्यार्थियों में से 1413 ने सहभागिता की, जबकि 98 अनुपस्थित रहे। परीक्षा दो पालियों में कराई गई पहली पालीः 11 से 1 बजे तक चली। इसमें 694 विद्यार्थी जबकि दूसरी पालीः 2 से 4 बजे तक चली जिसमें 719 विद्यार्थी परीक्षार्थी शामिल हुए। संस्थान प्रबंधन के अनुसार प्रश्नपत्र व आंसर-की दो दिनों में वेबसाइट पर अपलोड की जाएंगी। प्रतियोगिता को लेकर विद्यार्थियों में खासा उत्साह देखने को मिला।

## मवैया देवी धाम के सुंदरीकरण के लिए 60 लाख की सौगात, क्षेत्र में खुशी की लहर

मीरजापुर। चुनार विधायक अनुराग सिंह के प्रयासों से मवैया गांव स्थित मां विंध्यवासिनी स्वरूपा मवैया देवी धाम मंदिर के सुंदरीकरण का मार्ग प्रशस्त हो गया है। मंदिर विकास के लिए प्रथम किश्त के रूप में 60 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत होने पर क्षेत्रीय श्रद्धालुओं और ग्रामीणों में हर्ष का माहौल है। यह धनराशि वित्तीय वर्ष 2025-26 में मुख्यमंत्री पर्यटन स्थलों के विकास योजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश पर्यटन विकास कार्य राजकीय निर्माण निगम द्वारा स्वीकृत की गई है। इसके लिए विधायक अनुराग सिंह ने मंदिर के सुंदरीकरण हेतु प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान किए जाने के संबंध में अनुरोध पत्र प्रेषित किया था, जिस पर कार्रवाई करते हुए पहली किश्त जारी की गई। स्वीकृत धनराशि से मंदिर परिसर में बरामदा निर्माण, आरसीसी बेंच, डस्टबिन, वॉटर कूलर सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं का विकास कराया जाएगा, जिससे श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी और मंदिर की भव्यता में वृद्धि होगी। धन स्वीकृत होने की सूचना मिलते ही मंदिर के पुजारी दुक्खी राम चौबे, दिनेश चौबे, चंद्रशेखर सिंह, प्रमोद पांडेय, आलोक सिंह, संतोष सिंह, ताड़केश्वर नाथ मिश्र, ग्राम प्रधान धनंजय मिश्र, प्रधान भुवालपुर मनोज तिवारी सहित क्षेत्रीय लोगों ने विधायक अनुराग सिंह के प्रति आभार प्रकट करते हुए इसे धार्मिक पर्यटन के विकास की दिशा में अहम कदम बताया।

## बरेका स्टेडियम में रोमांचक क्रिकेट मुकाबला, संरक्षक एकादश छह विकेट से जीता

वाराणसी। बनारस रेल इंजन कारखाना (बरेका) में रविवार को बरेका स्टेडियम में अध्यक्ष एकादश एवं संरक्षक एकादश के बीच एक मैत्रीपूर्ण रोमांचक क्रिकेट मैच खेला गया। मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए अध्यक्ष एकादश ने कप्तान प्रमुख मुख्य विद्युत इंजीनियर एवं अध्यक्ष, बरेका खेल संघ सुशील कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में निर्धारित 15 ओवरों में छह विकेट के नुकसान पर 120 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। मैच में वरिष्ठ आंकड़ा संसाधन प्रबंधक एवं सचिव (क्रिकेट) संतोष कुमार सिंह ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए सर्वाधिक 26 रन बनाए। वहीं, उप मुख्य सामग्री प्रबंधक अभिषेक पाण्डेय ने 19 रन तथा एस. के. श्रीवास्तव ने उपयोगी 17 रनों का योगदान दिया। संरक्षक एकादश की ओर से गेंदबाजी में उप मुख्य विद्युत इंजीनियर नीरज सिंह ने 2 विकेट लेकर प्रभावशाली प्रदर्शन किया, जबकि सी.एम.ई./पी.ओ.एच. एस. बी. पटेल एवं सहायक सामग्री प्रबंधक आनंद वार्ष्णेय ने 1-1 विकेट प्राप्त किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी संरक्षक एकादश ने कप्तान महाप्रबंधक, बरेका सोमेश कुमार के नेतृत्व में सधी हुई और आक्रामक बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए मात्र 12.3 ओवरों में 4 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। टीम के लिए मुख्य यांत्रिक इंजीनियर (उत्पादन एवं विपणन) एवं महासचिव, बरेका खेल संघ सुनील कुमार ने शानदार नाबाद 45 रन बनाकर मैच को एकतरफा बना दिया। उनके अलावा एस. बी. पटेल ने 16 रन तथा नीरज सिंह ने 13 रनों का योगदान दिया। अध्यक्ष एकादश की ओर से गेंदबाजी में संतोष कुमार सिंह एवं उप मुख्य इंजीनियर साकेत ने 2-2 विकेट लिए। मैच में मैन ऑफ द मैच सुनील कुमार,बेस्ट बैट्समैन एस. के. सिंह,बेस्ट बॉलर महाप्रबंधक सोमेश कुमार,बेस्ट फील्डर राहुल यादव और बेस्ट ऑलराउंडर नीरज सिंह घोषित हुए।

## डॉ. भीमराव अम्बेडकर की विचारधारा आज भी समाज के लिए मार्गदर्शक : प्रो. डॉ. रमाकांत ठाकुर

मुरादाबाद। अखिल भारतीय अम्बेडकर संघ की नव निर्वाचित राष्ट्रीय कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह डॉ. अम्बेडकर पार्क, सिविल लाइन्स, मुरादाबाद में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजशास्त्री प्रो. डॉ. रमाकांत ठाकुर ने कहा कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर की विचारधारा आज भी समाज के लिए मार्गदर्शक है।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ बबलू सिंह ने कहा कि संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकारों की जानकारी हर नागरिक तक पहुँचना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने युवाओं से शिक्षा को अपना सबसे बड़ा हथियार बनाकर सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध संघर्ष करने का आह्वान किया।

विशिष्ट अतिथि पूर्व डीआईओएस गजेंद्र कुमार ने कहा कि डॉ. अम्बेडकर का जीवन संघर्ष, समानता और सामाजिक न्याय की प्रेरणादायी मिसाल है। शपथ ग्रहण समारोह में नव निर्वाचित अध्यक्ष महेंद्र पाल सिंह, महामंत्री डॉ हरनन्दन प्रसाद व उनकी टीम ने डॉ अम्बेडकर जी के विचारों को ग्राम ग्राम तक पहुँचाने व शिक्षा एवं समाजिक उत्थान व कुरीतियों को दूर करने का संकल्प लिया।

समारोह में विशिष्ट अतिथि प्रो पूजन प्रसाद ने संघ के संविधान, समाज को शिक्षित करने तथा डॉ. भीमराव अम्बेडकर की विचारधारा को आगे बढ़ाने पर विस्तार से अपने विचार रखे।

नव निर्वाचित राष्ट्रीय कार्यकारिणी में अध्यक्ष महेंद्र पाल सिंह, महामंत्री डॉ. हरनंदन प्रसाद, कोषाध्यक्ष मलखान सिंह, उप-महामंत्री ओपी सागर, उपाध्यक्ष परमाल सिंह, नेतराम सिंह, मुन्नालाल एवं विजयपाल सिंह, संयुक्त मंत्री इंद्रजीत बौद्ध, सत्यपाल बादल, जितेंद्र कुमार जोली, प्रदीप कुमार, योगराज सिंह तथा प्रचार मंत्री रणवीर सिंह, विनीत कुमार, सत्य प्रकाश, सुनील कुमार एवं अमित कुमार कर साथ ही कार्यकारिणी सदस्य के रूप में महावीर प्रसाद मौर्य, दौलत सिंह, मुकेश कुमार गौतम, प्रेम सिंह, जयराम सिंह, बाली सिंह भारती, सुरेश कुमार गौतम, रघुवीर सिंह, राजेश खन्ना, दिनेश सिंह एवं विपिन कुमार ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महावीर प्रसाद मौर्य ने व संचालन रघुवीर सिंह द्वारा किया गया। चुनाव अधिकारी एड़ आदित्य कुमार श्रीवास्तव ने सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

## रांची से दिल्ली तक राष्ट्रभक्ति की साइकिल यात्रा मीरजापुर में गूंजा वीर बिरसा मुंडा का जयघोष

एजेंसी

मीरजापुर। जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए संघर्ष करने वाले महान आदिवासी क्रांतिकारी धरती आबा वीर बिरसा मुंडा को समर्पित साइक्लोथॉन जब रविवार को मीरजापुर पहुंचा, तो पूरा माहौल देशभक्ति से सराबोर हो गया। तिरंगे के रंग में सजे साइकिल सवारों का नगर पालिका परिसर में भव्य स्वागत किया गया, जहां हर पैडल के साथ राष्ट्रप्रेम का संदेश गूंजता नजर आया।

28 दिसंबर को रांची (झारखंड) से शुरू हुई यह ऐतिहासिक साइक्लोथॉन यात्रा 26 जनवरी को नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस परेड के साथ अपने शिखर पर पहुंचेगी। करीब एक महीने तक चलने वाली इस यात्रा में 30 सदस्यीय दल देश के कोने-कोने में देशभक्ति, अनुशासन और सामाजिक चेतना का संदेश फैला रहा है। साइक्लोथॉन दल का नेतृत्व कर रहे कर्नल अनिल यादव ने बताया कि यह यात्रा केवल दूरी तय करने का अभियान नहीं, बल्कि युवा पीढ़ी को वीर बिरसा मुंडा के विचारों से जोड़ने का प्रयास है। दल में एनसीसी के वरिष्ठ अधिकारी, सूबेदार तथा बालक-बालिका कैडेट शामिल हैं, जो हर पड़ाव पर लोगों को देश के लिए कुछ करने की प्रेरणा दे रहे हैं।

मीरजापुर पहुंचने पर 101 एनसीसी बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल राकेश उपाध्याय और 4 झारखंड एनसीसी बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल अनिल कुमार ने दल का आत्मीय स्वागत किया। इस मौके पर स्मृति चिन्हों का आदान-प्रदान हुआ और एनसीसी कैडेटों ने देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर माहौल को और भी ऊर्जावान बना दिया।

## सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण से बढ़ रहा महिलाओं का आत्मविश्वास : विधानसभा अध्यक्ष

एजेंसी

कानपुर । समरसता भारतीय सांस्कृतिक मूल स्वभाव है। इस तरह के आयोजनों से पारंपरिक खानऽपान, हस्तशिल्प और रोजमर्रा की जरूरतों से जुड़ी सांस्कृतिक धरोहरों को सहेजने में मदद मिलती है। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं में आत्मविश्वास और अपनी पहचान बनाने की ललक दिखाई दे रही है। यह बातें रविवार को उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कही। प्रदेश सरकार की महिला सशक्तीकरण और आत्मनिर्भर बनाने की नीति को ज़मीनी स्तर पर उतारते हुए रविवार को मोतीझील लॉन-2 में सरस आजीविका मेलाऽ2026 का शुभारंभ किया गया। छह जनवरी तक चलने वाले इस मेले का उद्घाटन उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने किया। कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री योगेंद्र उपाध्याय अति विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। यह मेला ग्रामीण महिलाओं को सीधे बाजार से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

यह मेला प्रतिदिन 11 बजे से शाम आठ बजे तक आमजन के लिए खुला रहेगा। कानपुर नगर से 29 तथा मंडल के अन्य पांच जनपदों से 31 स्टाल लगाए गए हैं। 60 स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं अपने उत्पादों की प्रदर्शनी और बिक्री कर रही हैं। मेले में स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित सौंदर्य एवं सुगंध उत्पाद, पारंपरिक परिधान, हस्तशिल्प, घरेलू उपयोग की वस्तुएं, सखी लेदर उत्पाद, जैविक पौध एवं कृषि उत्पाद, स्वच्छता समाधान, सरस स्वाद और स्वास्थ्य सुविधाओं से जुड़े उत्पाद प्रदर्शित किए गए हैं। वहीं प्रभारी मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने कहा कि स्वदेशी अपनाओ का मंत्र ही विकसित भारत की नींव है। स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देकर ही आत्मनिर्भर भारत का लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। इस दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वयं सहायता समूहों को सम्मानित भी किया गया। इसमें जमदानी साड़ी एवं सूट उत्पाद से जुड़ी उज्जवला महिला स्वयं सहायता समूह की सीमा देवी, मसाला उत्पाद से संबंधित मां दुर्गा महिला स्वयं सहायता समूह की ऋतु, मिलेट्स उत्पादों से जुड़े आत्मनिर्भर स्वयं सहायता समूह की संगीता सिंह, बुटीक एवं गारमेंट क्षेत्र से किरण स्वयं सहायता समूह की आकांक्षा, रजिया व घरेलू सजावटी हस्तशिल्प निर्माण से जुड़े मानसी स्वयं सहायता समूह की मीरा देवी शामिल रहीं।

# डंपर की टक्कर से चिकित्सक के पूरे मकान में आईं दरारें

एजेंसी

**मकान मालिक ने 18 लाख के नुकसान की दी तहरीर**

**थम नहीं रहा हाइवे पर हादसों का सिलसिला, डिवाइडर की मांग उठी**

हमीरपुर । उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले के सुमेरपुर कस्बे में नेशनल हाईवे में एक जनवरी से शुरू हुआ हादसों का सिलसिला निरंतर जारी है। पशु बाजार के समीप एक डंपर चालक हादसे में जान गंवा बैठा। लगातार हो रहे हादसों के चलते लोग अब इस खूनी हाईवे में डिवाइडर की मांग उठाने लगे हैं। रविवार को हुए हादसे के बाद व्यापार मंडल ने उद्योग नगरी से लेकर नजरपुर मोड़ तक डिवाइडर की मांग की है ताकि हादसों पर अंकुश लग सके।

गत एक जनवरी को शाम करीब 8 बजे इंगोहटा जा रहे ऑटो को पुराने शिखा होटल के पास हाईवे पर डंपर ने जोरदार टक्कर मार दी थी और ऑटो को करीब 2 किलोमीटर तक घसीटकर थाने तक ले गया था। इस हादसे में ऑटो चालक अंकित कुशवाहा 21 वर्ष की मौत हो गई थी और उसका साथी रोहित कुशवाहा 25 वर्ष निवासी इंगोहटा गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसका उपचार कानपुर में चल रहा है। लोग अभी इस हादसे को भूल ही नहीं पाए थे कि इसी बीच एक अनियंत्रित डंपर पशु बाजार के समीप गिट्टी लदे ट्रक से टकराकर करीब 100 मीटर दूर डा. वीएन सिंह के आवास में घुस गया था। इस घटना में डंपर चालक की केबिन में फंसकर दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना ने लोगों को झकझोर दिया है।

डा. वीएन सिंह के पुत्र पुनीत सिंह ने करीब 18 लाख के नुकसान की तहरीर पुलिस को सौंपी है। उनका कहना है कि डंपर की जोरदार टक्कर से पूरे मकान में दरारें आई हैं। एक स्कूटी क्षतिग्रस्त हुई है और सैलून की दुकान को भारी क्षति पहुंची है। इस घटना के बाद कस्बे के अंदर डिवाइडर की मांग उठने लगी है। हादसे के बाद व्यापार मंडल अध्यक्ष महेश गुप्ता दीपू ने कहा कि जिस तरह से हादसे इस खूनी हाईवे में हो रहे हैं। उसको मद्देनजर रखकर फैक्ट्री एरिया से लेकर नजरपुर तिराहे तक डिवाइडर का होना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि वह राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को पत्र भेजकर डिवाइडर की मांग करेंगे। सुमेरपुर थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने रविवार को बताया कि मकान मालिक की ओर से तहरीर प्राप्त हुई है। इसकी जांच कराई जाएगी। चालक का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। मृतक के परिजन घटना की सूचना पाकर पोस्टमार्टम हाउस आ गए हैं। दोनों वाहनों को कब्जे में लिया गया है।

# अपर पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर गोंडा पुलिस ने चलाया स्वच्छता अभियान

## पुलिस अधीक्षक ने व्यापारियों एवं आम जनमानस से प्लास्टिक का प्रयोग न करने की अपील

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । अपर पुलिस महानिदेशक,गोरखपुर जोन, गोरखपुर के निर्देश पर नववर्ष के अवसर पर ''प्लास्टिक मुक्त भारत'' अभियान के अंतर्गत चार फरवरी की सुबह पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के द्वारा जनपद गोण्डा में व्यापक साफ - सफाई अभियान चलाया गया,अभियान के अंतर्गत गुरुनानक चौक से गुड्डूमल चौराहा होते हुए पीपल तिराहा,भरत मिलाप तिराहा से एकता चौक तक पुलिस अधिकारियों एवं कर्म चारियों द्वारा व्यापारी बन्धुओं एवं जनसहयोग से श्रमदान करते हुए सड़क किनारे,सार्वजनिक स्थलों एवं आसपास के क्षेत्रों में फैले प्लास्टिक कचरे की साफ-सफाई की गई।इस दौरान सिंग ल यूज़ प्लास्टिक को हटाकर उसका विधिवत निस्तारण किया गया।पुलिस अधीक्षक के द्वारा उपस्थित पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया ग या कि आमजन को प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया जाए तथा स्वच्छता अप नाने,सार्वजनिक स्थलों को साफ रखने एवं प्ला स्टिक मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने हेतु जनसहयोग प्राप्त किया जाए।पुलिस अधी क्षक ने व्यापारी से संवाद करते हुए अपील की गई कि प्लास्टिक का प्रयोग न करें,और अनुरो ध किया कि अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखें, डस्टबिन का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें तथा नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने हेतु नगर पालिका को पूर्ण सहयोग प्रदान करें।पुलि स अधीक्षक ने जनमानस को संबोधित करते हुए कहा गया कि स्वच्छता केवल प्रशासन की ही नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। हमें अपने आसपास उत्पन्न होने वाले कचरे की स्वयं साफ-सफाई कर उसका विधिवत निस्तारण करना चाहिए,जिससे स्वच्छ ता अभियान में जनभागीदारी सुनिश्चित हो सके

पुलिस अधीक्षक के द्वारा बताया गया कि स्व च्छ वातावरण न केवल स्वस्थ जीवन के लिए आवश्यक है,बल्कि समाज में सकारात्मक सोच एवं पुलिस ऽजनता के बीच विश्वास को भी सुदृ ढ़ करता है इस प्रकार के अभियान आगे भी नि रंतर जारी रहेंगे।इसी प्रकार सभी क्षेत्राधिकारी ने अपने - अपने सर्किल क्षेत्र में तथा समस्त था ना प्रभारियों द्वारा अपने थाना क्षेत्रों में भी थाना कर्मियों के साथ सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छ ता सुनिश्चित की गई।गोंडा पुलिस का यह प्रया स स्वच्छ भारत अभियान,प्लास्टिक मुक्त भारत अभियान तथा सामाजिक उत्तरदायित्व की भा वना को सशक्त करने की दिशा में एक महत्व पूर्ण कदम है।इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत,प्रशिक्षु आइपीएस प्रदीप कुमार, क्षेत्राधिकारी नगर आनंद कुमार राय,प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर विवेक त्रिवेदी एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# कृषि एवं औद्यानिक उत्पाद निर्यात विषय पर आयोजित हुआ प्रशिक्षण कार्यक्रम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । जिला उद्यान अधिकारी दिनेश चौधरी ने बताया कि एकीकृत बागवानी विकास मिशन, एपिडा एवं कृषि/औद्यानिक उत्पाद निर्यात के सम्बन्ध में कृषि भवन, बहराइच के सभागार में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रगतिशील कृषकों एवं एफपीओ के निदेशक एवं सदस्यों द्वारा प्रतिभाग किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनपद में उत्पादित होने वाले शाकभाजी, फल, कृषि फसलों आदि को विदेशों में विक्रय करने की योजना पर चर्चा की गई। साथ ही उत्पादक के गुणवत्ता व कीटनाशक, पेस्टीसाइज, विष मुक्त खेती के प्रक्रिया के बारे में विषय विशेषज्ञों द्वारा विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में उप कृषि निदेशक विनय कुमार वर्मा, जिला कृषि अधिकारी डॉ. सूबेदार यादव, जिला कृषि रक्षा अधिकारी प्रियानन्दा, एस.डी.ई.ए.ओ. शिशिर वर्मा, वरिष्ठ वैज्ञानिक/अध्यक्ष कृषि विज्ञान केन्द्र डॉ. सी.पी.एन. गौतम, एपिडा आलोक मिश्रा सहित प्रिया सिंह, प्रदीप कुमार, अमरनाथ, दिनेश अखिलेश सहित प्रगतिशील कृषकों व एफ.पी.ओ. के सदस्यों सहित दर्जनों कृषकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। प्रशिक्षणोपरान्त अग्रणी कृषकों एवं एफपीओ के सदस्यों द्वारा आयोजन को लाभकारी बताते हुए भविष्य में समय-समय पर ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन करने का सुझाव दिया गया। कृषकों ने कहा कि ऐसे आयोजन से जिले कृषक कृषि एवं औद्यानिक खेती में नवाचार हेतु प्रेरित होंगे जिससे उनकी आय मु भी गुणात्मक वृद्धि होगी।

# पुलिस ने गैंगस्टर के अभियुक्त शिवम त्रिपाठी उर्फ शिवम पंडित को किया गिरफ्तार



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा । जिले के थाना छपिया पुलिस ने शिवम त्रिपाठी उर्फ शिवम पण्डित (मोनू ) पुत्र वीरेन्द्र त्रिपाठी निवासी ग्राम सुनसुन पो.बेभरिया थाना पैकोलिया जनपद बस्ती एक शातिर अपराधी है जो संगठित गिरोह बनाकर छल कपट,धोखा धडी व धमकी देकर धन उगाही करता था, और अपना गिरोह चलाता था उसके गिरोह के सद स्य सत्यम त्रिपाठी,विजय त्रिपाठी व शुभम सिं ह हैं।उक्त गिरोह का कृत्य उत्तर प्रदेश गिरोह बन्द एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम, 1986 की धारा 3(1) के अन्तर्गत दण्डनीय पाया गया था।पुलिस ने गिरोह-चार्ट तैयार कर अनुमोदन उपरान्त अभियोग पंजीकृ त किया।जिस पर थाना छपिया पुलिस टीम के द्वारा उक्त गिरोह के शिवम त्रिपाठी उर्फ शिवम पण्डित (मोनू )पुत्र वीरेन्द्र त्रिपाठी निवासी ग्राम सुनसुन पो. बेभरिया थाना पैकोलिया जनपद बस्ती को उसके घर से गिरफ्तार किया गया।

# आबकारी विभाग के नियम को ठेंगा, स्कूलो के पास चल रहे हैं शराब ठेके

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंडा । जिले में अबबकारी नियमों को ठेंगा दिखा कर स्कूल के ठीक सामने शराब के ठेके संचा लित किए जा रहे है कही मंदिर व स्कूल के ठी क सामने शराब की दुकानें संचालित हो रही हैं।उधर से गुजरने वाली छात्राएं व महिलाएं छींटा कशी का शिकार भी होती हैं और उस रास्ते से जाने डरती हैं।जिले में शिक्षण संस्थानों और श हर की सड़कों पर शराब का ठेका सारे नियमों को दरकिनार करके संचालित किया जा रहा है बताया जाता है कि नियमानुसार अस्पताल,बैंक मंदिर,मस्जिद व अन्य धार्मिक स्थल, स्कूल और घनी आबादी के सौ मीटर के दायरे तक शराब की दुकान नहीं खोली जा सकती है।इसके बा वजूद रसूखदार दुकान संचालक आबकारी वि भाग के सभी नियमों की धज्जियां उड़ाकर दु कान संचालित कर रहे हैं।यही नहीं गली-मोह ल्लों से लेकर विद्यालयों और धार्मिक स्थलों के आसपास तक शराब की दुकानें खोल दी गईं हैं दुकान खोलने से पहले आसपास के लोगों से पूछा तक नहीं जाता है जबकि बिना नोटिस औ र लोगों की सहमति के बगैर शराब की दुकान नहीं खोली जा सकती है।बताया तो यह भी जा ता है कि विद्यालय के सौ मीटर के दायरे में शरा ब की दुकान नहीं खुल सकती हैं। मगर विभाग से सेटिंग-गेटिंग कर अम्बेडकर चौराहे पर सेंट थॉमस स्कूल से सटी चारदीवारी पर हाईवे मार्ग पर शराब की दुकान धड़ल्ले से चल रही है,जहां पर शाम को रास्ता चलना मुश्किल हो जाता है । यही हाल, जीआईसी विद्यालय का भी है।शहर के सबसे प्रतिष्ठित यूपी बोर्ड के फखरुद्दीनअली अहमद इंटर कॉलेज के मुख्यद्वार के ठीक साम ने अंग्रेजी शराब की दुकान खोल दी गई है।सुब ह दस बजे से ही इस दुकान पर नशेड़ियों का जमावड़ा शुरू हो जाता है। कई नशेड़ी तो ऐसे भी हैं, जो सुबह दुकान खुलते ही पहुंच जाते हैं और टुल्ल होकर उधर से गुजरने वाली महिला व छात्राओं पर छींटाकशी करते देखे जाते हैं। यही हाल रोडवेज बस अड्डे के ठीक सामने वा ले मॉडल शॉप का भी है। बताया जाता है कि अक्सर रात में पहुंचने वाली बस से उतरने वा ली महिलाओं को भी नशेड़ियों की छींटाकशी का शिकार होना पड़ता है। बताया जाता है कि महिलाओं को अपने गंतव्य तक जाने के लिए बस अड्डे पर इंतजार करना पड़ता है,इस दौरान वहां मौजूद शराब के नशे में चूर लोग अनाप - शनाप बातें करने लगते हैं।कई बार इसकी शि कायत भी बगल में मौजूद पुलिस चौकी पर प हुंचती है, जिस पर पुलिस के हस्तक्षेप के बाद मामला शांत होता है।शहर के गुरुनानक चौराहे से बस अड्डे की तरफ बढ़ने पर फखरुद्दीनअली अहमद जीआईसी इंटर कॉलेज स्थित है यहां के पूर्व प्रधानाचार्य शैलेश कुमार पटेल ने जिले के उच्च अधिकारियों को चिट्ठी भी लिखी थी। जिसमें विद्यालय के सामने पटरी के किनारे सं चालित हो रही शराब की दुकान को हटाने की मांग की गई थी। पत्र में कहा गया था कि आए दिन विद्यालय परिसर में शराब के बोतलों की ढेर मिलती है और छात्रों के साथ नशे में धुत व्यक्ति अभ्रद्रता करते हैं।प्रधानाचार्य का कहना था कि विद्यालय के आसपास शराब और नशे की कोई भी सामग्री नहीं बिकनी चाहिए। इससे छात्रों पर गलत असर पड़ता है।जिसको लेकर कई बार लिखा-पढ़ी की गई लेकिन किसी अधि कारी ने नहीं सुना।जिले में आज भी जीआईसी के सामने शराब की दुकान धड़ल्ले से चल रही है।नशे में वाहन चलाने से बढ़ रहे सड़क हादसे नशा करने वाला व्यक्ति अपनी लत पूरी करने के लिए गलत काम करने लगता है।इसके अला वा नशे की तस्करी और वितरण से जुड़े गिरोह समाज में असुरक्षा फैलाते हैं।शराब के नशे में वाहन चलाने से सड़क दुर्घटनाएं भी बढ़ती हैं। युवा पीढ़ी गलत आदतों को अपनाने लगती है, जिससे समाज का भविष्य खतरे में पड़ जाता है।दूसरी ओर रिश्तों से जुड़ी समस्याओं और बेरोजगारी के कारण भी युवा तनाव में आने से नशे का सहारा लेते हैं। कभ-कभी दोस्तों के प्रभाव में आकर भी नशा करने लगते हैं। भांग की दुकानों पर बिक रहा सूखा नशा जिले में ज्यादतर भांग की दुकानों पर सूखा नशा यानी कि गांजा भी बेंचा जा रहा है।पहले कई बार पुलिस लोगों पर कार्रवाई भी कर चुकी है ले किन इस पर पूर्ण नियंत्रण नहीं लग पा रहा है।

# खबर छपते ही हरकत में आया पूर्ति विभाग

## कैनविज टाइम्स की खबर का असर

कैनविज टाइम्स संवाददाता






गोंडा । कैनविज टाइम्स में खबर छपते ही शहर घनी आबादी व गलियों में सड़क किनारे घरेलू गैस सिलेंडरों की अवैध बिक्री की खबर छपते ही पूर्ति विभाग ने छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान कई स्थानों पर बिना अनुमति और नियमों के विपरीत सिलेंडर बेचते हुए एजेंसी से जुड़े लोगों से जानकारी ली गयी। पूर्ति विभाग की टीम ने मुख्य चौराहों, व्यस्त बाजारों और सड़क किनारे रखकर बेचे जा रहे सिलेंडर को लेकर जांच की।जांच के दौरान पाया गया कि कुछ एजेंसियां घरेलू उपयोग के सिलेंडरों को खुले में, बिना किसी सुरक्षा इंतजाम के बेच रही थीं।कई जगहों पर अग्निशमन उपकरण, सुरक्षि त भंडारण और आवश्यक लाइसेंस भी नहीं पा ए गए हैं। विभागीय अधिकारियों के अनुसार, घरेलू गैस सिलेंडर अत्यंत ज्वलनशील होते हैं और थोड़ी सी है।सड़क किनारे खुले में सिलेंडर रखने से आग लगने या विस्फोट की आशंका ब नी रहती है।इसी को ध्यान में रखते हुए संबंधि त गैस एजेंसियों को नोटिस भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।नोटिस में सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन करने और नियमों के उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।संचालकों से स्प ष्टीकरण मांगा गया है,पूर्ति विभाग ने स्पष्ट कि या है कि भविष्य में भी इस तरह के अभियान लगातार जारी रहेंगे।विभाग ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि वे सड़क किनारे या संदिग्ध स्थानों से गैस सिलेंडर न खरीदें और किसी भी तरह की अनियमितता की सूचना विभाग को दें।पूर्ति विभाग की इस कार्रवाई से अवैध रूप से सिलेंडर बेचने वालों में हड़कम्प है।छापेमारी करने वाली टीम में क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी शिव प्रकाश तिवारी, पूर्ति निरीक्षक सुनील दिवाकर, जुगल किशोर आदि लोग रहे। जिला पूर्ति अधिकारी कुवर दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि कुछ गैस एजेंसी द्वारा सुरक्षा मान कों की अनदेखी कर घरेलू गैस सिलेंडर सड़कों के किनारे पर रखकर बेचा जा रहा था इसकी खबर आए दिन प्रकाशित हो रही थी हो रही थी अभियान चला कर छापेमारी की गईं हैं।

# ग्रा.पत्र.एसो.की हुई बैठक,श्रीनाथ रस्तोगी बने कर्नलगंज तहसील अध्यक्ष

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा । कटरा बाजार विकासखंड सभागार में रविवार को ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की ब्लॉक स्तरीय बैठक मंडल अध्यक्ष अनिल दूबे एवं जिला अध्यक्ष प्रदीप कुमार तिवारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई।बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि भवानीभीख शुक्ला उपस्थित रहे।बैठक के दौरान संगठन की मजबूती,सदस्यता नवीनीकरण एवं विस्तार पर विस्तार से चर्चा की गई।इस अवसर पर व रिष्ठ पत्रकार श्रीनाथ रस्तोगी को कर्नलगंज तह सील अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। श्री नाथ रस्तोगी ने कहा कि व संगठन की गरिमा बनाए रखते हुए पत्रकारों के हितों के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे।मुख्य अतिथि भवानीभीख शुक्ला ने ग्रामीण पत्रकारों की भूमिका को समा ज के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए हरसंभव सह योग का आश्वासन दिया।जिलाध्यक्ष प्रदीप ति वारी ने संगठन को और अधिक मजबूत करने पर जोर दिया,वहीं मंडलध्यक्ष अनिल दूबे ने स भी सदस्यों से एकजुट होकर कार्य करने की अपील की,बैठक में मंडल संरक्षक एसपी शु क्ला जिला उपाध्यक्ष बैजनाथ अवस्थी रणवि जय सिंह,राम बहाल तिवारी,मोहित शुक्ला सहित अन्य पत्रकार उपस्थित रहे।

## इमलिया मिश्र के प्रधान पर निजी भूमि पर तालाब दिखाकर गबन का आरोप



गोंडा कैनविज टाइम्स संवाददाता । जिले के झझरी ब्लॉक के ग्राम पंचायत इमलिया मिश्र के प्रधान राजेंद्र कुमार मिश्रा पर ग्रामीणों ने भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है।ग्रामी ण परागदत्त ने प्रधान पर अपनी निजी भूमि पर तालाब दिखाकर लाखों रुपये के गबन का आ रोप लगाया है।ग्रामीणों ने मामले की शिकायत जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन से की है,जिन्होंने जांच के आदेश दिए हैं।पराग दत्त ने बताया कि उनकी एक एकड़ व्यक्तिगत जमीन पर प्रधान ने कागजों में तालाब का निर्माण दिखाकर सर कारी धन का दुरुपयोग किया है। उनका दावा है कि इस प्रक्रिया में लाखों रुपये निकाल लिए गए हैं, जबकि उनकी जमीन पर कोई तालाब नहीं खोदा गया है।वहीं ग्राम प्रधान राजेंद्र कुमा र मिश्रा ने इन आरोपों को निराधार बताया है। उनका कहना है कि गांव के ही एक अन्य व्य क्ति पराग दत्त के खेत में तालाब खुदवाया गया है।प्रधान ने स्पष्ट किया कि लगाए गए आरोप पूरी तरह से निराधार हैं।पीड़ित पराग दत्त ने इ स संबंध में गोंडा के जिलाधिकारी से शिकायत दर्ज कराई हैं,जिस मामले को जिलाधिकारी ने गंभीरता को देखते हुए टीम बनाकर जांच के आदेश दिए हैं।

## पावर परिवर्तक की क्षमता वृद्धि के चलते नानपारा में 10 से 5 प्रभावित रहेगी बिजली आपूर्ति

नानपारा, बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। विद्युत उपकेंद्र नानपारा में पावर परिवर्तक की क्षमता बढ़ाने का कार्य प्रस्तावित होने के कारण सोमवार को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक विद्युत आपूर्ति पूर्ण रूप से तथा आंशिक रूप से बाधित रहेगी। इस दौरान उपकेंद्र से जुड़े कई इलाकों में बिजली आपूर्ति प्रभावित होने की संभावना है। विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता अभिनव कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि क्षमता वृद्धि कार्य के चलते गुरघुट्टा, सर्रामुंदरी, जूड़ा, असवा सहित अन्य क्षेत्रों में बिजली सप्लाई अस्थायी रूप से बंद रहेगी। उन्होंने बताया कि यह कार्य उपभोक्ताओं को भविष्य में बेहतर विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किया जा रहा है। अधिशासी अभियंता ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि निर्धारित समय से पहले पेयजल सहित आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर लें तथा कार्य अवधि के दौरान संयम रखते हुए विद्युत विभाग को सहयोग प्रदान करें।

## एसआईआर में काट गए हैं पीडीए के वोट : राजाराम पाल

कानपुर। बिहार में हुए एसआईआर प्रक्रिया में साजिशन 65 लाख वोट काट कर 21 लाख फर्जी वोट बनाकर चुनाव कराया गया। जिसका नतीजा यह हुआ कि पीडीए के ज्यादातर वोट काट दिए गये जिसकी अब कहीं सुनवाई भी नहीं हो रही है। पीडीए के वोट एसआईआर निशाने पर हैं। यह बातें रविवार को समाजवादी पार्टी एसआईआर प्रभारी राजाराम पाल ने कही। जाजमऊ स्थित लक्ष्मी हाउस में पीडीए प्रहरी एवं बीएलए सम्मेलन एवं समारोह का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में समाजवादी के एसआईआर प्रभारी राजाराम पाल रहें। इसके अलावा छावनी विधानसभा से सैकड़ों कार्यकर्ता भी मौजूद रहें। छावनी विधायक हसन रूमी ने कहा कि जिस तरह से एसआईआर प्रक्रिया चलाई जा रही है।

# उद्योग व्यापार मंडल नानपारा ने 700 जरूरतमंदों को बांटे कंबल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल नानपारा के तत्वावधान में इंडियन बैंक के निकट स्थित व्यापारी राजेश भीमराजका के आवास पर कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कंबल वितरण के साथ-साथ व्यापारी संगोष्ठी भी आयोजित की गई। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल नानपारा के अध्यक्ष अब्दुल मुशीर सेठ सहित संगठन से जुड़े सभी पदाधिकारियों का पूर्ण सहयोग रहा। थाना नानपारा के प्रभारी निरीक्षक राजनाथ सिंह भी कार्यक्रम में शामिल हुए और अपने हाथों से जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए। उन्होंने इस सामाजिक कार्य के लिए व्यापार मंडल नानपारा की सराहना की। व्यापार मंडल द्वारा नगर नानपारा के बेसहारा, बुजुर्ग एवं असहाय लोगों को कंबल वितरित किए गए। इस दौरान व्यापारियों की गोष्ठी को भी संबोधित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत लगभग 700 जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए गए। मंडल के जिला उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ व्यापारी राजेश अग्रवाल ने कहा कि जब-जब देश पर किसी प्रकार की आपदा आई है, तब-तब संगठन ने गरीब, असहाय और बेसहारा लोगों की सहायता में बढ़-चढ़कर अपनी जिम्मेदारी निभाई है। उन्होंने कहा कि कोरोना काल, बाढ़ जैसी आपदाओं तथा अग्निकांड जैसी घटनाओं में भी संगठन का योगदान सराहनीय रहा है। इस कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने में नगर के प्रतिष्ठित व्यापारी विनोद सिंघानिया का विशेष योगदान रहा। इस मौके पर राजेश भीमराजका, ओम छापड़िया, नरेश अग्रवाल, रामकिशोर अग्रवाल, सुरेश शाह, चंदन, बिल्लू सिंघानिया, उमेश शाह, गोपाल टेकरीवाल, तेज प्रकाश अग्रवाल, फखरुद्दीन खान, नसीरुद्दीन, मोहम्मद आदिल, जीशान हाशमी सहित दर्जनों व्यापारी एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

# वैज्ञानिक प्रबंधन आम की खेती को ज्यादा लाभकारी और स्थिर बना सकता है

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। आम के बाग की सेहत और अच्छी पैदावार के लिए जनवरी व फरवरी का समय बेहद बहुत ज्यादा महत्वपूर्ण माना जाता है। कृषि विज्ञान केंद्र नानपारा, बहराइच के कृषि वानिकी विशेषज्ञय उमेश कुमार ने बताया कि इस अवधि में सही मैनेजमेंट किया जाए तो फूलों की गुणवत्ता सुधरती है, और फल-सेट बेहतर मिलता है। उन्होंने बताया कि जनवरी माह में बाग की सफाई, सूखी व रोगग्रस्त टहनियों की छंटाई, और पत्तों-टहनियों को हटाकर हवादार छत्रक बनाना जरूरी है। इसी समय पाला/ठंड से बचाव के लिए हल्की सिंचाई या धुआं करने जैसे उपाय अपनाए जा सकते हैं। फरवरी में आम में बौर (फूल) निकलने लगता है, इसलिए कीट-रोग प्रबंधन सबसे अहम हो जाता है। विशेषकर मंजरि भुनगा (हॉपर) और चूर्णी फफूंदी पर नजर रखें। जरूरत पड़ने पर अनुशंसित दवाओं का छिड़काव करें। संतुलित पोषक तत्व प्रबंधन के लिए जिंक, बोरॉन जैसे सूक्ष्म पोषक तत्वों का फोलियर स्प्रे भी लाभकारी रहता है। विशेषज्ञय ने किसानों को सलाह दी कि वे अनुशंसित मात्रा में ही रसायनों का प्रयोग करें, मौसम की स्थिति को ध्यान में रखते हुए छिड़काव करें और किसी भी समस्या की स्थिति में कृषि विज्ञान केंद्र, नानपारा से संपर्क करें। सही समय पर किया गया यह वैज्ञानिक प्रबंधन आम की खेती को ज्यादा लाभकारी और स्थिर बना सकता है।

# पंच प्यारों की अगुवाई में निकला नगर कीर्तन

## गतका दल ने दिखाए हैरतअंगेज करतब, व्यापार मंडल ने स्वागत में पुष्प वर्षा की और पंच प्यारों को सरोफा भेंट किया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। रविवार को गुरुद्वारा श्री सिंह सभा ब्लॉक रोड से सिक्ख पंथ के दसवें गुरु गोविंद सिंह महाराज के प्रकाश पर्व के मौके गुरुद्वारा सिंह सभा से नगर कीर्तन विशाल शोभायात्रा के रूप में पंज प्यारों की अगुआई में निकला नगर कीर्तन में गुरु ग्रंथ साहिब की सवारी भी शामिल हुई इस दौरान संगत ने गुरबाणी कीर्तन करते हुए सेवा का संदेश दिया नगर कीर्तन की शुरुआत गुरुद्वारा साहिब सिंह सभा से शुरू होकर ब्लॉक रोड, नगर पालिका, स्टेशन रोड, तिरंगा चौराहा, मैंन मार्केट, पकड़िया चौराहा, कोतवाली से होती हुई फिर गुरुद्वारा पहुंची नगर कीर्तन को लेकर शहर में कई जगह पर स्वागत द्वार बनाए गए, जहां बड़ी संख्या में सर्व समाज के लोगों ने कीर्तन का स्वागत किया इसके साथ-साथ ही साफ-सफाई सेवा के तहत पूरे शहर की सफाई की गई और सेवा का संदेश दिया गया नगर कीर्तन के दौरान कई जगह पर अखाड़ा प्रदर्शन किए गए जहां एक से बढ़कर एक प्रस्तुति हुई नगर कीर्तन के गुरुद्वारा पहुंचने के बाद प्रकाश पर्व के मौके पर आतिशबाजी की गई और गुरु के अटूट लंगर का आयोजन हुआ गुरुद्वारे के सचिव ने बताया कि गुरु पर्व की तैयारी को लेकर साफ सफाई और लंगर सेवा की गई है गुरुद्वारा परिसर को टेंट और लाइट से डेकोरेट किया गया है उन्होंने बताया कि गुरुद्वारे में साफ सफाई की सेवा और लंगर तैयार करने की सेवा की गई गुरुद्वारे गुरबाणी कीर्तन से संगत को निहाल किया प्रकाश पर्व के मौके पर दोपहर में गुरु का अटूट लंगर वितरण होगा और दोपहर 2 बजे के बाद सामूहिक अरदास के उपरांत दीवान की समाप्ति होगी इस दौरान महिलाएं भी कीर्तन कर रही थीं तो बच्चे और युवा करतब दिखा रहे थे कीर्तन के दौरान बच्चों में काफी उत्साह देखने को मिला नगर कीर्तन का जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पों के साथ जोरदार स्वागत किया नगर कीर्तन में गुरु गोविंद सिंह जी के पावन नाम की धूम रही नगर कीर्तन में सबसे आगे पंचप्यारे चल रहे थे उनके पीछे नगर कीर्तन में स्कूल के बच्चे, शबद कीर्तन जत्था और श्री गुरुग्रंथ साहिब महाराज की पालकी थी बैंड शबद गायन की धुन बजाते चल रहा था इस अवसर पर कीर्तनी जत्थों ने शबद गायन से संगत को निहाल किया नगर कीर्तन में शामिल स्कूली छात्राएं पारंपरिक परिधान में नजर आईं नगर कीर्तन के दौरान चित्र प्रदर्शनी में सिख इतिहास का मनमोहक वर्णन भी किया गया था पालकी में गुरु ग्रंथ साहिब विराजमान रहे इस दौरान संगत द्वारा शबद कीर्तन गूंजते रहे और 'जो बोले सो निहाल, सत श्री अकाल' के जयकारों से नगर गुंजायमान हो उठा पंच प्यारे पारंपरिक वेशभूषा में आकर्षण का केंद्र रहे इस अवसर पर संगत ने गुरु गोविंद सिंह जी के त्याग, बलिदान और मानवता के लिए दिए गए संदेशों को आत्मसात करने का संकल्प लिया नगर कीर्तन शांतिपूर्ण एवं अनुशासित वातावरण में संपन्न हुआ, जिसमें पुलिस प्रशासन भी सुरक्षा व्यवस्था के लिए मुस्तैद रहा इस शोभायात्रा में विधायक विधायक बाबूराम पासवान और समाजसेवी अशोक खंडेलवाल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए विधायक ने श्रद्धालुओं को इस दौरान फल वितरित किये वही व्यापार मण्डल के तमाम पदाधिकारी और सर्राफा संघ के लोगो ने मौके पर सरोफा भेंट कर पुष्प वर्षा की और व्यापार मण्डल के हंसराज गुलाटी के निर्देशन पर व्यापार मण्डल के संगठन मंत्री अशोक खंडेलवाल के नेतृत्व मे सभी पदाधिकारियों ने पंच प्यारो का सरोफा भेंट कर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया इस मौके पर तहसीलदार आशीष गुप्ता, अभिषेक त्रिपाठी, कोतवाल पवन पाण्डेय, विधायक बाबूराम पासवान, समाजसेवी अशोक खंडेलवाल, बलजीत सिंह खैरा, विजय पाल सिंह विक्की, दीपक अग्रवाल, नवीन अग्रवाल, सुरेन्द्र अग्रवाल, समरवीर सिंह, आतिफ खान शाहजी खान, हरगोविंद बाजपेई, अनुज गुप्ता सभासद, संजय गुप्ता, मुकेश वर्मा, विपिन बाबू, सुशील वर्मा, आशीष रस्तोगी, विजय नागी, राहुल जायसवाल, संदीप खंडेलवाल आदि तमाम व्यापारी मौजूद रहे हैं।







## समाजसेवी किन्नर प्रेमा बुआ ने जरूरतमंदों को वितरित की गर्म कपड़े व साड़ियां



कैनविज टाइम्स संवाददाता

### सेवा धर्म सर्वोपरि : कविराजदेव जी महाराज

सुलतानपुर। कोइरीपुर रेलवे स्टेशन के समीप सिंहौली में स्थित प्रख्यात सत्यधाम आश्रम पर प्रायः जनजागरण, स्वास्थ्य सेवा, सामाजिक सेवा, सत्संग, कीर्तन एवं भंडारे का कार्यक्रम होता रहता है। विभिन्न जनपदों से आस्था रखने वाले श्रद्धालु प्रत्येक रविवार को एकत्रित होकर लाभान्वित होते हैं। आश्रम में सावित्री बाई फुले जयंती कार्यक्रम के अवसर पर गद्दीधीश आचार्य, सत्यसमदर्शी कविराजदेव जी महाराज की अध्यक्षता में समाजसेवी प्रेमा बुआ के द्वारा 51 जरूरतमंद महिलाओं को गर्म कपड़े, साड़ियां एवं नकदी वितरण किया गया साथ ही महिलाओं को जागरूकता का संदेश भी दिया गया। मौके पर सुधा देव, बबलू गुप्ता, अनिल मिश्र, लालता प्रसाद यादव, शिवानी विश्वकर्मा, रीता मौर्या, शुभम, देवांश देव, अभिषेक, दर्शिता, अंजली, ओम प्रकाश, संजय पाल, मंजू बरनवाल, स्नेहा विश्वकर्मा, केदारनाथ मिश्र, आदि लोग मौजूद रहे।

## पैसों के लालच में सास को बहू ने हिस्ट्रीशीटर के साथ उतारा था मौत के घाट

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । थाना मुसाफिरखाना पुलिस ने हत्या का खुलासा करते हुये चार लोगों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है जिनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल यूकेलिप्टस व बांस का डण्डा बरामद किया गया है। पुलिस ने पकड़े गये युवकों को जेल भेज दिया गया है। थाना क्षेत्र के गांव पूरे मोहम्मद नेवाज निवासिनी सुनीता पत्नी सुरेश कुमार ने बीती एक जनवरी को थाना मुसाफिरखाना पर लिखित तहरीर दी थी कि जमीनी विवाद की बात को लेकर वादिनी की सास शिवपता को ग्राम प्रधान के पति मोहम्मद तौकीर के फार्म हाउस पर जमीन के सम्बन्ध में बात करने हेतु बुलाकर एक राय होकर वादिनी की सास पर लाठी डण्डे से हमलाकर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। इलाज के दौरान उनकी सास शिवपता की मृत्यु हो गयी है। उक्त तहरीर पर पुलिस ने प्रधान पति समेत पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस अधीक्षक द्वारा उक्त घटना के शीघ्र अनावरण व अभियुक्तों का निर्देश दिया गया था।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थाना मुसाफिरखाना पुलिस द्वारा सीसीटीवी फुटेज, काल रिकार्डिग व विभिन्न माध्यमों से गहराई से छानबीन करते हुये उपरोक्त अभियोग में प्रकाश में आये मोईन पुत्र जान मोहम्मद निवासी पूरे नेवाज,संतोष पुत्र राम अभिलाख, बृजेश पुत्र सुरेश निवासीगण पूरे मंसूरशाह मजरे पूरे नेवाज थाना मुसाफिरखाना व सुनीता पत्नी सुरेश निवासी पूरे मंसूरशाह मजरे पूरे नेवाज थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई पूंछतांछ में मोईन ने बताया कि उसका जहीद उल्ला उर्फ जहीद से एक मुकदमा चल रहा है जो ट्रायल पर आ गया है व गवाही चल रही है। इस मुकदमे से बचने व प्रधान का चुनाव लड़ने के लिये व अपने चाचा तौहीद और दोस्त संतोष के साथ मिलकर योजना बनाया कि गांव की ही शिवपता से हर्षवर्द्धन व जयवर्द्धन से जमीन का विवाद चल रहा है अगर शिवपता की तरफ से एससी एसटी व गंभीर धाराओं में मुकदमा गांव के प्रधान तौकीर, उनके दामाद जहीद, उनके साढू बल्लन एवं हर्षवर्द्धन व जयवर्द्धन के खिलाफ लिख जायेगा तो ये लोग जेल चले जायेगे और मेरे मुकदमें में मेरे हिसाब से गवाही दे देगें और मुकदमा छूट जायेगा। हर्षवर्द्धन व जयवर्द्धन जेल चले जायेगे तो बेचने के लिये जमीन मिल जायेगी। इसी योजना के तहत इकतीस दिसम्बर को मृतका शिवपता की बहू सुनीता द्वारा प्रधान पति तौकीर के पास फोन कराया गया की तुम्हारे यहां आ रहे हैं। सुनीता अपने सास को लेकर खेतों की तरफ बढी तभी योजना के अनुसार मृतका का नाती बृजेश व घटना का मास्टरमाइड मोईन का दोस्त शोएब एक तरफ से व दूसरी तरफ से मोईन आया । सुनीता व उनकी सास की रेकी मोईन का दूसरा दोस्त संतोष कर रहा था, जैसे ही सुनीता व उनकी सास गांव के बाहर खेतों के पास पहुंचे कि बृजेश, शोएब व मोईन ने यूके लिप्टस और बांस के डण्डे से मारकर घायल कर दिया जिनकी इलाज के दौरान मृत्यु हो गयी। एसपी ने पुलिस टीम को पन्द्रह हजार रुपये का नकद पुरस्कार दिया है। इस सम्बंध में थाना मुसाफिरखाना के प्रभारी निरीक्षक विवेक कुमार सिंह ने बताया पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये लोगों को जेल भेज दिया गया है।

### यातायात पुलिस ने चलाया डग्गामार वाहनों के खिलाफ चेकिंग अभियान

पीलीभीत। पुलिस उपमहानिरीक्षक एवं पुलिस अधीक्षक पीलीभीत के निर्देशन में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत यातायात पुलिस द्वारा डग्गामार वाहनों के विरुद्ध,अवैध रूप से संचालित व नियतन से अधिक सवारी बैठाकर चलने वाले तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले दो पहिया व चार पहिया वाहन चालकों के विरुद्ध चेकिंग कर विधिक कार्यवाही की जा रही है । जनपदीय यातायात पुलिस टीम द्वारा जनपद के प्रमुख मार्गों, बस अड्डों व भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में अतिक्रमण हटवाते हुए विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया जिसमें विभिन्न चौराहो पर वाहन चालक एवं आमजनमानस को यातायात नियमों के प्रति जागरुक किया गया तथा यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गयी। *इसके अतिरिक्त यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के 158 चालान करते हुए 1,42,000/- रुपये शमन शुल्क अधिरोपित किया गया व 35 डग्गामार वाहनों पर कार्यवाही की गयी है।

## हथियानाला पर बनेगा नया विद्युत शवदाहगृह : विनोद सिंह



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। शहर के विनोबा पुरी मोहल्ले स्थित हथियानाला पर नया विद्युत शवदाहगृह बनाया जाएगा। इसके लिए शासन स्तर पर वार्ता चल रही है। जल्द यह योजना धरातल पर उतर आएगी। बल्दीराय तहसील के 57 गांव सदर तहसील में शामिल किए जाने के विषय पर जिला पंचायत के सभाकक्ष में पूर्व मंत्री एवं शहर विधायक विनोद सिंह की तरफ से पत्रकार वार्ता रविवार दोपहर आयोजित की गई। पत्रकार वार्ता के दौरान शहर के ट्रैफिक जाम के मुद्दे पर विस्तार से चर्चा की गई। शहर विधायक विनोद सिंह ने कहा कि शहर के ठेला खोमचा और अवैध अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों को एक स्थान पर लाने के लिए जिलाधिकारी से वार्ता चल रही है। रोडवेज स्टेशन पर जाम खत्म करने के लिए प्रयास चल रहा है। जल्द बस स्टेशन शहर से दूर स्थापित करने का काम किया जाएगा। इसके लिए हम और जिलाधिकारी कुमार हर्ष तेजी से इस काम में लगे हुए हैं। मजदूर मंडी फ्लाईओवर के नीचे स्थापित करने को लेकर भी बड़ी तेजी से कार्य किया जा रहा है। इसके लिए पूर्वसांसद मेनका गांधी की तरफ से भी प्रयास किया गया था। जिसको अमलीजामा पहनाने के लिए हम लगातार प्रयासरत हैं। अधिकारियों के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में व्यस्त रहते हुए जनता की समस्याओं से दूर रहने की 77 विधायक ने आपत्ति जताई और खेद प्रकट किया।

## नगर कीर्तन में पहुंचे सपा नेता पंच प्यारों का किया सम्मान आस्था का उमड़ा जन सैलाब



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।नगर में आयोजित भव्य नगर कीर्तन में समाजवादी पार्टी ने सक्रिय सहभागिता निभाई। इस अवसर पर सपा नेता राजकुमार 'राजू' विशेष रूप से मौजूद रहे। नगर कीर्तन के दौरान समाजवादी पार्टी की ओर से श्रद्धालुओं एवं प्रतिभागियों के लिए सूक्ष्म जलपान की व्यवस्था की गई तथा पंच प्यारों को सरोपा पहनाकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर मास्टर गुरूदयाल सिंह ,जिला उपाध्यक्ष पवन सिंह यादव, छात्र नेता नोमान अली वारसी,संजय सिंह यादव एवं लखविंदर सिंह पन्नू भी कार्यक्रम में सम्मिलित रहे।इस मौके पर सपा नेता राजकुमार 'राजू' ने कहा कि सेवा और सम्मान ही हमारी राजनीति की पहचान है। पंच प्यारों का सम्मान कर हमें गर्व की अनुभूति हुई है। समाजवादी पार्टी समाज के हर वर्ग, हर धर्म और हर समुदाय के साथ खड़ी है।नगर कीर्तन में समाजवादी पार्टी की सहभागिता को लोगों ने सराहा और इसे सामाजिक एकता का सशक्त संदेश बताया इस दौरान बड़ी संख्या मे सपा नेता एवं कार्यकर्ताओं की उपस्तिथि रही हैं।

### यातायात पुलिस ने वाहनों का चालान कर दो लाख तीस हजार रुपया जुर्माना लगाया

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के चतुर्थ दिवस पर थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक में यातायात नियमों की जानकारी देकर जागरुक किया गया और एक सौ पचानबे वाहनों का चालान कर दो लाख तीस हजार रुपये का जुर्माना योजित किया गया।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में सड़क सुरक्षा के प्रति आमजनमानस को जागरुक करने व सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु रविवार को राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के चतुर्थ दिवस पर यातायात पुलिस द्वारा जागरुकता अभियान चलाकर थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक अन्तर्गत कस्बा रानीगंज में आमजनमानस को यातायात नियमों की जानकारी दी गयी तथा वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने, दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट व चार पहिया वाहन चलाते समय सीटबेल्ट का प्रयोग करने, निर्धारित गति सीमा से अधिक गति में वाहन न चलाने व निर्धारित सीमा से अधिक सवारी न बैठाने की अपील की गयी तथा जागरुकता संबंधी पंपलेट वितरित किये गये।कोहरे व खराब मौसम को देखते हुये वाहनों में रेट्रो रिफलेक्टर टेप लगाये गये । यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाकर कुल एक सौ पचानबे वाहनों का चालान कर दो लाख तीस हजार रुपये जुर्माना योजित किया गया।

### मतदान केंद्र एपी इंटर कॉलेज में स्थित कई भाग संख्याओं में हुआ परिवर्तन



पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। एसआईआर प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद जो वोटर मतदाता सूची अपडेट होकर आई है। उसमे भाग संख्या में बदलाव किया गया है। बाकी नाम अपडेट सूची को 06 जनवरी के बाद देखा जा सकता है नगर में स्थित आर्य पाठशाला इंटर कॉलेज इंटर निकट रामलीला गेट के पास जो मतदाता वोट डालते थे इनकी भाग संख्या पहले को संशोधित करके बदलाव किया गया है जो इस प्रकार है। भाग संख्या 310 अब 336 रवि वाला वीएलओ,भाग संख्या 311 अब 337 प्रीति मिश्रा वीएलओ, भाग संख्या 312 अब 338 भुवनेश्वरी वीएलओ,भाग संख्या 313 अब 339 सितारा बी वीएलओ, भाग संख्या 314 अब 340 जितिन सिंह वीएलओ हैं। किसी भी मतदाता को किसी प्रकार की समस्या हो तो उपरोक्त वीएलओ से संपर्क स्थापित कर अपनी समस्या का समाधान कर सकता है।

### क्विज की विनर्स लिस्ट में माहेश्वरी ने जीती स्कूटी

'सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। एक दैनिक ऐप पर 5 नवंबर से चल रहे 'जीतो ? 1 करोड़ डेली' के बंपर प्राइज विनर्स की लिस्ट जारी हो गई, लगातार 59 दिन चले इस क्विज में सुल्तानपुर के सामाजिक कार्यकर्ता गोमती मित्र मंडल व काउंसिल आफ उद्योग व्यापार मंच के प्रदेश प्रवक्ता/मीडिया प्रभारी रमेश माहेश्वरी प्रथम पुरस्कार के रूप में ई स्कूटी के विजेता घोषित हुये। सूचना मिलते ही उनके परिवारीजन व मित्रगण खुशी से झूम उठे और उन्हें बधाई दी। सीताकुण्ड धाम पर गोमती मित्रों ने उन्हें लड्डू खिलाकर बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की। रमेश माहेश्वरी ने इसे माँ गोमती का प्रसाद बताया।

### दबंगों की पिटाई से युवक का टूटा पैर मुकदमा दर्ज

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर के मोहल्ला साहूकारा लाइनपार के रहने वाले अजय वर्मा की ओर से दर्ज मुकदमे में बताया कि वह स्टेशन से मूंगफली खरीद कर घर आ रहा था तभी रास्ते में दबंगों ने युवक को बेरहमी से पीट दिया जिससे गंभीर चोटें आई है पैर की हड्डी टूट गई है पीड़ित ने मामले में मुकदमा दर्ज करने के लिए थाने में तहरीर दी थी और थाने में शिकायत दर्ज न कराने की धमकी दी और करने पर जान से मारने की धमकी देते दी पुलिस ने तहरीर की आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### अनजान लिंक पर क्लिक करते ही खाते से निकल गए 4,20,000 लाख साइबर ठगों ने घटना को दिया अंजाम

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर के मोहल्ला कायस्थान के मुनीश जायसवाल के साइबर ठगों ने बैंक खाते से लिंक से मोबाइल हैक कर चार लाख बीस हजार रुपये उड़ा लिए पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है मुनीश जायसवाल निवासी कायस्थान ने पुलिस को दी तहरीर में बताया एक अज्ञात व्यक्ति ने उनके मोबाइल नंबर पर एक लिंक भेजा उन्होंने जैसे ही लिंक खोला, बैंक खाते से चार लाख बीस हजार रुपये निकल गए पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया इस संबंध में थाना प्रभारी पवन पाण्डेय ने बताया कि मामला साइबर ठगी से संबंधित है ठगों की पहचान के लिए साइबर सेल की मदद ली जा रही है।

## रामानंद मिश्रा जिलाध्यक्ष व आशुतोष महासचिव निर्वाचित

### जर्नलिस्ट काउंसिल ऑफ इंडिया की कार्यकारिणी गठित

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सुलतानपुर। आज नवगठित संगठन जर्नलिस्ट काउंसिल ऑफ इंडिया के बैनर तले एक महत्वपूर्ण बैठक प्रेस क्लब में जिलाध्यक्ष रामानन्द मिश्रा के नेतृत्व में आयोजित की गई।

बैठक में संगठन द्वारा मनोनीत सभी पदाधिकारियों को सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया। अनुमोदित पदाधिकारियों में संरक्षक नीरज तिवारी, जिलाध्यक्ष रामानन्द मिश्रा, उपाध्यक्ष कमल नयनम तिवारी, महासचिव आशुतोष तिवारी एवं संगठन मंत्री अवधेश गुप्ता, मीडिया प्रभारी अनिल कुमार निषाद शामिल हैं। वहीं जिला स्तरीय संगठन के शेष पदों पर सर्वसम्मति से श्रीश शुक्ला (एडवोकेट, उच्च न्यायालय लखनऊ), अखण्डानन्द शुक्ला एवं श्रवण कुमार मिश्रा को संयुक्त रूप से विधिक सलाहकार तथा इन्द्र नारायण तिवारी को संरक्षक एवं रणविजय सिंह को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। बैठक में पत्रकारों की एकता, संगठन की मजबूती एवं आपसी समन्वय को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही संगठन के विस्तार एवं पत्रकारों की विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए यह संकल्प लिया गया कि हर परिस्थिति में पत्रकार की बात को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। इस अवसर पर संगठन के संरक्षक इन्द्र नारायण तिवारी ने कहा कि पत्रकार छोटा या बड़ा नहीं होता, सभी समान होते हैं। पत्रकार को पत्रकार बनकर कार्य करना चाहिए, न कि किसी पक्षकार की भूमिका में। उन्होंने कहा कि पत्रकारों की एकजुटता ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है, जिससे न केवल पत्रकारों के हितों की रक्षा संभव है, बल्कि समाज में निष्पक्ष, निर्भीक और जिम्मेदार पत्रकारिता को भी मजबूती मिलती है। बैठक में मौजूद पत्रकारों ने एक स्वर में कहा कि खबरों पर कार्रवाई न होना, सूचना विभाग का अपेक्षित सहयोग न मिलना, मैदानी पत्रकारों की सुरक्षा का अभाव और प्रशासनिक अनदेखी जैसे मुद्दे अब बर्दाश्त के बाहर हैं। वक्ताओं ने स्पष्ट किया कि जब पत्रकार सुरक्षित नहीं होंगे, तब निष्पक्ष और निर्भीक पत्रकारिता संभव नहीं है। पत्रकारों ने सवाल उठाया कि गंभीर खबरें प्रकाशित होने के बाद भी जिम्मेदार विभागों द्वारा चुप्पी साध लेना लोकतंत्र के लिए खतरनाक संकेत है। सूचना तंत्र को जवाबदेह बनाने और पत्रकारों को सुरक्षा देने की मांग प्रमुखता से रखी गई। बैठक में संगठन की ओर से यह निर्णय लिया गया कि अब पत्रकार हितों के लिए निर्णायक संघर्ष होगा। समस्याओं के समाधान हेतु प्रशासन से सीधा संवाद, संगठित पहल और आंदोलनात्मक रणनीति अपनाई जाएगी। संबंधित स्तर पर शीघ्र समाधान का आश्वासन भी दिया गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने कहा कि पत्रकारों के सम्मान, अधिकार और सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। संगठन हर पत्रकार की ढाल बनकर खड़ा रहेगा। यह बैठक न सिर्फ संगठन के विस्तार की घोषणा थी, बल्कि अन्य पत्रकार संगठनों और प्रशासन के लिए एक साफ संदेश भी अब पत्रकार संगठित हैं, सजग हैं और अपने अधिकारों के लिए तैयार हैं। इस मौके पर पत्रकार रंजीत सिंह, विजयधर पाठक, करुणाशंकर पांडेय, वीरेंद्र श्रीवास्तव, अजय तिवारी, उदय प्रताप सिंह, उदयभान सिंह, डॉ राधे श्याम यादव, दिनेश यादव, अनिल गुप्ता, सोनू तिवारी, सुभाष उपाध्याय, दीपक गुप्ता, सुरेंद्र मिश्रा, नितिन मिश्रा, शिव मंगल, पंकज तिवारी सहित दर्जनों पत्रकार मौजूद रहे।

## सम्पादकीय

# जानलेवा पेयजल

यह शर्मनाक है कि जिस शहर को पिछले सात सालों से देश के सबसे स्वच्छ शहर का तमगा दिया जा रहा था, वहां पेयजल में सीवर का पानी मिल जाने से एक दर्जन से अधिक लोगों की मौत हो जाए। बताया जाता है कि इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति करने वाली पाइपलाइन में सीवर के पानी के रिसाव से हजारों लोगों का जीवन खतरे में पड़ गया। घटनाक्रम के बाद सौ के करीब लोग अस्पताल में भर्ती हुए और सैकड़ों लोग दूषित पेयजल के उपयोग से बीमार हैं। वैसे भी किसी सभ्य समाज में व्यक्ति आत्मग्लानि से यह सुनकर बीमार हो जाएगा कि जिस पानी को उसने उपयोग किया, उसमें सीवर का गंदा पानी मिला था। निस्संदेह, यह गंभीर प्रशासनिक लापरवाही ही है, जिसके चलते हजारों लोगों का जीवन संकट में पड़ गया। नगर निगम ही नहीं, इस महकमे से जुड़े सभी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। दरअसल, इंदौर लगातार भारत के सबसे स्वच्छ शहर का दर्जा हासिल करता रहा है तो इस दुर्घटना ने पूरे प्रकरण को राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय मीडिया की सुर्खी बना दिया। इस दुखद स्थिति के चलते मानवाधिकार आयोग और मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय को हस्तक्षेप करने के लिये बाध्य होना पड़ा। विडंबना यह है कि नागरिकों ने पहले ही दूषित पेयजल आपूर्ति की शिकायत की थी, लेकिन नागरिकों के स्वास्थ्य की रक्षा के लिये जवाबदेह अधिकारी तब हरकत में आए, जब कई लोगों की जान जा चुकी थी। यहां तक कि इस निर्वाचन क्षेत्र के प्रतिनिधि और राज्य के नगरीय विकास मंत्री, जिनके अधीन पेयजल आपूर्ति का महकमा आता है, उनकी संवेदनहीन बयानबाजी ने लोगों का आक्रोश बढ़ाया है। हालांकि, तल्ख आलोचना के बाद मंत्री ने खेद जताया है। यहां तक कि इस घटना के बाद मध्यप्रदेश की मुख्यमंत्री रह चुकी वरिष्ठ भाजपा नेत्री उमा भारती ने भी दोषियों से प्रायश्चित करने व दंड देने की मांग की है। लेकिन सवाल यह है कि क्या कुछ छोटे स्तर के अधिकारियों के निलंबन और स्थानांतरण से इन मौतों के लिये जिम्मेदार लोगों का प्रायश्चित हो पाएगा? लेकिन विडंबना है कि यह समस्या केवल इंदौर तक ही सीमित नहीं है, बल्कि देश के छोटे-बड़े शहरों में गाहे-बगाहे दूषित जल आपूर्ति के मामले प्रकाश में आते रहे हैं। दुर्घटना के बाद जांच समितियों का गठन, मुआवजे की घोषणा और कनिष्ठ अधिकारियों का निलंबन मामले में लीपापोती का उपक्रम बन चुका है। नववर्ष की पूर्व संध्या पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'सुधार, क्रियान्वयन और रूपांतरण' के मंत्र पर जोर दिया था। तब उन्होंने प्रक्रियाओं को सरल बनाने और जीवनयापन को सुगम बनाने के लिये प्रणालियों को अधिक अनुकूल बनाने की आवश्यकता पर भी बल दिया था। सवाल है कि जब नागरिकों को स्वच्छ हवा और जल जैसी बुनियादी आवश्यकताओं से वंचित रखा जाएगा तो जीवनयापन को सुगम कैसे बनाया जा सकता है? मध्य प्रदेश की दोहरे इंजन वाली सरकार इस मोर्चे पर पूरी तरह से विफल रही है। कोई भी बड़ी योजना व नारा तब तक अर्थहीन है जब तक उन्हें जमीनी स्तर पर ठोस कार्रवाई का समर्थन प्राप्त न हो। सर्वोच्च न्यायालय ने बार-बार इस बात पर जोर दिया है कि स्वच्छ पर्यावरण का अधिकार अनुच्छेद-21 के तरह जीवन के मौलिक अधिकार का हिस्सा है। इंदौर की त्रासदी दर्शाती है कि शहरी बुनियादी ढांचे के खराब रखरखाव के कारण इस अधिकार का उल्लंघन कितनी आसानी से हो सकता है। निष्कर्ष यह भी है कि स्वच्छता रैंकिंग, स्मार्ट सिटी के दावे और शासन संबंधी नारे व्यवस्थागत नाकामी को छिपा नहीं सकते। इंदौर की घटना के बाद देश के सभी राज्यों में संबंधित विभागों व स्थानीय निकायों को पेयजल से जुड़ी व्यवस्था का ध्यान रखना होगा कि कहीं पेयजल आपूर्ति लाइन जर्जर होकर दूषित पानी से तो नहीं मिल रही है। पेयजल आपूर्ति करने वाली मुख्य पाइप लाइनों का नियमित रूप से अवलोकन होना चाहिए। इस बाबत मंत्रालय और निकाय के अधिकारियों की जवाबदेही तय होनी चाहिए। ऐसे गंभीर मामलों में लापरवाही के दोषियों को सख्त सजा देने का भी प्रावधान होना चाहिए। यह मामला गैर इरादतन हत्या जैसा भी तो है।

# इन्दौर की जल-त्रासदी और प्रशासनिक लापरवाही का नंगा चेहरा

सबसे अधिक पीड़ादायक तथ्य यह है कि यह सब अचानक नहीं हुआ। नागरिकों ने पहले ही दूषित पानी की शिकायतें की थीं। पानी के रंग, गंध और स्वाद में बदलाव की जानकारी दी गई थी, लेकिन नगर निगम, जलप्रदाय विभाग और स्वास्थ्य तंत्र कुंभकर्णी नींद में सोए रहे। प्रशासन तब हरकत में आया जब मौतें हो चुकी थीं। यह लापरवाही नहीं, बल्कि गहरी संस्थागत असंवेदनशीलता, क्रूरता एवं अमानवीयता है। यह उस प्रशासनिक संस्कृति का परिणाम है जिसमें फाइलें और औपचारिकताएं मानव जीवन से अधिक मूल्यवान हो गई हैं। सवाल यह नहीं है कि पानी में सीवर कैसे मिला, असली सवाल यह है कि चेतावनियों के बावजूद इसे रोका क्यों नहीं गया? हर बार की तरह इस बार भी जांच समितियां बनीं, मुआवजे की घोषणाएं हुईं और कुछ अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया। भले ही अपर नगर आयुक्त को इंदौर से हटा दिया है और प्रभारी अधीक्षण अभियंता से जिम्मेदारी वापस ले ली है। लेकिन, क्या इतना काफी है? इस तरह की 'रूटीन' कार्रवाई जिम्मेदारों को सबक नहीं देतीं, बल्कि पीड़ितों का मजाक बनाती हैं। क्या इन दिखावे की कार्रवाइयों से मृतकों का प्रायश्चित हो गया? क्या इससे भविष्य में ऐसी घटनाएं रुकेंगी? सच्चाई यह है कि जांच समितियां अब जवाबदेही तय करने का नहीं, बल्कि मामले को ठंडा करने का माध्यम बन चुकी हैं। इस दुखद घटना के बाद राजनीतिक बयानबाजी ने लोगों के घावों को और गहरा किया। जिस क्षेत्र में यह त्रासदी घटी, उसके प्रतिनिधि और राज्य के नगरीय विकास मंत्री, जिनके अधीन पेयजल आपूर्ति का विभाग आता है, उनकी असंवेदनशील टिप्पणियों ने जनता के आक्रोश को बढ़ाया। बाद में खेद प्रकट किया गया, लेकिन सवाल यह है कि खेद से क्या उन परिवारों का भविष्य सुरक्षित हो जाएगा, जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया? यह सही है कि उमा भारती जैसी वरिष्ठ नेत्री ने दोषियों से प्रायश्चित और दंड की मांग की, लेकिन देश का अनुभव बताता है कि ऐसी मांगें अक्सर समय के साथ फीकी पड़ जाती हैं। मध्य प्रदेश में डबल इंजन वाली सरकार का खूब प्रचार किया जाता है, लेकिन इंदौर की घटना ने दिखा दिया कि यदि व्यवस्था की पटरियां जर्जर हों, तो इंजन कितने भी हों, दुर्घटना तय है।

स्वच्छता रैंकिंग में लगातार टॉप पर आने वाले इंदौर में दूषित पेयजल की वजह से हुई मौतें कथनी और करनी की असमानता की पौल खोलती भयावह लापरवाही का नतीजा हैं। स्थानीय लोगों का यह आरोप बेहद गंभीर है कि पानी की क्वॉलिटी को लेकर लगातार शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं की गई और दुर्भाग्य से इतनी बड़ी वारदात के बाद भी अदालत को दखल देकर स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था करने का आदेश देना पड़ रहा है। यह केवल एक दुर्घटना नहीं है और न ही इसे तकनीकी खामी कहकर टाला जा सकता है। यह घटना उस व्यवस्था का क्रूर और नंगा सच है, जो स्वच्छता के तमगों से सजी हुई है लेकिन भीतर से सड़ चुकी है। जिस शहर को लगातार सात वर्षों तक देश का सबसे स्वच्छ शहर घोषित किया जाता रहा, वहीं दूषित पेयजल के कारण पंद्रह निर्दोष लोगों की मौत हो जाना पूरे तंत्र पर एक गहरा प्रश्नचिह्न है। यह त्रासदी साबित करती है कि चमकदार रैंकिंग और पुरस्कार जीवन की वास्तविक सुरक्षा का विकल्प नहीं हो सकते। इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति करने वाली पाइपलाइन में सीवर का पानी मिल गया, जिससे हजारों लोगों का जीवन खतरे में पड़ गया। सौ से अधिक लोग अस्पताल में भर्ती हुए, सैकड़ों बीमार पड़े और अनेक परिवार हमेशा के लिए उजड़ गए। सभ्य समाज में यह कल्पना ही आत्मग्लानि से भर देने वाली है कि जिस पानी को जीवनदायिनी मानकर पिया गया, वही सीवर की गंदगी से मिला हुआ था। सबसे अधिक पीड़ादायक तथ्य यह है कि यह सब अचानक नहीं हुआ। नागरिकों ने पहले ही दूषित पानी की शिकायतें की थीं। पानी के रंग, गंध और स्वाद में बदलाव की जानकारी दी गई थी, लेकिन नगर निगम, जलप्रदाय विभाग और स्वास्थ्य तंत्र कुंभकर्णी नींद में सोए रहे। प्रशासन तब हरकत में आया जब मौतें हो चुकी थीं। यह लापरवाही नहीं, बल्कि गहरी संस्थागत असंवेदनशीलता, क्रूरता एवं अमानवीयता है। यह उस प्रशासनिक संस्कृति का परिणाम है जिसमें फाइलें और औपचारिकताएं मानव जीवन से अधिक मूल्यवान हो गई हैं। सवाल यह नहीं है कि पानी में सीवर कैसे मिला, असली सवाल यह है कि चेतावनियों के बावजूद इसे रोका क्यों नहीं गया? हर बार की तरह इस बार भी जांच समितियां बनीं, मुआवजे की घोषणाएं हुईं और कुछ अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया। भले ही अपर नगर आयुक्त को इंदौर से हटा दिया है और प्रभारी अधीक्षण अभियंता से जिम्मेदारी वापस ले ली है। लेकिन, क्या इतना काफी है? इस तरह की 'रूटीन' कार्रवाई जिम्मेदारों को सबक नहीं देतीं, बल्कि पीड़ितों का मजाक बनाती हैं। क्या इन दिखावे की कार्रवाइयों से मृतकों का प्रायश्चित हो गया? क्या इससे भविष्य में ऐसी घटनाएं रुकेंगी? सच्चाई यह है कि जांच समितियां अब जवाबदेही तय करने का नहीं, बल्कि मामले को ठंडा करने का माध्यम बन चुकी हैं। इस दुखद घटना के बाद राजनीतिक बयानबाजी ने लोगों के घावों को और गहरा किया। जिस क्षेत्र में यह त्रासदी घटी, उसके प्रतिनिधि और राज्य के नगरीय विकास मंत्री, जिनके अधीन पेयजल आपूर्ति का विभाग आता है, उनकी असंवेदनशील टिप्पणियों ने जनता के आक्रोश को बढ़ाया। बाद में खेद प्रकट किया गया, लेकिन सवाल यह है कि खेद से क्या उन परिवारों का भविष्य सुरक्षित हो जाएगा, जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया? यह सही है कि उमा भारती जैसी वरिष्ठ नेत्री ने दोषियों से प्रायश्चित और दंड की मांग की, लेकिन देश का अनुभव बताता है कि ऐसी मांगें अक्सर समय के साथ फीकी पड़ जाती हैं। मध्य प्रदेश में डबल इंजन वाली सरकार का खूब प्रचार किया जाता है, लेकिन इंदौर की घटना ने दिखा दिया कि यदि व्यवस्था की पटरियां जर्जर हों, तो इंजन कितने भी हों, दुर्घटना तय है। नववर्ष की पूर्व संध्या पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सुधार, क्रियान्वयन और रूपांतरण की बात कही थी और जीवन को सुगम बनाने के लिए प्रणालियों को अधिक अनुकूल बनाने पर जोर दिया था। लेकिन जब नागरिकों को स्वच्छ जल, स्वच्छ हवा, स्वस्थ चिकित्सा जैसी बुनियादी सुविधाएं ही सुरक्षित रूप से उपलब्ध न हों, तो जीवनयापन को सुगम बनाने की बात खोखली लगती है। सर्वोच्च न्यायालय बार-बार स्पष्ट कर चुका है कि स्वच्छ पर्यावरण और सुरक्षित जल का अधिकार संविधान के अनुच्छेद-21 के तहत जीवन के मौलिक अधिकार का हिस्सा है। इंदौर की यह त्रासदी इस अधिकार का खुला उल्लंघन है। यदि कोई व्यक्ति जानबूझकर पानी में जहरीला पदार्थ मिलाए और उससे लोगों की मौत हो जाए, तो वह गंभीर अपराध माना जाता है। फिर जब प्रशासन की लापरवाही से जहरीला पानी घर-घर पहुंचता है और लोगों की जान जाती है, तो उसे अपराध क्यों नहीं माना जाए? यह गैर-इरादतन हत्या से कम गंभीर मामला नहीं है। इंदौर की घटना यह भी उजागर करती है कि स्वच्छता रैंकिंग, स्मार्ट सिटी के दावे और चमकदार प्रचार व्यवस्थागत नाकामी को छिपा नहीं सकते। सड़कें साफ हो सकती हैं, दीवारें रंगी जा सकती हैं, लेकिन यदि पाइपलाइनों के भीतर जहर बह रहा है, तो ऐसा विकास जनता के साथ छल है। यह समस्या केवल इंदौर तक सीमित नहीं है। देश के अनेक छोटे-बड़े शहरों में जर्जर पाइपलाइनें, अवैज्ञानिक सीवर व्यवस्था और भ्रष्ट ठेकेदारी तंत्र वर्षों से नागरिकों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। कहीं हैजा फैलता है, कहीं पीलिया, कहीं दस्त और संक्रमण, लेकिन हर बार इसे स्थानीय समस्या कहकर टाल दिया जाता है। अब सवाल यह है कि क्या इंदौर की पंद्रह मौतें भी प्रशासन को जगाने के लिए पर्याप्त नहीं हैं? क्यों नहीं ऐसी घटनाओं को आधार बनाकर प्रशासन में व्याप्त भ्रष्टाचार और लापरवाही पर सख्त कार्रवाई का बुलडोजर चलाया जाता? आज जब अवैध निर्माणों और गरीब बस्तियों पर बुलडोजर चल सकता है, तो प्रशासनिक लापरवाही और भ्रष्टाचार पर क्यों नहीं? क्यों उन अधिकारियों पर आपराधिक मुकदमे दर्ज नहीं होते, जिनकी अनदेखी से लोगों की जान चली जाती है? क्यों सेवा से बर्खास्तगी और जेल की सजा जैसे कठोर कदम नहीं उठाए जाते? यह घटना पूरे देश के लिए चेतावनी है। सभी राज्यों और स्थानीय निकायों को पेयजल आपूर्ति व्यवस्था का गंभीरता से ऑडिट करना चाहिए। मुख्य पाइपलाइनों का नियमित निरीक्षण हो, सीवर और जल आपूर्ति लाइनों के बीच सुरक्षित दूरी सुनिश्चित की जाए और यह स्पष्ट तय हो कि किस स्तर का अधिकारी किस गड़बड़ी के लिए जिम्मेदार होगा। जवाबदेही केवल कागजों में नहीं, व्यवहार में दिखनी चाहिए। जब तक लापरवाही को अपराध नहीं माना जाएगा और दोषियों को वास्तविक दंड नहीं मिलेगा, तब तक ऐसी त्रासदियां दोहराती रहेंगी। आज भी देश में हर एक लाख आबादी पर औसतन लगभग 35 लोगों की दूषित पेयजल की वजह से जान जाती है। ग्लोबल एवरेज की तुलना में यह लगभग तीन गुना है। बेशक सरकार ने जल जीवन मिशन जैसे अभियान चलाए हैं, जिसकी बदौलत करीब 81 प्रतिशत ग्रामीण घरों में टैप वॉटर पहुंचाने का दावा है, लेकिन अब भी सुधार की बहुत जरूरत है। भारत ने 2047 तक विकसित देशों की कतार में खड़े होने का लक्ष्य रखा है, लेकिन पहले आम लोगों की बुनियादी जरूरतों को पूरा करना होगा। 2050 तक भारत की आबादी 1.7 अरब तक होने का अनुमान है और तब पानी के संसाधनों पर और दबाव पड़ेगा। देश को बेहतर वॉटर मैनेजमेंट के साथ सिस्टम को सुधारने की जरूरत है, तभी इस चुनौती का सामना किया जा सकता है। इंदौर की घटना केवल शोक व्यक्त करने का विषय नहीं है, यह व्यवस्था परिवर्तन की पुकार है। यदि इसे भी एक दुर्भाग्यपूर्ण हादसा कहकर भुला दिया गया, तो कल किसी और शहर में, किसी और गली में, कोई और परिवार इसी पीड़ा से गुजरेगा। जनता को अब नारों, पुरस्कारों और रैंकिंग से संतुष्ट नहीं होना चाहिए। उसे सवाल पूछने होंगे, जवाब मांगने होंगे और यह सुनिश्चित करना होगा कि स्वच्छ भारत केवल झाड़ू और प्रचार से नहीं, बल्कि जवाबदेही, ईमानदारी और संवेदनशील प्रशासन से बने। यदि इंदौर की पंद्रह मौतें भी व्यवस्था की नींद नहीं तोड़ सकीं, तो यह मानना पड़ेगा कि गंदगी केवल पानी की पाइपलाइन में नहीं, बल्कि पूरे तंत्र की नसों में बह रही है। **–ललित गर्ग**

# 2026 में हमें बहुत सारी चीजें अलग तरह से करनी होंगी

**पवन के. वर्मा**

बीते वर्ष को देखने के दो तरीके होते हैं। पहला, उसके प्रमुख घटनाक्रमों को यंत्रवत रूप से रेखांकित भर करनाय और दूसरा, उनका मूल्यांकन करना, उनके प्रासंगिक पहलुओं को चिह्नित करना और यह देखना कि आने वाले वर्ष में क्या किए जाने की आवश्यकता है। मेरे विचार से, 2025 को चार केंद्रीय मुद्दों के लिए याद किया जाएगा रू चुनाव प्रक्रिया की स्वतंत्रता और निष्पक्षता को लेकर उठते सवालय दिल्ली तथा उससे सटे क्षेत्रों में साफ हवा का संकटय हमारे पड़ोस में जारी उथल-पुथल और ट्रम्प की अप्रत्याशित हरकतों के कारण भारत-अमेरिका संबंधों में पैदा हुई अस्थिरता। बिहार में एसआईआर को जिस तरह से अंजाम दिया गया, और अब जिस तरीके से इसे पूरे देश में किया जा रहा है, वह बहुत सारे प्रश्न अनुत्तरित छोड़ देता है। यहां मतदाता सूची की शुचिता सुनिश्चित करने के चुनाव आयोग के अधिकार पर सवाल नहीं हैं। लेकिन जिस अंदाज में वो अपनी इस जिम्मेदारी का निर्वहन करता है, वह जरूर चिंताओं के दायरे में है। यह धारणा लगातार मजबूत हो रही है कि इस प्रक्रिया में पर्याप्त पारदर्शिता का अभाव है। और यह इस अन्य धारणा का परिणाम है कि संवैधानिक व्यवस्था के अनुसार चुनाव आयोग की स्वायत्तता अपेक्षित स्तर की नहीं रह गई है। वास्तविक लोकतंत्र यह सुनिश्चित करते हैं कि प्रतिस्पर्धी दलों के बीच होने वाले चुनाव निष्पक्ष हों और उनके नियम सभी पर समान रूप से लागू हों। इसके लिए स्वतंत्र चुनाव आयोग अनिवार्य है। और इसके लिए यह जरूरी है कि उसके आयुक्त तटस्थ हों। वे किसी दल के प्रति झुके न हों। यदि यह विश्वास खंडित होता है तो चुनावों की वैधता सवालों के घेरे में आ जाती है। 2025 ने इस संदर्भ में एक चेतावनी दी है। 2026 को आवश्यक सुधार सुनिश्चित करने होंगे। 2025 में जारी वायु संकट- जिसने उत्तर भारत को हांफने पर मजबूर कर दिया और दिल्ली के निवासियों का दम घोंट दिया- ने भी नागरिकों को यह पूछने पर विवश किया कि यह समस्या हर साल क्यों दोहराई जाती है? इससे भी अधिक महत्वपूर्ण सवाल यह है कि जब इसके भयावह नतीजे अच्छी तरह से मालूम हैं, तब भी सरकार इसे ठीक करने के लिए ठोस कदम क्यों नहीं उठाती? सरकार को इस आपदा के सामने असहाय देखना इस धारणा को जन्म देता है कि सत्ता में बैठे लोग केवल वहीं पर सक्रिय होते हैं, जहां वोट दांव पर हों। नागरिकों की ओर से यदि कोई संगठित पहल नहीं हो तो सरकारें बस इंतजार करती रहती हैं कि सालाना संकट अपने आप टल जाए। लेकिन 2025 ने संकेत दिया है कि लोग अब कह रहे हैं रू बहुत हुआ। 2026 वह वर्ष हो सकता है, जब नागरिक जवाबदेही की मांग करें। और तब सरकार को कार्रवाई करनी ही होगी। अंतरराष्ट्रीय मोर्चे पर, पहले नेपाल और फिर बांग्लादेश में उभरे जेन-जी विद्रोह ने भारत को अलग-थलग करने की चीन और पाकिस्तान की दुर्भावनापूर्ण मंशाओं को आगे बढ़ाने में मदद ही की। विशेष रूप से बांग्लादेश में शेख हसीना को उनके शासन के प्रति बढ़ती अलोकप्रियता के बारे में समय रहते सचेत न कर पाना हमारी कूटनीतिक विफलता रही। लगता है कि हमने वहां के विपक्ष के साथ संवाद के रास्ते खुले रखे बिना अपने सारे दांव उन्हीं पर लगा दिए। जमात-ए-इस्लामी जैसे अतिवादी दलों और भारत-विरोधी तत्वों को वित्तपोषित और प्रोत्साहित करने में पाकिस्तान की भूमिका का आकलन न कर पाना भी एक चूक रही। उधर पाकिस्तान में, कट्टरपंथी जनरल मुनीर का उभार चिंता का विषय है। मुनीर का ट्रम्प के साथ भोजन करना, सऊदी अरब को रिझाना और चीन के साथ तालमेल बैठाना भी इसी कड़ी में है। ट्रम्प पर हमारा भरोसा भी गलत साबित हुआ और उनके पक्षपातपूर्ण टैरिफों का हमने आक्रामक ढंग से प्रतिकार भी नहीं किया। जबकि चीन ने ट्रम्प की धमकियों का डटकर सामना किया और अब ट्रम्प अमेरिका और चीन से मिलकर बने 'जी-2' की बात कर रहे हैं। हम आशा ही कर सकते हैं कि 2026 में हालात बेहतर होंगे। नए साल की शुरुआत बीते साल पर आत्ममंथन का अवसर भी देती है। 2026 इसी के लिए एक आमंत्रण है, और आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने का भी। नववर्ष की शुभकामनाएं। हम आशा ही कर सकते हैं कि 2026 में हालात 2025 की तुलना में बेहतर होंगे। नए साल की शुरुआत बीते साल पर आत्ममंथन का अवसर देती है। 2026 इसी के लिए एक आमंत्रण है।

## सेहत मंत्र

# लहसुन खाने से नहीं आता हार्ट अटैक, दूर होता है घुटनों का दर्द

लहसुन स्वास्थ्य लाभों से भरपूर हैं। लहसुन प्याज परिवार का एक हिस्सा है और इस जड़ी बूटी के कंद में आमतौर पर 10-20 छोटे खंड होते हैं जिन्हें 'लौंग' कहा जाता है। प्रत्येक छोटी लौंग स्वाद के साथ-साथ औषधीय गुणों से भरा होता है। हर 100 ग्राम लहसुन में आपको लगभग 150 कैलोरी, 33 ग्राम कार्ब्स, 6.36 ग्राम प्रोटीन मिलता है। लहसुन भी विटामिन बी 1, बी 2, बी 3, बी 6, फोलेट, विटामिन सी, कैल्शियम, लोहा, मैग्नीशियम, मैंगनीज, फॉस्फोरस, पोटेशियम, सोडियम और जस्ता के साथ समृद्ध होता है। विशेषज्ञों के अनुसार, लहसुन में उच्च सल्फर सामग्री एंटीबायोटिक गुण देता है, जो विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालकर पाचन तंत्र को साफ रखने में मदद करती है। यह सामान्य सर्दी जुकाम के खिलाफ लड़ता है और धमनियों की रूकावअ को साफ करके हृदय रोगों को रोकता है। यह त्वचा को निखारता है, चमक लाता है, क?यों कि यह पाचन सुधारने में सक्षम है। लहसुन की तासीर गर्म होने के कारण यह ठण्ड को दूर करने का कुदरती उपाय है। कई शोध इस बात को साबित कर चुके हैं कि ठंड के दिनों में लहसुन के सेवन से सर्दी नहीं लगती। सर्दियों के मौसम में गाजर, अदरक और लहसुन का जूस बनाकर पीने से शरीर को एंटीबायोटिक्स मिलते हैं और ठंड कम लगती है। सर्दी-जुकाम में लहसुन रामबाण है, इसे दूध में उबालकर पिलाने से बच्चों में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। उच्च रक्तचाप को दूर करने में भी लहसुन काफी फायदेमंद होता है। इसमें मौजूद एलिसिन नामक तत्व उच्च रक्तचाप को सामान्य करने में मदद करते है। उच्च रक्तचाप के मरीज अगर नियमित रूप से लहसुन का सेवन करते है तो इससे उनका रक्चाप नार्मल रहता है। 'जर्नल आफ न्यूट्रीशन' के अनुसार, रोजाना लहसुन के सेवन से कोलेस्ट्राल में 10 फीसदी की गिरावट आती है, जिससे हृदयरोगों की संभावना कम हो जाती है।

## धर्म मंत्र

# आल्हा-ऊदल सैकड़ों साल से कर रहे हैं माँ शारदा की आरती

आल्हा और ऊदल दो भाई थे। ये बुन्देलखण्ड के महोबा के वीर योद्धा और परमार के सामंत थे। कालिंजर के राजा परमार के दरबार में जगनिक नाम के एक कवि ने आल्हा खण्ड नामक एक काव्य रचा था उसमें इन वीरों की गाथा वर्णित है। इस ग्रंथ में दों वीरों की 52 लड़ाइयों का रोमांचकारी वर्णन है। आखरी लड़ाई उन्होंने पृथ्?वीराज चौहान के साथ लड़ी थी। मां शारदा माई के भक्त आल्हा आज भी करते हैं मां की पूजा और आरती। जो इस पर विश्वास नहीं करता वे अपनी आंखों से जाकर देख सकता है। आल्हाखण्ड ग्रंथ : आल्हाखण्ड में गाया जाता है कि इन दोनों भाइयों का युद्ध दिल्ली के तत्कालीन शासक पृथ्वीराज चौहान से हुआ था। पृथ्वीराज चौहान को युद्ध में हारना पड़ा था लेकिन इसके पश्चात आल्हा के मन में वैराग्य आ गया और उन्होंने संन्यास ले लिया था। कहते हैं कि इस युद्ध में उनका भाई वीरगति को प्राप्त हो गया था। गुरु गोरखनाथ के आदेश से आल्हा ने पृथ्वीराज को जीवनदान दे दिया था। पृथ्वीराज चौहान के साथ उनकी यह आखरी लड़ाई थी। मान्यता है कि मां के परम भक्त आल्हा को मां शारदा का आशीर्वाद प्राप्त था, लिहाजा पृथ्वीराज चौहान की सेना को पीछे हटना पड़ा था। मां के आदेशानुसार आल्हा ने अपनी साग (हथियार) शारदा मंदिर पर चढ़ाकर नोक टेढ़ी कर दी थी जिसे आज तक कोई सीधा नहीं कर पाया है। मंदिर परिसर में ही तमाम ऐतिहासिक महत्व के अवशेष अभी भी आल्हा व पृथ्वीराज चौहान की जंग की गवाही देते हैं।

## पर्यटन



# भारत के पांच बेस्ट हिल स्टेशन बर्फबारी के लिए हैं पॉपुलर

बर्फबारी के चलते लोगों में घूमने-फिरने का क्रेज ज्यादा देखने को मिलता है। इन दिनों कई हिल स्टेशन पर बर्फबारी होती है जिससे इनकी खूबसूरती में चार-चांद लग जाते हैं। विंटर वेकेशन में लोग ऐसी जगह की तलाश करते हैं जहां पर वह खूब मजे कर सकें। अगर आप भी बर्फबारी का लुत्फ उठाना चाहते हैं तो हम आपको ऐसी जगहों के बारे में बताएंगे जहां जाकर आप बर्फबारी का आनंद ले सकते हैं। गुलमर्ग- गुलमर्ग सर्दियों में घूमने के लिए सबसे पॉपुलर जगहों में से एक है। यहां पर नवंबर से जनवरी के आखिर तक बर्फबारी होती रहती है। बर्फ से ढका हुआ गुलमर्ग बहुत ही खूबसूरत दिखता है जो लोगों को अपनी तरफ खींचता है। यहा पर लोग ज्यादातर स्कीइंग करना पसंद करते हैं। औली- दुनियाभर में उतराखंड का औली बर्फबारी के लिए फ़ेमस है। यहां पर दिसंबर के शूरू में बर्फबारी होने लगती है। अगर आप भी विंटर वेकेशन में बर्फबारी का लुत्फ उठाना चाहते हैं तो औली घूमने जरूर जाएं। पहलगाम-पहलगाम जम्मू कश्मीर का सबसे खूबसूरत हिल स्टेशन है। यह कश्मीर के छोटे से जिले अनंतनाग में स्थित है। यह बहुत ही खूबसूरत जगह है जो लोगों को अपनी तरफ खींचता है। पहलगाम में कुदरत के बहुत से नजारे देखने को मिलेंगे। हर साल यहां पर हजारों पर्यटक बर्फबारी का लुत्फ उठाने आते हैं। यहां पर रहना व खाना भी सस्ता है। मुक्तेश्वर- मुक्तेश्वर बहुत ही खूबसूरत जगह है जो अपनी वादियों से मशहूर है। हर साल सर्दियों में लोग मुक्तेशवर धाम की खूबसूती को देखने आते हैं। यह नैनीताल से करीब 46 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। दिसंबर को यहां बर्फबारी देखने को मिलती है। बर्फबारी का लुत्फ उठाने के लिए लोग भारी संख्या में आते हैं जिससे होटल और खाने के व्यवसाय में फायदा होता है। गंगटोक- गंगटोक एक बहुत ही खूबसूरत जगह है जहां पर बहुत से लोग हनीमून मनाने भी आते हैं। सिक्किम की राजधानी गंगटोक में इस साल बहुत अच्छी बर्फबारी हुई। यहां पर लोग स्कीइंग और आइस स्केटिंग का लुत्फ उठाने आते हैं। यहां का स्थानीय खाना भी बहुत ही लाजवाब है जो लोगों को बहुत पसंद आता है।

# मोहब्बत अली की है, खुशियां मनाओ आज विलादत अली की है



कैनविज टाइम्स संवाददाता

जैदपुर बाराबंकी। हजरते मौला अली विलादत/ हैंड वाली ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती रहमतुल्ला आलेह उर्स के मौके पर अंजुमने अंवारे हुदा की मोहल्ला नान पजान जैदपुर द्वारा एक नातिया मुशायरे का आयोजन किया गया।

जिसकी अध्यक्षता वाहन एजेंसी के प्रबंधक समाजसेवी मोहम्मद सालिम द्वारा की गई किया। निजामत मोहम्मद साद बाराबंकी, महमाने खुशुशी सभासद मोहम्मद कासिम की उपस्थित में मुशायरा का आगाज बड़ी ईदगाह के इमाम हाफिज अजीजुद्दीन द्वारा तिलावते कलामे पाक से किया गया। इसके पश्चात मुशायरा का प्रारंभ प्रसिद्ध शायर ताबिश ने दिल में अगर तुम्हारे मोहब्बत अली की है,

खुशियां मनाओ आज विलादत अली की है । शायरी से शुरुआत की

जबकि जैनुलआब्दीन कानपूरी शफीर जैदपूरी, इब्ने वफ़ा राशिद आरफी महबूब आलम, सहित अन्य शोआराओ ने अपने अपने कलाम पेश किये। जो देर रात तक चलता रहा,। मुशायरा के दौरान अनेक कवियों द्वारा अपने-अपने अंदाज में कलाम पेश कर वाहवाही लूटी।

वहीं इस मौके पर अकीकत मंदों द्वारा कस्बे सहित ग्रामीण क्षेत्रों में लोग द्वारा घरों की साफ सफाई कर हजरते मौला अली के जन्म दिन का जश्न मनाया गया,

इस अवसर पर हाफिज मो. अजीज इकराम .हाफिज इरफान,हाफिज सईद, मो. सगीर, फरजान ,शादाब, फरमान, अल्तमस, हबीब बाबा, शादाब आलम, मास्टर, हनीफ नबी मोहम्मद, रेहान कामरान, सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# विधायकों के बीच हीरा थे बाबू रामचंद्र बख्श : महेंद्र राय





कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। कम्युनिस्ट पार्टी के पूर्व विधायक रामचन्द्र बख्श सिंह की स्मृति में आयोजित भव्य सभा में भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य महेंद्र राय ने कहा कि रामचंद्र बाबू विधायकों में हीरा थे,वैसा कोई विधायक आज तक नहीं हुआ है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा गांधी भवन में आयोजित स्मृति सभा में उन्होंने आगे कहा कि वह अच्छे वक्ता अधिवक्ता, अच्छे अनुवादक भी थे। पार्टी के राज्य परिषद सदस्य रणधीरसिंह''सुमन'' ने कहा कि 1974 में समाजवादी मंत्री को चुनाव हराकर विधायक हुए थे ।उनका सम्मान था।

पार्टी के जिला सचिव बृजमोहन वर्मा ने कहा कि रामचन्द्र बक्श सिंह प्रदेश के किसानों,मजदूरों की समस्याओं को हल कराने के आंदोलनकारी थे। राज्य परिषद सदस्य प्रवीण कुमार वर्मा ने कहा कि बाबूजी बाराबंकी के जननेता थे। कोषाध्यक्ष शिवदर्शन वर्मा ने कहा कि कम्युनिस्ट के दिग्गज नेता रामचन्द्रबक्श सिंह जन समस्याओं को हल करने में आगे थे। बिजली कर्मचारियों के नेता के.एस. रावत ने कहा कि रामचन्द्र बक्श सिंह जैसे विधायकों की आवश्यकता है। गांधी भवन के संस्थापक पंडित राजनाथ शर्मा ने भी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम को आसिफ पत्रकार, जमील,आशाराम वर्मा बाल कृष्ण वर्मा एडवोकेट विनय कुमार सिंह ,पूर्व जिला पंचायत सदस्य रामप्रताप मिश्रा व समाजवादी पार्टी के उपाध्?यक्ष अजय कुमार सिंह बब्लू ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मोहम्मद कदीर हसन ने किया। कार्यक्रम में आनंद सिंह, प्रेमचंद वर्मा, संजय कृष्ण मोहन, पवन कुमार वर्मा रामनरेश वर्मा, श्याम सिंह एडवोकेट,अरुण वर्मा, संतोष कुमार एडवोकेट, अतुलकुमार, लालू ,स्वप्निल वर्मा, अखिलेश, आर्यन, अवधेश वर्मा, गुड्डू अजगना, राम सुरेश, राम बाबा, अनिरुद्ध कुमार वर्मा, आशीष, महेंद्र यादव, सर्वेश यादव,करने राजपूत आदि प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

# सड़क पर लटक रहे हैं हाई टेंशन तार बिजली विभाग को हादसे का इंतजार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निंदूरा बाराबंकी। कस्बा टिकैतगंज चौराहा इस समय बिजली विभाग की घोर लापरवाही का जीता-जागता उदाहरण है। विभाग जैसे किसी दुर्घटना का इंतजार है। सड़क के ऊपर से फैले ढीले लटकते तार किसी भी समय राहगीरों, वाहन चालकों और दुकानदारों की जान ले सकते हैं।

स्थिति तब और भयावह हो जाती है जब बैंक ऑफ इंडिया के पास नंगे बिजली तारों को बिना किसी इंसुलेशन और सुरक्षा मानक के सीधे सड़क के ऊपर से गुजारा गया है। यह न केवल विभागीय नियमों का खुला उल्लंघन है, बल्कि आम जनता की जान से सीधा खिलवाड़ भी है। रोजाना इस मार्ग से स्कूली बच्चे, महिलाएं, बुजुर्ग और भारी वाहन गुजरते हैं, ऐसे में एक छोटी-सी चिंगारी भी बड़े हादसे को जन्म दे सकती है।

वर्तमान में लखनऊ-महमूदाबाद मार्ग के चौड़ीकरण कार्य किया जा रहा है। सड़क चौड़ीकरण से पहले विद्युत विभाग द्वारा सड़क किनारे लगे बिजली के पोल की शिफ्टिंग की गई है। विद्युत पोल शिफ्टिंग के दौरान ठेकेदार द्वारा इसकी ऊंचाई का ध्यान नहीं रखा गया है। फल स्वरुप बिजली के तार काफी नीचे तक लटक रहे हैं।खींचे गए तारों के नीचे गार्डिंग नहीं लगाया गया है। यदि समय रहते यहां तारों के नीचे गार्डिंग नहीं लगाई गई तो बड़ा हादसा हो सकता है।स्थानीय कस्बा निवासी रंजीत कुमार का कहना है कि हाल ही में सड़क का चौड़ीकरण हुआ है, जिससे यह मार्ग करीब एक फुट ऊंचा हो गया है। मार्ग पर आधा दर्जन स्थानों पर तार बिना गार्डिंग के झूल रहे हैं। जबकि इस मार्ग पर प्रतिदिन हजारों की संख्या में छोटे बड़े वाहन निकलते हैं।जिसमें पुआल भरी ट्राली ,भूसी भरे ट्रक व गन्ने से भरे वाहन निकलते हैं जोकि कभी भी कोई बड़ी हादसे का कारण बन सकते हैं।इस संबंध में कुर्सी विद्युत उपकेंद्र जेई विकास शुक्ल ने कहा कि दिखवाकर समस्या खत्म कराई जाएगी।

# सीएम आरोग्य मेला, सर्दी जुकाम बुखार मरीजों की भरमार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। बदोसराय, सैदनपुर और महमूदाबाद स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। आयोजित इस मेले में कुल 124 मरीजों की जांच कर उन्हें दवाएं वितरित की गईं। बदोसराय के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर डॉ. संतोष कुमार शुक्ला, फार्मासिस्ट राम प्रताप मिश्रा, वार्ड ब्वॉय त्रिभुवन सिंह, एसएम धीरेन्द्र वर्मा, एलटी शुभम अवस्थी और एएनएम ज्योति यादव की टीम मौजूद रही। यहां 39 मरीजों की जांच कर उन्हें सर्दी, जुकाम और बुखार से संबंधित दवाएं दी गईं।इसी क्रम में, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र महमूदाबाद में डॉ. अन्विता पांडे, फार्मासिस्ट उमेश कुमार मिश्रा, एसएलए रामतीरथ गौतम और वार्ड ब्वॉय राजबहादुर की उपस्थिति में 41 मरीजों को देखा गया और दवाएं वितरित की गईं।प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सैदनपुर में डॉ. संजय गुप्ता, फार्मासिस्ट वीरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, वार्ड ब्वॉय शिवाकान्त सिंह, स्वास्थ्य सलाहकार अनूप कुमार जायसवाल और पुरुष नर्स शैलेंद्र कुमार की टीम ने 44 मरीजों का परीक्षण किया।सीएचसी अधीक्षक डॉ. संतोष सिंह ने लोगों से अपील की कि बदलते मौसम के कारण जुकाम और बुखार के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि यदि किसी को भी स्वास्थ्य संबंधी कोई समस्या है, तो वे समय रहते सूचित करें ताकि उसका शीघ्र समाधान किया जा सके।



## शॉर्ट सर्किट से लगी आग गृहस्थी खाक

रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील क्षेत्र के ग्राम धौरछिया मजरे हथोइया में बिजली के शॉर्ट सर्किट से आग लग गई।हादसे में रामशंकर पुत्र तुलसीराम का छप्परनुमा घर जल गया।घर में रखा सारा सामान अनाज व गृहस्थी जल गई साथ में तीन मवेशी भी झुलस गए।ग्रामीण का तीन लाख से अधिक के नुकसान का अनुमान है।घटना की सूचना पाकर प्रशासन एवं पशु चिकित्सा विभाग मौके पर पहुंचा।उप जिलाधिकारी गुंजिता अग्रवाल ने जांच के निर्देश देते हुए पीड़ित परिवार को राहत का भरोसा दिया।

## संदिग्ध दशा में विवाहिता की मौत

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। बदोसराय कोतवाली अंतर्गत शहरी गांव निवासी इस्तखार उर्फ चांद बाबू की पत्नी रूबी उम्र 22 की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हुई। सूचना पर बदोसराय पुलिस व रामनगर क्षेत्राधिकारी गरिमा पंत मौके पर पहुंचीं। तहसीलदार बालेंदु भूषण वर्मा की उपस्थिति में शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।रामनगर क्षेत्राधिकारी गरिमा पंत ने बताया कि अभी किसी ने कोई तहरीर नहीं मिली है। यदि शिकायत मिलती है, तो उस पर आगे की कार्रवाई पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद की जाएगी।

## लोकतंत्र सेनानियों की बैठक, भुल्लन का भव्य स्वागत

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। रविवार को मसौली चौराहा पर लोकतंत्र सेनानियों की हुई मासिक बैठक मे भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष राम सिंह भुल्लन वर्मा का जोरदार स्वागत किया गया। बैठक मे जिलाध्यक्ष भुल्लन वर्मा ने लोकतंत्र सेनानियों की मांगो को शासन तक पहुंचाने का आश्वासन दिया।
लोकतंत्र सेनानी संगठन के जिलाध्यक्ष सुरेशचंद्र की अध्यक्षता मे आयोजित मासिक बैठक मे लोकतंत्र सेनानियों ने कहा कि सभी लोकतंत्र सेनानी करीब 70 वर्ष से अधिक की उम्र के हैं। ऐसे में सभी को दवा लेने के लिए अस्पतालों में सामान्य नागरिकों की तरह लाइन में लगना पड़ता है जिससे असुविधा होती है। सभी लोकतंत्र सेनानियों के लिए अलग से दवा लेने की व्यवस्था होनी चाहिए जिसको लेकर नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष रामसिंह भुल्लन वर्मा ने शीघ्र व्यवस्था कराने का आश्वासन देते हुए कहा कि 25 जून 1975 को देश में आपातकाल लगा था, विपक्षी नेताओं को जेल में बंदकर दिया गया था। मीडिया का अधिकार छीन लिया गया था, लोगों को प्रताड़ित किया गया इस दौरान लोकतंत्र को बचाने के लिए लोकतंत्र सेनानियों (मीसाबंदियों) ने काफी कष्ट उठाया, लोकतंत्र की रक्षा के लिए अपने परिवारों की परवाह न करते हुए जेल गए, जहां उनके साथ बर्बरता की गई, उनके परिवारजनों ने भी काफी कष्ट सहे। कई घरों में चूल्हा जलना मुश्किल हो गया था। जिन परिवारों में कमाने वाले जेल गए ऐसे कई परिवार बरबाद हो गए। देश में लोकतंत्र की रक्षा के लिए इन सेनानियों ने और उनके परिवारों ने अतुलनीय योगदान दिया है।उनका त्याग बहुत बड़ा है जिसे भुलाया नहीं जा सकता है । बैठक मे भाजपा संस्कृतिक प्रकोष्ठ के जिला समन्वयक राजकुमार सोनी, लोकतंत्र सेनानी संघ के जिला महामंत्री सुशील चंद्र, अशोक कुमार, सतीश कुमार यादव, अनुज कुमार जय करन, शिव विशाल, डा. मनोज कुमार, मास्टर राम सुमिरन, शिव सरन शर्मा, शिवराज शर्मा सहित लोकतंत्र सेनानी मौजूद रहे।

## सकट चतुर्थी कल मंगलवार को

रामनगर बाराबंकी। इस बार सकट चतुर्थी 6 जनवरी दिन मंगलवार को है। पुत्र के रक्षार्थ तथा पुत्र प्राप्ति के लिए महिलाएं निर्जला यह व्रत रखती है। इस बार जो महिलाएं पहली बार व्रत रखना चाहती हैं ,वह महिलाएं खरमास के चलते व शुक्र अस्त होने के कारण सकट चतुर्थी का व्रत नहीं कर पाएंगी। यह व्रत हर वर्ष माघ के महीने में सकट चतुर्थी के दिन मनाया जाता है। इसमें श्री गणेश जी, चंद्रमा, चतुर्थीसकट माता का पूजन किया जाता है। व्रत के दिन प्रातः काल महिलाएं नित्यक्रिया से निर्मित होकर पूरे दिन निर्जला व्रत रखकर रात्रि के समय में पूजन अर्चन करने के बाद व्रत का पारण करती हैं। इस व्रत को वह महिलाएं भी कर सकती हैं, जिनके पुत्र नहीं है। पुत्र प्राप्ति के लिए यह व्रत बहुत ही उत्तम है।

# ग्राम विकास अधिकारी संघ चुनाव, अध्यक्ष बने अभिनव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निंदूरा बाराबंकी। ग्राम विकास अधिकारी संघ बाराबंकी का दो वर्षीय अधिवेशन आज स्वर्ण जयंती सभागार, विकास भवन में शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक हुआ। अधिवेशन का आयोजन निर्वाचन अधिकारी सूरज सिंह (सहायक विकास अधिकारी, ग्राम विकास) के निर्देशन में, संरक्षक रामेश्वर प्रसाद पांडे एवं खंड विकास अधिकारी दिवाकर सिंह की अध्यक्षता में किया गया। अधिवेशन के दौरान लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत मतदान कराया गया, जिसमें ब्लॉक निंदूरा से अभिनव श्रीवास्तव को जिला अध्यक्ष, ब्रजकिशोर कुशवाहा को जिला मंत्री तथा रामनगर से दयानंद को प्रांतीय प्रतिनिधि पद पर निर्वाचित घोषित किया गया। निर्वाचन परिणाम घोषित होते ही सभागार तालियों से गूंज उठा।



नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को माला पहनाकर एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर बधाई दी गई। इस अवसर पर संघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने नवनिर्वाचित टीम से संगठन को और अधिक सशक्त बनाने तथा ग्राम विकास से जुड़े कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए सक्रिय भूमिका निभाने की उम्मीद है।

# युवाओं को राष्ट्र निर्माण में जोड़ने की आवश्यकता : साध्वी श्रद्धा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। शहर के दशहराबाग कालोनी में आयोजित हिंदू सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि स्वामी चेतनानंद परमहंस जी महाराज ने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपने शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में पूरे भारत में 'हिन्दू सम्मेलन' आयोजित कर रहा है। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य हिंदू समाज में एकता, सांस्कृतिक मूल्यों और राष्ट्रभक्ति की भावना को मजबूत करना है।सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण और नागरिक कर्तव्यों जैसे विषयों पर चर्चा होती है। यह आयोजन युवाओं को राष्ट्र निर्माण में जोड़ने पर केंद्रित है।



इसी क्रम में साध्वी श्रद्धा चैतन्य ने कहा आज हिंदुओं के लिए, सनातन धर्म का पालन करने का अर्थ है अपने जीवन को इस प्रकार जीना की वे हमेशा अपने नैतिक विकल्पों पर विचार करें और सर्वोत्तम निर्णय लें । उन्हें ईश्वर की आराधना और प्रार्थना भी करनी चाहिए ताकि वे ईश्वर के बारे में चिंतन कर सकें।अंत में मुख्य वक्ता डॉ0 आर. एस. गुप्त ने भी अपने विचार रखें। सुरेंद्र कुमार मौर्य व दीपक वर्मा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य रूप से संतोष सिंह,राधाकान्त तिवारी,आलोक वर्मा, महावीर प्रसाद अग्रवाल, प्रभात वर्मा, अमितेश, यशपाल जायसवाल,विभम, बलराम, सुरेन्द्र जायसवाल, समीर गुप्ता, यश वर्धन द्विवेदी,विपिन पाण्डेय, संजय वर्मा, अभिनव पाण्डेय, दिलीप, अंजनी शुक्ल, अरविंद, हृदय नारायण, राकेश गुप्त,विन्नू पाण्डेय,मोनी सिंह,ललिता सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# आईपीएल से मुस्ताफिजुर के हटाने पर बांग्लादेश सख्त

## टी20 वर्ल्ड कप के मैच भारत से बाहर कराने की मांग

एजेंसी

ढाका। बांग्लादेश ने अगले महीने होने वाले आईसीसी पुरुष टी20 वर्ल्ड कप में अपने मैच भारत के बाहर कराने की मांग करने का फैसला किया है। यह फैसला भारतीय प्रीमियर लीग (आईपीएल) से तेज गेंदबाज मुस्ताफिजुर रहमान को बाहर किए जाने के बाद लिया गया है। बांग्लादेश चाहता है कि उसके सभी वर्ल्ड कप मुकाबले श्रीलंका में कराए जाएं। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार में युवा एवं खेल सलाहकार आसिफ नज़रुल ने रविवार को सरकारी समाचार एजेंसी बीएसएस के हवाले से कहा, ह्लहम बांग्लादेशी क्रिकेट, क्रिकेटरों और देश का किसी भी तरह से अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे। गुलामी के दिन खत्म हो चुके हैं। शनिवार को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने मुस्ताफिजुर रहमान को अपनी टीम से रिलीज कर दिया था। बताया गया कि भारत और बांग्लादेश के बीच बढ़े तनाव के मद्देनज़र भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की 'सलाह' के बाद यह फैसला लिया गया। आसिफ नज़रुल ने कहा कि उन्होंने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद् (आईसीसी) को पत्र लिखने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा, ह्लजब किसी बांग्लादेशी खिलाड़ी को अनुबंध के बावजूद भारत में खेलने की अनुमति नहीं दी जाती, तो पूरी बांग्लादेशी टीम भारत में वर्ल्ड कप खेलने को सुरक्षित महसूस नहीं कर सकती। नज़रुल ने यह भी निर्देश दिया है कि आईसीसी से औपचारिक रूप से अनुरोध किया जाए कि बांग्लादेश के सभी टी20 वर्ल्ड कप मैच श्रीलंका में कराए जाएं। टी20 वर्ल्ड कप 7 फरवरी से शुरू होना है, जिसकी मेजबानी भारत और श्रीलंका संयुक्त रूप से कर रहे हैं। बांग्लादेश के चारों ग्रुप मैच फिलहाल भारत में तय हैं। इससे पहले एक समझौते के तहत पाकिस्तान अपने सभी मुकाबले श्रीलंका में खेलेगा, ताकि भारत और पाकिस्तान बहुराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में तटस्थ स्थानों पर खेल सकें। गौरतलब है कि साल 2024 में ढाका में हुए जनआंदोलन के बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना की सरकार गिरने से भारत-बांग्लादेश के राजनीतिक रिश्तों में खटास आई है। भारत के विदेश मंत्रालय ने हाल ही में बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ ह्लगातार हो रही शत्रुताङ्क की निंदा की थी, जबकि बांग्लादेश के अंतरिम प्रमुख और नोबेल शांति पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस ने भारत पर हिंसा के पैमाने को बढ़ा-चढ़ाकर पेश करने का आरोप लगाया है।



# एशेज: बारिश से बाधित सिडनी टेस्ट के पहले दिन रूट-ब्रुक की शानदार साझेदारी से इंग्लैंड संभला

एजेंसी

सिडनी। सिडनी क्रिकेट ग्राउंड (एससीजी) पर खेले जा रहे एशेज सीरीज के आखिरी टेस्ट के पहले दिन बारिश और खराब रोशनी का असर रहा, लेकिन इसके बावजूद जो रूट और हैरी ब्रुक की नाबाद साझेदारी ने इंग्लैंड को मुश्किल से उबार लिया। इंग्लैंड ने दिन का खेल खत्म होने तक 3 विकेट पर 211 रन बना लिए।

बारिश से प्रभावित दिन में सिर्फ 45 ओवर का ही खेल संभव हो सका। इंग्लैंड की शुरुआत लड़खड़ाती रही और टीम ने 57 रन पर तीन विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद चौथे विकेट के लिए जो रूट और हैरी ब्रुक ने 154 रनों की अटूट साझेदारी कर पारी को मजबूती दी। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की टीम ने लंच तक 3 विकेट पर 114 रन बना लिए थे। शुरुआती आधे घंटे में बेन डकेट ने मिचेल स्टार्क के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाते हुए पांच चौके लगाए, लेकिन स्टार्क ने ही उन्हें ऑफ स्टंप के बाहर गेंद पर छेड़छाड़ के लिए मजबूर कर स्लिप में कैच करा दिया। इसके बाद ड्रिंक्स ब्रेक के आसपास विकेटों की झड़ी लग गई। जैक क्रॉली को माइकल नेसर की तेज अंदर आती गेंद ने एलबीडब्ल्यू कर दिया, जबकि जैकब बेथेल जल्द ही स्कॉट बोलैंड की गेंद पर विकेट के पीछे कैच थमा बैठे। यहां से जो रूट और हैरी ब्रुक ने पारी को संभालते हुए धैर्यपूर्ण बल्लेबाजी की। ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाजों को हल्की मूवमेंट तो मिली, लेकिन वे लगातार सटीक लाइन-लेंथ नहीं रख सके। रूट ने देर से खेलते हुए सॉफ्ट हाथों का इस्तेमाल किया, वहीं ब्रुक ने संयम के साथ बीच-बीच में आकर्षक शॉट्स लगाए, जिनमें कैमरन ग्रीन के खिलाफ एक्स्ट्रा कवर ड्राइव खास रहा। खराब रोशनी के कारण चाय जल्दी लेनी पड़ी, लेकिन तब तक रूट-ब्रुक की जोड़ी ऑस्ट्रेलिया पर पूरी तरह हावी हो चुकी थी। पिच से सीमर्स को ज्यादा मदद नहीं मिल रही थी और दोनों बल्लेबाजों ने ऑस्ट्रेलिया की तेज गेंदबाजी रणनीतियों को आत्मविश्वास के साथ खेला। जो रूट ने बेहद सहज अंदाज में अपना अर्धशतक पूरा किया, जबकि हैरी ब्रुक ने भी आक्रामक शॉट्स के साथ फिफ्टी जमाई। ब्रुक की पारी में कुछ जोखिम भरे पल भी आए–एक टॉप एज पुल शॉट सुरक्षित गिर गया और कुछ जोरदार कट शॉट विकेटकीपर से दूर निकल गए–लेकिन कुल मिलाकर उनका प्रदर्शन प्रभावशाली रहा। रूट इसके उलट बेहद सधे हुए नजर आए और शायद ही कोई गलती की। ऑस्ट्रेलिया ने गेंदबाजों में बदलाव किया और शॉर्ट बॉल रणनीति भी अपनाई, लेकिन मिचेल स्टार्क के अलावा कोई गेंदबाज लगातार दबाव नहीं बना सका। दिन के अंत में बादल छा गए, रोशनी और खराब हुई और बारिश शुरू हो गई।



# टी-20 वर्ल्ड कप के लिए बांग्लादेश की टीम में तस्कीन की वापसी, जाकेर को नहीं मिली जगह

एजेंसी



ढाका। बांग्लादेश ने भारत और श्रीलंका में 7 फरवरी से 8 मार्च तक होने वाले आईसीसी पुरुष टी-20 वर्ल्ड कप के लिए 15 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया है। तेज गेंदबाज तस्कीन अहमद की टी20 प्रारूप में वापसी हुई है, जबकि विकेटकीपर बल्लेबाज जाकेर अली को टीम में जगह नहीं मिल सकी है। तस्कीन अहमद हाल ही में आयरलैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज से बाहर थे और इस दौरान उन्होंने ILT20 में शारजाह वॉरियर्ज़ के लिए खेला था। अब उन्हें सीधे वर्ल्ड कप टीम में शामिल किया गया है। टीम की कमान शीर्ष क्रम के बल्लेबाज लिटन कुमार दास को सौंपी गई है, जबकि सैफ हसन को उपकप्तान बनाया गया है। चयनकर्ताओं ने जाकेर अली के अलावा महिदुल इस्लाम अंकॉन को भी बाहर रखा है। इसके साथ ही शानदार फॉर्म में चल रहे नजमुल हुसैन शांतो को भी टीम में जगह नहीं मिली। बांग्लादेश को ग्रुप सी में रखा गया है, जहां उसका सामना वेस्टइंडीज, इंग्लैंड, नेपाल और डेब्यू कर रही इटली से होगा। बांग्लादेश अपना अभियान 7 फरवरी को कोलकाता के ईडन गार्डन्स में दो बार की चैंपियन वेस्टइंडीज के खिलाफ शुरू करेगा। इसके बाद 9 फरवरी को इटली, 14 फरवरी को इंग्लैंड (दोनों मैच कोलकाता में) और 17 फरवरी को मुंबई में नेपाल से मुकाबला होगा।

बांग्लादेश की टी20 वर्ल्ड कप टीमः लिटन कुमार दास (कप्तान), मोहम्मद सैफ हसन (उपकप्तान), तंजीद हसन, मोहम्मद परवेज हुसैन इमोन, तौहीद हृदय, शमीम हुसैन, काजी नुरुल हसन सोहान, माहेदी हसन, रिशाद हुसैन, नसुम अहमद, मुस्ताफिजुर रहमान, तंजीम हसन साकिब, तस्कीन अहमद, एमडी शाइफुद्दीन, शोरिफुल इस्लाम।

# पीडब्ल्यूएल नीलामी में महिला पहलवानों का दबदबा, युई सुसाकी पर रिकॉर्ड बोली

**हरियाणा थंडर्स ने 60 लाख रुपये में किया शामिल, अंतिम पंघाल को यूपी डोमिनेटर्स ने 52 लाख में खरीदा**

एजेंसी

नई दिल्ली। प्रो रेसलिंग लीग (पीडब्ल्यूएल) 2026 की खिलाड़ी नीलामी में महिला पहलवानों ने जबरदस्त छाप छोड़ी। इस नीलामी की सबसे बड़ी आकर्षण रहीं जापान की स्टार पहलवान और टोक्यो ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता युई सुसाकी, जिन्हें हरियाणा थंडर्स ने रिकॉर्ड 60 लाख रुपये की बोली लगाकर अपने साथ जोड़ा। यह अब तक की पीडब्ल्यूएल नीलामी में किसी महिला पहलवान के लिए सबसे बड़ी राशि है। महिलाओं की 53 किग्रा भार वर्ग में विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता भारत की अंतिम पंघाल को यूपी डोमिनेटर्स ने 52 लाख रुपये में खरीदा। वहीं, महिलाओं की 62 किग्रा श्रेणी में प्यूर्टो रिको की एना गोडिनेज को पंजाब रॉयल्स ने 46 लाख रुपये में अपनी टीम में शामिल किया। इसके अलावा दिल्ली दंगल वॉरियर्स ने महिलाओं की 76 किग्रा श्रेणी में अजरबैजान की अनास्तासिया अलपायेवा को 27 लाख रुपये में खरीदा। नीलामी में कैटेगरी ए+ (मार्की) के सभी पहलवानों की बेस प्राइस 18 लाख रुपये रखी गई थी, लेकिन कई खिलाड़ियों पर बोली इससे कहीं अधिक गई।



पुरुष वर्ग में भी बड़े सौदे देखने को मिले, जहां पोलैंड के रॉबर्ट बारन को महाराष्ट्र केसरी ने 55 लाख रुपये में खरीदा। वहीं, पेरिस ओलंपिक कांस्य पदक विजेता अमन सहरावत को टाइगर्स ऑफ मुंबई दंगल ने 51 लाख रुपये में अपनी टीम का हिस्सा बनाया। दिल्ली दंगल वॉरियर्स ने अजरबैजान के तुरान बायरामोव को जोड़ा, जबकि यूपी डोमिनेटर्स ने मिखाइलोव वासिल और आर्मन आंद्रेएस्यान को टीम में शामिल कर अपनी मजबूती बढ़ाई। पीडब्ल्यूएल 2026 की नीलामी प्रक्रिया अभी जारी है। खिलाड़ियों को चार श्रेणियों – ए+ (मार्की), ए, बी और सी – में बांटा गया है, जिनकी बेस प्राइस क्रमशः 18 लाख, 12 लाख, 8 लाख और 3 लाख रुपये तय की गई है। लीग का कुल पर्स 12 करोड़ रुपये का है, जिसमें छह फ्रेंचाइज़ियों को 2-2 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। टीमें नौ भार वर्गों (पांच पुरुष और चार महिला) में प्रतिस्पर्धा करेंगी। हर टीम को 9 से 12 पहलवानों का स्क्वॉड बनाना होगा, जिसमें चार विदेशी खिलाड़ी (दो पुरुष और दो महिला) शामिल होना अनिवार्य है। इसके साथ ही प्रत्येक टीम में कम से कम एक कैटेगरी सी का पहलवान होना जरूरी होगा।

# आम बजट में पूंजीगत व्यय के 10 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद: एलएंडटी सीएफओ

एजेंसी

मुंबई। लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) के मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) आर शंकर रमन को उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2026-27 के आगामी बजट में पूंजीगत व्यय दस प्रतिशत बढ़ सकता है। निजी पूंजीगत व्यय बढ़ने में सुस्ती की चिंताओं के बीच रमन ने कहा कि उन्हें राज्य के उच्च व्यय के कारण निजी निवेश के लिए संसाधनों की कमी का डर नहीं है। प्रणाली में पर्याप्त नकदी इस तरह के निवेश का समर्थन करेगी। रमन ने हाल ही में बताया, यदि भारत को 2047 तक एक विकसित अर्थव्यवस्था बनना है, तो बुनियादी ढांचे को एक बड़ी भूमिका निभानी होगी। मुझे लगता है कि सरकार को यह बात पता है। मुझे उम्मीद है कि वे इसके लिए बजट में पर्याप्त संसाधन आवंटित करेंगे। वित्त वर्ष 2025-26 के आम बजट में पूंजीगत व्यय के लिए 11 लाख करोड़ रुपये से अधिक की प्रतिबद्धता की ओर इशारा करते हुए रमन ने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा कुछ हफ्तों में पेश किया जाने वाला नया बजट इसी तर्ज पर होगा। उन्होंने कहा, वह संभवतः 10 प्रतिशत की वृद्धि करेंगी यही मैं उम्मीद कर रहा हूं, लेकिन यह मेरी अपनी राय है। रमन ने कहा कि बड़ी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में पहले ही उछाल आया है, और बुनियादी ढांचे को अभी लंबा रास्ता तय करना है। हालांकि, उन्होंने अफसोस जताया कि कभी-कभी परियोजनाएं सबसे कम बोली लगाने वाले को सौंप दी जाती हैं, जो तकनीकी रूप से सबसे अच्छी तरह तैयार नहीं होते हैं, इससे काम पूरा होने में देरी होती है। रमन ने कहा कि सरकार ने सभी विभागों से गुणवत्ता आधारित मूल्य निर्धारण तंत्र अपनाने की सिफारिश की है, जिसके तहत परियोजना को समय पर पूरा करने और अन्य पहलुओं को भी महत्व दिया जाता है।

# उपभोग बढ़ाने के नाम पर कर राजस्व छोड़ने की रणनीति खत्म करने की जरूरत: पूर्व वित्त सचिव गर्ग

एजेंसी

नयी दिल्ली। पूर्व वित्त सचिव सुभाष चंद्र गर्ग ने अगले महीने पेश होने वाले आम बजट में कर नीति को प्राथमिकता के आधार पर दुरुस्त करने का सुझाव देते हुए कहा कि उपभोग बढ़ाने के नाम पर कर राजस्व छोड़ने की रणनीति ठीक नहीं है। उन्होंने साथ ही जोड़ा कि इससे आयकर तथा केंद्रीय जीएसटी, दोनों ही मदों में राजस्व को नुकसान हो रहा है। गर्ग ने वैकल्पिक नई कर व्यवस्था को एकमात्र आयकर योजना बनाने की जरूरत बताते हुए कहा कि बचत को बढ़ावा देने के नाम पर और अधिक छूट नहीं देनी चाहिए। चाहे इक्विटी हो, बॉन्ड हो, बैंक जमा हो या म्यूचुअल फंड, कर नीति सभी प्रकार के निवेशों पर समान होनी चाहिए। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को लोकसभा में 2026-27 के लिए लगातार नौवीं बार आम बजट पेश कर सकती हैं। गर्ग ने बातचीत में कहा, ''केंद्र सरकार का वित्त वर्ष 2026-27 का बजट कर राजस्व, व्यय और घाटे जैसे सभी प्रमुख मोर्चों पर बढ़ते दबाव के बीच तैयार किया जा रहा है। सरकार को कर नीति को सही करना होगा। उपभोग में अपेक्षित वृद्धि के लिए कर राजस्व छोड़ने से आयकर और केंद्रीय जीएसटी दोनों मोर्चों पर कर प्राप्तियों को नुकसान पहुंचा है। उन्होंने कहा, ''इसी प्रकार, व्यय का दबाव भी बढ़ रहा है। इन सबके परिणामस्वरूप, घाटे को कम करना लगातार कठिन होता जा रहा है। वित्त मंत्री को यह सुनिश्चित करना होगा कि कर वृद्धि सुदृढ़ आधार पर हो, व्यय व्यापक जनहित के अनुरूप हों और राजकोषीय घाटा नियंत्रण में रहे। उल्लेखनीय है कि सरकार ने लोगों की जेबों में अधिक पैसा पहुंचाने के लिए एक तरफ जहां नई आयकर व्यवस्था में 12 लाख रुपये तक की आय को कर मुक्त किया है वहीं जीएसटी सुधारों के तहत दरों को युक्तिसंगत बनाया है। लेकिन इससे राजस्व प्राप्ति की गति धीमी हुई है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, नवंबर 2025 तक केंद्र सरकार की कुल आय 19.49 लाख करोड़ रुपये रही, जो कुल बजट अनुमान का 55.7 प्रतिशत है। इसमें से 13.94 लाख करोड़ रुपये कर राजस्व के रूप में मिले। वहीं सकल जीएसटी संग्रह बीते माह दिसंबर में 6.1 प्रतिशत बढ़कर 1.74 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा। करों में कटौती के बाद घरेलू बिक्री से होने वाले राजस्व में वृद्धि सुस्त रहने से जीएसटी संग्रह की रफ्तार नरम पड़ी है। यह पूछे जाने पर कि क्या लघु बचत योजनाओं को प्रोत्साहित करने के लिए बजट में कुछ छूट दिये जाने की उम्मीद है, पूर्व वित्त सचिव ने कहा, ''मुझे नहीं लगता कि सरकार को बचत को बढ़ावा देने के नाम पर और अधिक छूट देनी चाहिए। चाहे वह इक्विटी हो, बॉन्ड हो, बैंक जमा हो या म्यूचुअल फंड, कर नीति सभी प्रकार के निवेशों पर समान होनी चाहिए।

# बीमा क्षेत्र में गलत बिक्री एक गंभीर चिंता का विषय: इरडा

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (इरडा) ने अपनी ताजा वार्षिक रिपोर्ट में कहा है कि बीमा क्षेत्र में 'गलत बिक्री' एक गंभीर चिंता का विषय है और बीमा कंपनियों को इसकी वजह का पता लगाने के लिए 'मूल कारण विश्लेषण' करने की आवश्यकता है। रिपोर्ट के अनुसार, जीवन बीमा कंपनियों के खिलाफ दर्ज शिकायतों की कुल संख्या वित्त वर्ष 2024-25 में लगभग स्थिर रही है। यह संख्या 2023-24 में 1,20,726 थी, जो 2024-25 में 1,20,429 रही। हालांकि, 'अनुचित व्यावसायिक व्यवहार' (यूएफबीपी) के तहत दर्ज शिकायतों की कुल संख्या वित्त वर्ष 2023-24 के 23,335 से बढ़कर वित्त वर्ष 2024-25 में 26,667 हो गई है। इस प्रकार, कुल शिकायतों में यूएफबीपी संबंधी शिकायतों की हिस्सेदारी पिछले वित्त वर्ष के 19.33 प्रतिशत की तुलना में वित्त वर्ष 2024-25 में बढ़कर 22.14 प्रतिशत हो गई है। 'गलत बिक्री' का अर्थ उपभोक्ताओं को नियम, शर्तों या उपयुक्तता के बारे में सही जानकारी दिए बिना बीमा उत्पादों की बिक्री करना है। इरडा ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट 2024-25 में कहा, ङ्कगलत बिक्री को रोकने या कम करने के लिए बीमा कंपनियों को उत्पाद की उपयुक्तता का आकलन करने, वितरण चैनल पर उचित नियंत्रण लागू करने और गलत बिक्री की शिकायतों के समाधान के लिए योजना बनाने की सलाह दी गई है, जिसमें समय-समय पर 'मूल कारण विश्लेषण' करना शामिल है।ङ्क वित्त मंत्रालय ने भी कॉरपोरेट शासन की सर्वोत्तम प्रथाओं को बनाए रखने के महत्व पर जोर देते हुए बैंकों और बीमा कंपनियों को ग्राहकों को बीमा पॉलिसियों की 'गलत-बिक्री' के प्रति बार-बार आगाह किया है। गलत बिक्री के कारण अक्सर ग्राहकों पर प्रीमियम का बोझ बढ़ जाता है, जिसके चलते पॉलिसीधारक अपनी पॉलिसी का नवीनीकरण नहीं कराते और पॉलिसी बंद होने के मामले बढ़ जाते हैं।

# सेंसेक्स में शुरू से अब तक लगातार शामिल रही हैं सिर्फ चार कंपनियां

एजेंसी

नयी दिल्ली। बीएसई के सबसे प्रमुख सूचकांक और देश की अर्थव्यवस्था का बैरोमीटर कहे जाने वाले सेंसेक्स के 40 साल के इतिहास में महज चार कंपनियां ही ऐसी हैं जो शुरू से अब तक लगातार इसका हिस्सा रही हैं। सेंसेक्स में कुल 30 कंपनियां होती हैं। ये बड़ी बाजार पूंजी वाली दिग्गज कंपनियां हैं जिनमें थोड़ा भी उतार-चढ़ाव पूरे बाजार की धारणा को प्रभावित करने की क्षमता रखता है। दरअसल, 'सेंसेक्स' शब्द अंग्रेजी के दो शब्दों 'सेंसिटिव' और 'इंडेक्स' के मेल से बना है जिसका मतलब होता है संवेदी सूचकांक। सेंसेक्स में कभी-कभी कुछ पुरानी कंपनियों की जगह नयी कंपनियों को भी ले लेती हैं। इस साल दो जनवरी को 40 साल पूरे करने वाले सेंसेक्स में चार कंपनियां ही ऐसी हैं जो इसकी शुरुआत से अब तक सूचकांक का हिस्सा रही हैं। ये कंपनियां हैं - हिंदुस्तान यूनीलिवर, लार्सन एंड टूब्रो, आईटीसी और रिलायंस इंडस्ट्रीज। पहले सेंसेक्स में कौन सी कंपनी शामिल होगी यह उनके कुल बाजार पूंजीकरण पर निर्भर करता था। यह क्रम अगस्त 2003 तक चलता रहा। सितंबर 2003 से यह कंपनी के मुक्त (फ्री-फ्लोट) बाजार पूंजीकरण के आधार पर तय किया जाने लगा। मुक्त बाजार पूंजीकरण की गणना में सिर्फ उन्हीं शेयरों को शामिल किया जाता है जो बाजार में कारोबार के लिए उपलब्ध हैं। इसमें प्रवर्तकों और इनसाइडरों के शेयरों तथा प्रतिबंधित शेयरों को शामिल नहीं किया जाता है। जब दो जनवरी 1986 को सेंसेक्स की शुरुआत हुई थी उस समय इसमें एसीसी, एशियन केबल्स, बल्लारपुर इंडस्ट्रीज, बॉम्बे बुमराह, बॉम्बे डाइंग, सिएट टायर्स, सेंचुरी एसपीजी., क्रॉम्पटन ग्रीव्स, ग्लेक्सो स्मिथक्लाइन फार्माशूटिकल्स, ग्रासिम, गुजरात स्टेट फर्टिलाइजर्स, हिंडाल्को, हिंदुस्तान मोटर्स, इंडियन होटल्स, इंडियन ऑर्गेनिक केमिकल्स (अब फ्यूचुरा पॉलिस्टर्स), इंडियन रेयॉन एंड इंडस्ट्रीज (अब आदित्य बिरला नुवो), आईटीसी लिमिटेड, किर्लोस्कर कमिन्स (अब कमिन्स इंडिया लिमिटेड), एलएंडटी, महिंद्रा एंड महिंद्रा, मुकंद आयरन (अब मुकंद लिमिटेड), नेस्ले, रिलायंस इंडस्ट्रीज, सिंधिया, सिमेंस, टाटा इंजीनियरिंग (अब टाटा मोटर्स), टाटा पावर, टाटा स्टील और जेनिथ शामिल थीं। सेंसेक्स की कंपनियों में 30 सितंबर 2025 की स्थिति के अनुसार सबसे अधिक 15.18 प्रतिशत भारांश एचडीएफसी बैंक का है। आईसीआईसीआई बैंक 10.13 प्रतिशत और रिलायंस इंडस्ट्रीज 9.72 प्रतिशत के साथ क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। सेंसेक्स में इंफोसिस और भारती एयरटेल का भारांश भी पांच प्रतिशत से अधिक है। शीर्ष 10 कंपनियों का कुल भारांश 65 प्रतिशत है। अपने 40 साल के सफर में सेंसेक्स ने कई उतार-चढ़ाव देखे हैं। बीएसई द्वारा जारी श्वेत पत्र के अनुसार, सेंसेक्स के लिए पांच सबसे अच्छे साल 1988,1991, 1999, 2003 और 2009 रहे हैं। वहीं, पांच सबसे बुरे साल 1995, 1998, 2000, 2008 और 2011 रहे हैं। सेंसेक्स की शुरुआत दो जनवरी 1986 को 549.43 अंक से हुई। यह 1990 में पहली बार 1,000 अंक पर पहुंचा। साल 1999 में यह पांच हजार और 2006 में 10 हजार अंक को छूने में कामयाब रहा। अगले साल 2007 में यह 20 हजार अंक को पार कर गया। इसने साल 2015 में 30 हजार, 2019 में 40 हजार, 2021 में 50 हजार, 2022 में 60 हजार और 2023 में 70 हजार अंक को छुआ। साल 2024 में यह पहली बार 85 हजार के पार पहुंच गया। सेंसेक्स के लिए सबसे अच्छा दिन 18 मई 2009 रहा जब सूचकांक 17.34 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ था। वहीं, सबसे खराब दिन 23 मार्च 2020 रहा जब कोविड-19 के समय लॉकडाउन के बाद यह 13.15 प्रतिशत उतर गया था। उल्लेखनीय है कि सेंसेक्स दो जनवरी 2026 को 85,762.01 अंक पर बंद हुआ जो इसका अबतक का दूसरा सबसे ऊंचा बंद भाव है। यह 26 सितंबर 2024 को 85,836.12 अंक पर बंद हुआ था। हालांकि बीच कारोबार में यह 86 हजार के पार भी गया है।



# शीर्ष 10 की सात कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 1,23,724 करोड़ रुपये बढ़ा

एजेंसी

मुंबई। शेयर बाजारों में पिछले सप्ताह रही तेजी के बीच बीएसई की शीर्ष 10 में से सात कंपनियों का सम्मिलित बाजार पूंजीकरण (एमकैप) 1,23,724 करोड़ रुपये बढ़ गया जबकि अन्य तीन का कुल बाजार पूंजीकरण 22,623 करोड़ रुपये कम हुआ। विभिन्न क्षेत्रों में कारोबार करने वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज का एमकैप सबसे ज्यादा 45,266.12 करोड़ रुपये बढ़कर 21,54,979 करोड़ रुपये हो गया। इस मामले में वह शीर्ष पर रहा। भारतीय स्टेट बैंक का बाजार पूंजीकरण 30,415 करोड़ रुपये और इंजीनियरिंग एवं निर्माण क्षेत्र की कंपनी एलएंडटी का 16,204 करोड़ रुपये बढ़ा। एफएमसीजी कंपनी हिंदुस्तान यूनीलिवर के एमकैप में 14,626 करोड़ रुपये और एचडीएफसी बैंक में 13,538 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई। आईसीआईसीआई बैंक का बाजार पूंजीकरण 3,104 करोड़ रुपये और दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल का 570 करोड़ रुपये बढ़ा। टीसीएस का एमकैप 10,745 करोड़ रुपये घट गया। इंफोसिस के एमकैप में 6,183 करोड़ रुपये और बजाज फाइनेंस में 5,694 करोड़ रुपये की साप्ताहिक गिरावट दर्ज की गई। बाजार पूंजीकरण के मामले में 15,40,304 करोड़ रुपये के साथ एचडीएफसी बैंक दूसरे और 12,01,263 करोड़ रुपये के साथ भारती एयरटेल तीसरे स्थान पर रहा।

## आप के नेताओं के बदलते रंग को देखकर स्तब्ध दिल्ली की जनता: सचदेवा

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली प्रदेश भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने आम आदमी पार्टी (आप) पर निशाना साधते हुए कहा है कि प्रदेश की जनता आप के नेताओं के बार बार बदलते रंग देख कर स्तब्ध है।

श्री सचदेवा ने रविवार को संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा, आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज सहित पार्टी के तमाम नेताओं ने दिल्ली सरकार के शिक्षा मंत्री आशीष सूद पर हमला करते हुए कहा कि उनके (श्री सूद) के विभाग ने अधिसूचना जारी कर शिक्षकों को कुत्ते गिनने की ड्यूटी पर लगाया है, लेकिन जब श्री सूद और मैंने शिक्षा विभाग के सर्कुलर को मीडिया के माध्यम से सार्वजनिक करके आप के झूठ की पोल खोल दी तो अब आप के नेता श्री सूद पर व्यक्तिगत टीका टिप्पणी करने पर उतर आये हैं। उन्होंने कहा कि आप के नेताओं द्वारा श्री सूद पर की जा रही व्यक्तिगत टीका टिपण्णी की दिल्ली की जनता और दिल्ली भाजपा निंदा करती है और चुनौती देती है कि आप ऐसी अधिसूचना दिखायें, जिसमें शिक्षकों की कुत्ते गिनने की ड्यूटी लगाई गई हो या फिर श्री सूद से माफी मांगें। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि श्री केजरीवाल ने एक नयी पार्टी बना कर बड़े- बड़े आदर्शों की बात की, निश्चय ही नयी पार्टी आप ने शुरू में कुछ नये लोगों को टिकट दिया, पर सत्ता के 10 साल में उन्होंने ना सिर्फ हर दल के नेता को जोड़कर टिकट दिया, बल्कि भ्रष्टाचार में कंाग्रेस, समाजवादी एवं राजद जैसी पार्टियों को भी पछाड़ दिया। दिल्ली भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा कि श्री सूद खुद एक साधारण शिक्षक परिवार से आते हैं, सामान्य शिक्षा प्राप्त की है, मध्यम वर्गीय कॉलोनी जनकपुरी में रह कर वहां के नागरिकों के साथ ही लगभग 25 अधिकृत कॉलोनियों के लोगों का भी प्रतिनिधित्व करते हैं।

उन्होंने कहा, ''श्री सूद से मेरा 20 वर्ष का सम्बंध है और वह कभी सहयोगियों को छोटा बड़ा वर्गीकृत नहीं करते। श्री सूद ने आप नेताओं की छोटी मानसिकता का जिक्र किया जिसके हारे हताश नेता अब विक्टिम कार्ड खेलने लगे हैं।''

# मारे गए 14 इनामी नक्सलियों की हुई शिनाख्त

## विभिन्न कैडर के इन नक्सलियों पर एक से दस लाख रुपये की कुल 70 लाख की इनामी राशि थी घोषित

एजेंसी

सुकमा। छत्तीसगढ़ के बीजापुर और सुकमा जिले में हुई मुठभेड़ में मारे गए 14 नक्सलियों की शिनाख्त हो गई है। इन नक्सलियोंपर 70 लाख रुपये का इनाम घोषित था। इनमें एसीएम और पीपीसीएम कैडर के नक्सली शामिल थे।

सुकमा के किस्टाराम इलाके में शनिवार को 12 और बीजापुर में दो नक्सली मारे गए थे। बीजपुर मुठभेड़ में मारे गये दोनों नक्सलियों की शिनाख्त पांच लाख के इनामी हुंगा मड़कम ऊर्फ पंचुगा, निवासी ग्राम पूवर्ती थाना जगरगुण्डा जिला सुकमा, पदनाम-एसीएम पामेड़ एरिया कमेटी और पांच लाख के इनामी आयती मुचाकी ऊर्फ जोगी, निवासी ग्राम पीनाचन्दा थाना पामेड़ जिला बीजापुर, पदनाम-पीपीसीएम पामेड़ एरिया कमेटी के रूप में हुई थी। सुकमा जिले में मारे गए 12 नक्सलियों की शिनाख्त आज रविवार को हुई, जिसमें सीवाईपीसी एक, डीवीसीएम एक, एसीएम सात, पीएम तीन, कैडर के कुल 60 लाख के इनामी नक्सली मारे गये हैं। सुकमा में मारे गए नक्सली, बलिदानी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश राव गिरिपुंजे की आईईडी विस्फोट हत्याकांड की साजिश में शामिल थे। आतंक के पर्याय कुख्यात नक्सली डीव्हीसीएम वेट्टी मंगडू ऊर्फ मुक्का सुकमा जिले के 41 मामले में एवं माड़वी हितेश (एसीएम) 14 मामले में वांछित थे। दोनों नक्सली अपने टीम के अन्य नक्सलियों के साथ कई बड़ी वारदातों और निर्दोष ग्रामीणों के हत्याओं में शामिल रहे हैं।

सुकमा एसपी किरण चव्हाण ने बताया कि सुकमा जिले के दक्षिणी क्षेत्र किस्टाराम थाना क्षेत्राधिकार अंतर्गत पामलूर के जंगलों में सशस्त्र नक्सलियों की मौजूदगी की पुख्ता सूचना के आधार पर सुकमा डीआरजी द्वारा सर्च ऑपरेशन प्रारंभ किया गया। अभियान के तहत सुकमा के दक्षिण क्षेत्र में डीआरजी की टीमें रवाना की गई थीं। मुठभेड़ के बाद सर्च ऑपरेशन के दौरान मुठभेड़ स्थल से कुल 12 नक्सलियों के शव हथियार सहित बरामद किए गए हैं, जिनमें 5 महिला नक्सलियों के शव भी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि मुठभेड़ स्थल से बरामद हथियार सामग्रियों में एके 47 रायफल एक, मय मैगजीन 30 राउंड, एसएलआर रायफल एक मय मैगजीन 10 राउंड, इंसास रायफल एक, मय मैगजीन 26 राउंड , बीजीएल लॉन्चर चार मय बीजीएल सेल 11 नग, 12 बोर रायफल तीन, मय राउंड 8 नग, वायरलेस सेट एक, कैनर सेट 2 नग बरामद किया गया।

सुकमा एसपी चौव्हाण ने कहा कि बस्तर क्षेत्र में शांति और स्थिरता की दिशा में निरंतर एवं निर्णायक प्रगति हो रही है। हमारा स्पष्ट संदेश है कि हिंसा का कोई भविष्य नहीं है और संवैधानिक तथा लोकतांत्रिक मूल्यों के माध्यम से ही बस्तर आगे बढ़ सकता है। जो नक्सली कैडर अभी भी हिंसा के रास्ते पर चल रहे हैं, उनसे अपील है, कि वे समय रहते मुख्यधारा में लौटें और बस्तर के विकास, विश्वास एवं सौहार्द के अभियान का हिस्सा बनें।

मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों के कैडर और इनामी राशि1. 08 लाख इनामी वेट्टी मंगडू उर्फ मुक्का निवासी तोयापारा गोरगुण्डा थाना पोलमपल्ली जिला सुकमा, रैंक : कोंटा-किस्टाराम एरिया कमेटी इंचार्ज (डीव्हीसीएम), आरोपः 41 मामले जिनमें नागरिक हत्याएं, हमले, आईईडी विस्फोट की साजिश में शामिल रहा।2. 08 लाख इनामी माड़वी हितेश उर्फ हूंगा निवासी रामाराम (रामूम) थाना चिन्तागुफा जिला सुकमा। रैंकः कोंटा एरिया कमेटी सचिव,(एसीएम) आरोपः 14 मामले जिनमें नागरिक हत्याएं, हमले, आईईडी विस्फोट की साजिश में शामिल रहा।3. 10 लाख का इनामी पोड़ियम जोगा निवासी गच्चनपल्ली थाना भेजी जिला सुकमा, रैंकः पीएलजीए बटालियन नंबर 1 कंपनी नंबर 2, प्लाटून नंबर 2, डिप्टी कमांडर सेक्शन ''ए'' कमांडर ।4.05 लाख का इनामी कोमरम बदरी पति कलमू प्रकाष उम्र लगभग 31 वर्ष निवासी, आमापेंटा थाना किस्टाराम जिला सुकमा, रैंक : किस्टाराम एलओएस कमांडर, (एसीएम)। 5. 05 लाख का इनामी झितरू माडवी निवासी मनीकोंटा थाना एर्राबोर जिला सुकमा, रैंकः दक्षिण बस्तर डिविजन सीएनएम, (एसीएम)।6. 05 लाख का इनामी माड़वी सुक्का निवासी, दंतेशपुरम थाना भेजी जिला सुकमा, रैंक गोलापल्ली एरिया एक्शन टीम (एसीएम)।7. 05 लाख का इनामी मुचाकी मुन्नी पति मंगडू पिता सोमा उम्र लगभग 27 वर्ष निवासी रेगड़गट्टा थाना भेजी जिला सुकमा, रैंक कोण्टा एरिया कमेटी (एसीएम)।8. 05 लाख का इनामी माड़वी जमली निवासी पूवर्ती थाना जगरगुण्डा जिला सुकमा, रैंक : कोण्टा एरिया कमेटी (एसीएम)।9. 05 लाख का इनामी एसीएम पोड़ियम रोशनी निवासी बोदारास (बोदराजपदर) थाना भेजी जिला सुकमा, रैंक : कोंटा एरिया कमेटी मेडिकल टीम अध्यक्षा (एसीएम) ।10. 02 लाख का इनामी तामो नंदा निवासी गोंदपल्ली थाना जगरगुण्डा जिला सुकमा, रैंकः सीवाईपीसीएम पोडियाम जोगा का गार्ड ।11. एक लाख का इनामी मडकम रामा निवासी टेटेमडगू थाना किस्टाराम जिला सुकमा, रैंकः पार्टी सदस्य (पीएम ) कोंटा एरिया कमेटी ।12. एक लाख का इनामी मासे निवासी पामेड़ क्षेत्र जिला बीजापुर, रैंकः पार्टी सदस्य (पीएम) कोंटा एरिया कमेटी ।

## संघ की कार्यशैली 'स्वयंसेवक' के माध्यम से समाज को सशक्त करना : सुनील आंबेकर

एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली में आयोजित शब्दोत्सव 2026 के अंतिम दिन रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने कहा कि संघ की कार्यशैली का मूल आधार स्वयंसेवक के माध्यम से समाज को सशक्त एवं जागरूक करना है।

दिल्ली में रविवार को तीन दिवसीय उत्सव के अंतिम दिन इस मंच से कई वक्ताओ ने अलग- अलग विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किये। कार्यक्रम के तीसरे दिन पुस्तक लोकार्पण, मीडिया, फिल्म और राजनीति जैसे कई मुद्दे तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गए। इसमें कई छात्रों ने चित्रकला, मूर्तिकला और संस्कृति श्लोक गायन प्रतियोगिता में भाग लिया। सुनील आंबेकर ने कहा, ''संघ सरकार को दोषी ठहराने की प्रवृत्ति से दूर रहता है और इसके स्थान पर अपनी कार्यनीति में 'स्वयंसेवक प्रथम' के सिद्धांत को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है। संघे शक्ति कलयुगे विषय पर उन्होंने कहा कि संघ का पहला कदम अपने कार्यकर्ताओं को समस्याग्रस्त क्षेत्रों में उतारकर कार्य करने के लिए प्रेरित करना होता है। इसके बाद नागरिकों को इस सामूहिक प्रयास से जुड़ने के लिए प्रेरित किया जाता है। सुनील आंबेकर इस बात पर जोर दिया कि ''कोई भी प्रभावी समाधान समाज के सहयोग से ही संभव है, न कि समाज से अलग-थलग रहकर। इसी मौके पर आरएसएस की शैली पर आधारित पुस्तक 'संघर्ष समाधान' के लोकार्पण के दौरान डॉ रतन शारदा और डॉ यशवंत पाठक ने कहा कि संघ जम्मू-कश्मीर, पूर्वोत्तर, और पंजाब में सांस्कृतिक एकता का एक साझा आधार बनाकर कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि जब राम जन्मभूमि आंदोलन का सूत्रपात हुआ था, तब सभी राजनीतिक दलों की भाषा विरोध और संदेह से भरी थी। किंतु, जैसे ही 'लोक-जागरण' हुआ, व्यापक जनमानस ने इस विषय को भारत की अस्मिता से जोड़कर देखा, जिससे माहौल पूरी तरह परिवर्तित हो गया। आज 'संघ शक्ति कलियुगे' और 'देश की आंतरिक एवं बाहरी रक्षा पर उद्बोधन' जैसे समसामयिक एवं वैचारिक सत्र आयोजित किये गए। इस मौके पर तीन दिन में 40 से अधिक पुस्तकों का लोकार्पण, ?छह बड़े सांस्कृतिक कार्यक्रम, दो बड़े कवि सम्मेलन, ओपन माइक (युवाओं के लिए), विभिन्न प्रकाशनों के बुक स्टॉल (सुरुचि, प्रभात, गरुण आदि), भोजन के फूड स्टॉल, 100 से अधिक वक्ता और कॉलेज और विश्वविद्यालय के छात्र शामिल हुए।

## डेरा प्रमुख गुरमीत राम रहीम को फिर से 40 दिन की पैरोल मिली

नयी दिल्ली। अपनी दो शिष्याओं के साथ बलात्कार के मामले में 20 साल की जेल की सजा काट रहे डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह को एक बार फिर 40 दिनों की पैरोल दी गई है। बलात्कार और हत्या के मामलों में दोषी राम रहीम हरियाणा के रोहतक की सुनारिया जेल में बंद है। उसके पैरोल को रोहतक संभागीय आयुक्त ने मंजूरी दी है और उम्मीद है कि उसे रविवार या सोमवार को रिहा कर दिया जाएगी। उसका यह पैरोल 5 अगस्त, 2025 को उसके जन्मदिन का जश्न मनाने के लिए दी गई इसी तरह की 40 दिन की पैरोल के कुछ ही महीनों बाद आया है। अगस्त 2017 में बलात्कार मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद से यह 15वीं बार होगा जब राम रहीम को पैरोल या फरलो पर जेल से रिहा किया जाएगा। गौरतलब है कि राम रहीम को पत्रकार रामचंद्र छत्रपति की हत्या के लिए उम्रकैद की सजा भी सुनाई गई है।

## श्री गुरु रविदास विश्व महापीठ में पदाधिकारियों की घोषणा, सम्मान समारोह सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सहारनपुर। हसनपुर स्थित लोकहित चैरिटेबल ट्रस्ट के कार्यालय पर रविवार को श्री गुरु रविदास विश्व महापीठ के तत्वावधान में पदाधिकारियों की घोषणा एवं महिलाओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री एडवोकेट धूम सिंह और महात्मा बेगराजदास मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता चौधरी रविंदर ने की, जबकि संचालन उदय भारती ने किया।इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री एडवोकेट धूम सिंह ने कहा कि जगतगुरु श्री गुरु रविदास महाराज ने ल्मन चंगा तो कठौती में गंगाङ्क का संदेश देकर समाज को समता, समानता और एकता का मार्ग दिखाया। उन्होंने बताया कि गुरु रविदास महाराज के विचार आज पूरी दुनिया में प्रासंगिक हैं और श्री गुरु रविदास विश्व महापीठ उनके संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य कर रही है।

महात्मा बेगराजदास ने अपने संबोधन में कहा कि गुरु रविदास महाराज ने समाज को प्रेम, भाईचारे और समानता का संदेश दिया। उन्होंने गुरु महाराज की वाणी का उल्लेख करते हुए कहा–ऐसा चाहूं राज में, जहां मिले सबन को अन्न।

छोटू बड़ो सब सम बसों, रविदास रहे प्रसन्न।

उन्होंने कहा कि गुरु महाराज का यही संदेश आज के समाज के लिए मार्गदर्शक है। कार्यक्रम के दौरान लोकहित चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा श्री गुरु रविदास विश्व महापीठ के बैनर तले महिलाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से सिलाई मशीन और प्रेस का वितरण किया गया। इस अवसर पर सैकड़ों महिलाओं को सिलाई मशीन एवं प्रेस वितरित किए गए, जो मुख्य अतिथियों द्वारा प्रदान किए गए। कार्यक्रम में संगठनात्मक विस्तार के तहत पंकज मौर्या को प्रदेश मंत्री नियुक्त किया गया, जबकि अनिल श्रवण को क्षेत्रीय अध्यक्ष घोषित किया गया। कार्यक्रम संयोजक पंकज मौर्या रहे। इस अवसर पर चौधरी रविंद्र प्रधान, पंकज मौर्या, अभिजीत सैनी, पार्षद राजू, नरेश्वर जी एडवोकेट, निर्दोष कुमार, राजकुमार राणा, प्रवेश, उदय भारती, मनीता गौतम, जी डाबरे, तोसी गौतम, अर्जुन सहित बड़ी

# पेज एक का शेष

### योगी सरकार...

से चयनित 1230 नर्सिंग अधिकारियों (महिला एवं पुरुष) को इस वर्ष नियुक्ति पत्र वितरित किए जाएंगे। इससे सरकारी अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में मरीजों को बेहतर, त्वरित और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेंगी।

### संभल में अवैध मस्जिद...

और पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई के साथ काफी संख्या में पुलिस कर्मी तथा प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। इस संबंध में जिलाधिकारी डॉ राजेंद्र पैंसिया ने बताया कि अवैध रूप से किया गया निर्माण कभी न कभी हटता ही हटता है। यहां पर भी धारा 67 के अंतर्गत तहसीलदार न्यायालय के आदेश पर कार्रवाई की गई है। इसी क्रम में आज यहां जो मदरसा 4000 वर्ग मीटर में से 1500 स्क्वायर मीटर में बना हुआ था और दुकानें बनाकर कमर्शियल एक्टिविटीज भी की जा रही थी। इन दुकानों से किराया भी वसूला जा रहा था, उनको भी हटा दिया गया है। जो शेष हॉल बना हुआ है उसे भी हटाया जा रहा है। डीएम ने बताया कि कब्जा मुक्त कराई गई जमीन को गरीब तथा बेसहारा 20 पात्र लोगों को आवंटित कर दिया गया है।

### अमेरिका को ...

मादुरो के अपहरण से उत्पन्न असाधारण स्थिति को देखते हुए यह आदेश दिया जाता है कि गणतंत्र की कार्यकारी उपराष्ट्रपति कार्यवाहक क्षमता में राष्ट्रपति पद की सभी शक्तियों, कर्तव्यों और कार्यों को संभालें। यह निर्णय प्रशासनिक निरंतरता और राष्ट्र की व्यापक रक्षा सुनिश्चित करने के लिए लिया गया है। वेनेजुएला का संविधान अनुच्छेद 233 और 234 के तहत ऐसी स्थितियों का प्रावधान करता है, जो राष्ट्रपति की अस्थायी या पूर्ण अनुपस्थिति की स्थिति में उपराष्ट्रपति को पदभार संभालने की अनुमति देते हैं। श्री मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया फ्लोर्स को हिरासत में लिए जाने के कुछ ही घंटों बाद, जस्टिस रोड्रिग्ज ने मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ राष्ट्रीय रक्षा परिषद के सत्र की अध्यक्षता की। उन्होंने मादुरो दंपति की 'तत्काल रिहाई' की मांग की और अमेरिकी ऑपरेशन की निंदा करते हुए इसे 'अंतरराष्ट्रीय कानून और वेनेजुएला की संप्रभुता का खुला उल्लंघन' बताया। जस्टिस रोड्रिग्ज ने इस बात पर जोर दिया कि श्री मादुरो ही वेनेजुएला के एकमात्र वैध राष्ट्रपति हैं। उन्होंने वेनेजुएला के लोगों से इस ऑपरेशन का विरोध करने का आग्रह किया और मध्य अमेरिकी देशों की सरकारों से इसकी निंदा करने की अपील की। सुप्रीम कोर्ट ने वेनेजुएला के लोगों और क्षेत्र के खिलाफ अमेरिका द्वारा किए गए गंभीर सैन्य हमले और श्री मादुरो और उनकी पत्नी के अपहरण की कड़ी निंदा की। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अमेरिकी कार्रवाई वेनेजुएला के संविधान, अंतरराष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र चार्टर का उल्लंघन है, जिसका उद्देश्य वेनेजुएला के रणनीतिक संसाधनों पर कब्जा करना है। उल्लेखनीय है कि श्री मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया फ्लोर्स को शनिवार सुबह वेनेजुएला के खिलाफ एक बड़े अमेरिकी सैन्य अभियान में पकड़ लिया गया था। इसी बीच अमेरिकी स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, श्री मादुरो और उनकी पत्नी को न्यूयॉर्क में एक सैन्य अड्डे पर ले जाया गया है। चीन ने वेनेजुएला पर अमेरिकी कार्रवाई की कड़ी निंदा करते हुए अमेरिका से मांग की है कि वह मादुरो दंपती को 'तत्काल' रिहा करे। चीन ने चेतावनी दी है कि किसी संप्रभु राष्ट्र के खिलाफ बल का ऐसा प्रयोग अंतरराष्ट्रीय कानूनों का खुला उल्लंघन है। चीनी विदेश मंत्रालय के एक आधिकारिक बयान में अमेरिका से वेनेजुएला की सरकार को अस्थिर करने की कोशिशें बंद करने और विवाद का समाधान बातचीत के जरिए निकालने का आग्रह किया गया है। दूसरी ओर रविवार को अमेरिकी शहर न्यूयॉर्क के मेयर जोहरान ममदानी ने वेनेजुएला के खिलाफ अमेरिकी सैन्य अभियान को 'युद्ध की कार्रवाई' और 'अंतरराष्ट्रीय एवं संघीय कानून का उल्लंघन' बताया। श्री ममदानी ने कहा कि सत्ता परिवर्तन की यह खुलेआम कोशिश न केवल विदेशों में रह रहे अमेरिकी नागरिकों को प्रभावित करती है, बल्कि इसका सीधा असर न्यूयॉर्क निवासियों पर भी पड़ता है, जिनमें वेनेजुएला के हजारों नागरिक भी शामिल हैं । अमेरिका की पूर्व उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सैन्य कार्रवाई की कड़ी आलोचना करते हुए इसे 'अवैध और नासमझी भरा' कदम बताया। श्रीमती हैरिस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''वेनेजुएला में डोनाल्ड ट्रंप के कदम अमेरिका को अधिक सुरक्षित, मजबूत या समृद्ध नहीं बनाते।'' उन्होंने स्वीकार किया कि वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो एक 'क्रूर और अवैध तानाशाह' हैं, लेकिन यह अमेरिकी कार्रवाई को उचित नहीं ठहराता। पूर्व उपराष्ट्रपति ने कहा, ''मादुरो का एक क्रूर और अवैध तानाशाह होना इस तथ्य को नहीं बदलता कि यह कार्रवाई अवैध और नासमझी भरी थी। अमेरिकी जनता यह नहीं चाहती और वे झूठ सुनकर थक चुके हैं। न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर में एकत्र हुए प्रदर्शनकारियों के हाथों में 'वेनेजुएला से हाथ हटाओ', 'कैरिबियन से अमेरिका बाहर निकले', 'वेनेजुएला के तेल के लिए कोई युद्ध नहीं', और 'अमेरिकी साम्राज्यवाद के खिलाफ वेनेजुएला की रक्षा करो' लिखे हुए पोस्टर थे। भीड़ में 'वेनेजुएला की रक्षा करो, मादुरो को आजाद करो' के नारे भी गूंज रहे थे। मार्च में शामिल न्यूयॉर्क के निवासी करेन ने कहा, ''यह युद्ध मादक पदार्थों के बारे में नहीं है, यह वेनेजुएला के तेल के बारे में है। आपको वेनेजुएला में कदम रखने और वहां हमला करने का अधिकार कैसे है? ऐसा महसूस होता है जैसे हम अपराधियों की तरह काम कर रहे हैं। हम यहां यह कहने आए हैं कि यह एक अन्यायपूर्ण कार्रवाई है।'' पाकिस्तान के एक कॉलेज छात्र हसन ने कहा कि विदेशों में अमेरिका के नेतृत्व में सरकार बदलने के प्रयास नए नहीं हैं, 'लेकिन कम से कम पहले यह नकाब पहनकर किया जाता था, जैसे मध्य पूर्व में लोकतंत्र बहाल करने के नाम पर।' उन्होंने कहा कि हालांकि, आज इसने नकाब उतार दिया है। यह काफी स्पष्ट रूप से तेल और प्राकृतिक संसाधनों के बारे में है। टाइम्स स्क्वायर रैली में एक वक्ता ने इसके जवाब में कहा, ''ऐसा नहीं होने वाला है। यह अहंकार है। ट्रंप ने कहा कि वेनेजुएला अमेरिका को अपना सारा तेल, आपनी सारी जमीन, अपनी सारी संपत्ति सौंप दें।'' उन्होंने कहा कि वेनेजुएला के लोग अपने देश को चलाने वाले या अपने तेल, गैस, सोने या किसी भी संसाधन को चुराने वाले अमेरिका को स्वीकार नहीं करेंगे। वहां कड़ा प्रतिरोध होगा। नहीं, वह युग अब खत्म हो गया है। इसी बीच अमेरिकी परिवहन विभाग के सचिव शॉन डफी ने कहा कि कैरेबियन हवाई क्षेत्र पर लगे प्रतिबंध रविवार को रात 12:00 बजे (0500 जीएमटी) समाप्त हो जाएंगे और उड़ानें फिर से शुरू हो सकती हैं। श्री डफी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि एयरलाइन कंपनियों को इसकी जानकारी दे दी गई है और वे जल्द ही अपनी समय सारणी को अद्यतन कर लेंगी।

### भू-स्वामित्व नामांतरण...

अनुमोदन और अभिलेख अपडेट के लिए बार-बार दौड़-भाग करनी पड़ती थी। अब सभी जरूरी जानकारियां जैसे भूमि का खसरा-खतौनी विवरण, मौजूदा उपयोग की स्थिति और आसपास के क्षेत्र की जानकारियां ऑनलाइन आवेदन फॉर्म में एक बार में ही ली जाएंगी। डिजिटली जांच होगी, जिससे लेखपाल द्वारा बार-बार रिपोर्टिंग की जरूरत समाप्त हो जाएगी। एसएमएस या व्हाट्सएप से नोटिस प्रक्रिया संबंधित सभी नोटिस अब डाक के बजाय ऑनलाइन पोर्टल, एसएमएस या व्हाट्सएप से जाएगा। इससे आवेदक को तत्काल सूचना मिलेगी, लेखपाल की रिपोर्ट भी कम लगेगी। नामांतरण प्रमाणपत्र और भू-उपयोग बदलाव प्रमाण पत्र कुछ ही दिनों में ऑनलाइन उपलब्ध होगा। भू-प्रशासन में इस डिजिटल पहल से न केवल समय की बचत होगी, बल्कि संपत्ति की खरीद बिक्री में होने वाले अपराध और भ्रष्टाचार पर भी लगाम लगेगी। साथ ही भू-उपयोग बदलाव प्रक्रिया में सुधार और सरलीकरण से ग्रामीण क्षेत्रों में औद्योगिक निवेश में वृद्धि होगी, जिससे प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी बल मिलेगा।

### सात जनवरी से होगा....

दिया। शाम के मॉक ड्रिल में कुल 45 यात्रियों ने भाग लिया। इनमें पर्यटन विभाग के अधिकारी अपने परिवारों के साथ, परिवहन विभाग के प्रतिनिधि और अन्य नागरिक शामिल थे। बस के भीतर उत्साह का माहौल रहा। यात्री पूरे सफर के दौरान फोटो और वीडियो बनाते दिखे। वहीं सड़कों पर मौजूद लोग भी डबल डेकर बस को देखकर उत्साहित नजर आए और कई स्थानों पर आमजन में बस में सवार होने की उत्सुकता देखी गई। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि मॉक ड्रिल का उद्देश्य सेवा संचालन के साथ-साथ यात्रियों के अनुभव को बेहतर बनाना था। उन्होंने बताया कि 7 जनवरी से शुरू होने वाली इस सेवा में यात्रियों को हल्का जलपान उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने के लिए 31 जनवरी तक टिकट बुकिंग पर 10 प्रतिशत की छूट भी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि लखनऊ दर्शन इलेक्ट्रिक डबल डेकर बस न केवल पर्यावरण-अनुकूल है, बल्कि यह लखनऊ को एक जीवंत विरासत शहर के रूप में स्थापित करने में भी सहायक होगी। बुकिंग पहले से ही शुरू हो चुकी है और नियमित संचालन के बाद यह सेवा परिवारों, छात्रों, पर्यटकों और पहली बार लखनऊ आने वाले यात्रियों के लिए शहर घूमने का एक आरामदायक, सुरक्षित और सुव्यवस्थित विकल्प बनेगी।

### शिकायकतों के...

जलकल, जोनल अधिकारी, जोन-8, नगर अभियंता, जोन-1, नगर अभियंता, जोन-6 पहला कदम, आगे और सख्ती तय अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव ने स्पष्ट किया कि यह कार्रवाई सुधार की दिशा में पहला कदम है। सभी अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। संतोषजनक उत्तर न मिलने और कार्यशैली में सुधार न होने की स्थिति में निलंबन समेत कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### देश का हर सेक्टर...

प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारा देश भी इसी भाव से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचना किसी भी खिलाड़ी के लिए आसान नहीं होता। वर्षों की मेहनत, अनुशासन और संकल्प के बाद खिलाड़ी इस मंच तक पहुंचते हैं। अब काशी के मैदान पर उनकी तपस्या की परीक्षा होगी। उन्होंने चैंपियनशिप में भाग ले रहे सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के 28 से अधिक राज्यों की टीमें इस प्रतियोगिता में भाग ले रही हैं, जो 'एक भारतऽश्रेष्ठ भारत' की सजीव तस्वीर प्रस्तुत करती हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि ल्लएक कहावत है-बनारस के जानल चाहत हउआ, त बनारस आवे के पड़ी३ अब आप सभी बनारस आ गए हैं, तो यहां की संस्कृति को भी करीब से समझेंगे।ङ्क उन्होंने कहा कि बनारस ने हमेशा खेल जगत को बेहतरीन खिलाड़ी दिए हैं। उन्होंने कहा कि काशी ने हजारों वर्षों से उन सभी का सत्कार किया है जो ज्ञान और कला की साधना के लिए यहां आते हैं। यह खेल प्रेमियों का शहर है, जहां कुश्ती, मुक्केबाजी, नौका दौड़, कबड्डी जैसे कई खेल प्रसिद्ध हैं। उन्होंने बताया कि 2030 कॉमनवेल्थ गेम्स और 2036 ओलंपिक की मेजबानी के लिए भारत गंभीरता से प्रयास कर रहा है, ताकि खिलाड़ियों को अधिक से अधिक अवसर मिल सकें। प्रधानमंत्री ने कहा कि खेल अवसंरचना में हुए बदलाव का लाभ काशी को भी मिला है। आधुनिक स्टेडियम और बड़े आयोजनों ने वाराणसी को राष्ट्रीय खेल मानचित्र पर नई पहचान दी है। पहले जी-20 बैठक, प्रवासी भारतीय सम्मेलन और अब नेशनल वॉलीबॉल चैंपियनशिप होने से काशी लगातार बड़े आयोजनों का केंद्र बन रही है। इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री मोदी के वर्चुअल संबोधन के लिए आभार जताया। उन्होंने कहा कि यह आयोजन काशी और उत्तर प्रदेश के लिए गौरव का क्षण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीते साढ़े ग्यारह वर्षों में देश ने अभूतपूर्व परिवर्तन देखा है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने अपनी प्राचीन विरासत के साथ आधुनिक विकास का ऐसा मॉडल प्रस्तुत किया है, जिस पर आज हर भारतवासी गर्व कर रहा है। कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से समाज के अंतिम पायदान पर खड़ा व्यक्ति भी शासन की योजनाओं का लाभ लेकर आत्मनिर्भर बन रहा है। उन्होंने कहा कि खेल केवल समय बिताने का माध्यम नहीं, बल्कि जीवन के सर्वांगीण विकास का आधार हैं। भारतीय मनीषा प्राचीन काल से ही यह सिखाती आई है कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन और सफल जीवन का वास होता है। इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए 'खेलो इंडिया', 'फिट इंडिया मूवमेंट', सांसद खेलकूद प्रतियोगिता और प्रदेश में विकसित हो रहे आधुनिक खेल अवसंरचना ने खेल संस्कृति को नई दिशा दी है। मुख्यमंत्री ने चैंपियनशिप का विधिवत उद्घाटन करने के बाद खिलाड़ियों एवं भारी संख्या में उपस्थित खिलाड़ियों, जनप्रतिनिधियों और खेल प्रेमियों का स्वागत व अभिनंदन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने डॉ संपूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम के विभिन्न खेल प्रभागों का अवलोकन किया तथा शूटिंग रेंज में मौजूद खिलाड़ियों से वार्ता भी की। इस अवसर पर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक,राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रविन्द्र जायसवाल, आयुष एवं खाद्य सुरक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ दयाशंकर मिश्र 'दयालु', जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्या, महापौर अशोक तिवारी,विधायक डॉ नीलकंठ तिवारी, एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा, एमएलसी धर्मेन्द्र राय, कमिश्नर एस. राजलिंगम, ओलिंपियन मेडलिस्?ट आईएएस अधिकारी सुहास एलवाई, जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार आदि भी मौजूद रहे।

### विरासत से आधुनिकता...

पायदान पर खड़ा व्यक्ति भी शासन की योजनाओं का लाभ लेकर आत्मनिर्भर बन रहा है। सीएम योगी ने कहा कि खेल केवल समय बिताने का माध्यम नहीं, बल्कि जीवन के सर्वांगीण विकास का आधार हैं। भारतीय मनीषा प्राचीन काल से ही यह सिखाती आई है कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन और सफल जीवन का वास होता है। इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए 'खेलो इंडिया', 'फिट इंडिया मूवमेंट', सांसद खेलकूद प्रतियोगिता और प्रदेश में विकसित हो रहे आधुनिक खेल अवसंरचना ने खेल संस्कृति को नई दिशा दी है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश में गांव से लेकर शहर तक खेल प्रतिभाओं को मंच देने का कार्य हुआ है। आज ग्रामीण अंचल से राष्ट्रीय स्तर तक खिलाड़ी उभर रहे हैं। प्रत्येक गांव में खेल का मैदान, विकासखंड स्तर पर मिनी स्टेडियम और नगर निकायों में खेल सुविधाओं को प्राथमिकता दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 45 वर्षों बाद वाराणसी में सीनियर नेशनल वॉलीबॉल चैंपियनशिप का आयोजन इस बात का प्रमाण है कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में प्रदेश में खेलों का आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित हुआ है। उन्होंने कहा स्मार्ट सिटी मिशन के तहत बनी सुविधाएं और साई के साथ हुए एमओयू से खिलाड़ियों को उच्चस्तरीय प्रशिक्षण मिलेगा। सीएम योगी ने विश्वास जताया कि यह आयोजन न केवल काशी बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश को खेल के राष्ट्रीय मानचित्र पर नई पहचान दिलाएगा और युवा ऊर्जा को सकारात्मक दिशा देगा। काशी में पहली बार इतने बड़े स्तर पर राष्ट्रीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। स्टेडियम को रंग-बिरंगे झंडों, बैनर और होर्डिंग्स से भव्य रूप से सजाया गया। मुख्यमंत्री योगी के आगमन पर मोदी-योगी जल्दी आवा और हर-हर महादेव के नारे गूंजते रहे।

# मुख्यमंत्री ने समाज कल्याण की कई पेंशन योजनाओं की किश्त जारी की

■ मुख्यमंत्री धामी ने नौ लाख से अधिक लाभार्थियों के खातों में भेजी 140 करोड़ रुपये की राशि

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को अपने कैंप कार्यालय से समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न पेंशन योजनाओं की दिसंबर माह की किश्त डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) प्रणाली के माध्यम से लाभार्थियों के बैंक खातों में जारी की। इस अवसर पर 09 लाख 43 हजार 964 लाभार्थियों के खातों में कुल 140 करोड़ 26 लाख 97 हजार रुपये की राशि ऑनलाइन स्थानांतरित की गई। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि राज्य सरकार समाज के कमजोर वर्गों, वृद्धजनों, विधवाओं, दिव्यांगजनों एवं निराश्रित व्यक्तियों के सामाजिक और आर्थिक सशक्तीकरण के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया कि पारदर्शी शासन व्यवस्था को मजबूत करने के लिए सभी प्रकार के भुगतान डीबीटी प्रणाली के माध्यम से सीधे लाभार्थियों के खातों में किए जा रहे हैं, जिससे समयबद्धता और पारदर्शिता सुनिश्चित हुई है। मुख्यमंत्री ने समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वृद्धावस्था पेंशन के लिए 60 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले पात्र व्यक्तियों का 59 वर्ष की आयु से ही चिन्हीकरण किया जाए, ताकि पात्रता पूरी होते ही उन्हें शीघ्र पेंशन का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे, इसके लिए नियमित सत्यापन एवं निगरानी व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किया जाए। इस अवसर पर निदेशक समाज कल्याण डॉ. संदीप तिवारी, अपर सचिव प्रकाश चंद्र सहित विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## गंगोत्री में बर्फबारी न होने से पाले की मोटी परतें, नदियां भी पाले से जमी

देहरादून। उत्तरकाशी जिले में स्थित गंगोत्री धाम में अभी तक बर्फबारी नहीं हुई है। इसके बावजूद बारह माह पानी से सदाबहार रहने वाले छोटी-बड़ी नदियां पूरी तरह जम चुकी हैं और पाले की मोटी परतों का रूप ले ले चुकी हैं। दूसरी ओर बर्फ न गिरने के कारण सेब बागवान और अन्य काश्तकार निराश नजर आ रहे हैं। गंगोत्री में इन दिनों तापमान माइनस जीरो डिग्री से लेकर माइनस 11 से 12 डिग्री सेल्सियस जा रहा है। इसके बावजूद वहां पर इन दिनों करीब 25 साधु साधनारत हैं। इसके साथ ही गंगोत्री नेशनल पार्क के छह और पुलिस के दो कर्मचारी सहित गंगोत्री मंदिर समिति के कर्मचारी तैनात हैं। कनखू बैरियर इंचार्ज राजवीर रावत ने बताया कि गंगोत्री धाम में इस सीजन में अभी तक बर्फबारी नहीं हुई है। लेकिन तापमान में भारी गिरावट आने के कारण गंगोत्री सहित गोमुख ट्रैक के सभी नदी-नाले पूरी तरह जम चुके हैं। पाले की कई इंच मोटी परत के बीच भागीरथी नदी में बहुत कम पानी बह रहा है। साथ ही केदार गंगा, ऋषिकुर नाला, पागल नाला, चीड़बासा नाला भी पूरी तरह जम चुके हैं।

# भीषण ठंड के चलते पटना में कक्षा आठ तक के सभी स्कूल 08 जनवरी तक बंद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार में ठंड का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। राजधानी पटना सहित कई जिलों में जारी कड़ाके की ठंड और लगातार गिरते तापमान को देखते हुए जिला प्रशासन ने छात्रों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए बड़ा फैसला लिया है। पटना जिलाधिकारी ने आदेश जारी कर जिले के सभी निजी एवं सरकारी विद्यालयों (प्री-स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्र सहित) में कक्षा 8 तक की सभी शैक्षणिक गतिविधियों पर आगामी 8 जनवरी तक के लिए अस्थायी रूप से रोक लगा दी है। पटना जिलाधिकारी डॉ त्यागराजन एसएम की ओर से जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि यह रोक भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा-163 के तहत लगाया गई है। आदेश के मुताबिक कक्षा 8 तक की पढ़ाई पर 8 जनवरी तक रोक रहेगी। कक्षा 8 से ऊपर की कक्षाओं की शैक्षणिक गतिविधियां सुबह 10:30 बजे से शाम 3:30 बजे के बीच ही संचालित की जा सकेंगी। जिला प्रशासन ने स्कूल प्रबंधन को निर्देश दिया है कि वे आदेश के अनुरूप अपने शैक्षणिक कार्यक्रमों को पुनर्निर्धारित करें और इसका सख्ती से पालन सुनिश्चित करें। हालांकि, आदेश में यह भी साफ किया गया है कि प्री-बोर्ड या बोर्ड परीक्षाओं के लिए संचालित विशेष कक्षाएं और परीक्षाएं इस प्रतिबंध से मुक्त रहेंगी। यानी जिन कक्षाओं या छात्रों की बोर्ड परीक्षाएं प्रस्तावित हैं, उनके लिए परीक्षा संबंधी गतिविधियां यथावत जारी रह सकेंगी। प्रशासन का कहना है कि इस छूट का उद्देश्य छात्रों की शैक्षणिक क्षति को न्यूनतम रखना है, जबकि सामान्य कक्षाओं में पढ़ने वाले छोटे बच्चों को ठंड से बचाया जा सके। पटना डीएम के निर्देश के अनुरूप यह आदेश पटना जिले में आज यानी 4 जनवरी से प्रभावी होगा और 8 जनवरी तक लागू रहेगा। डीएम की ओर से 3 जनवरी को हस्ताक्षरित इस आदेश की प्रतिलिपि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सभी अनुमंडल दंडाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (आईसीडीएस), जिला सूचना एवं जन संपर्क पदाधिकारी सहित संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई और अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए भेज दी गई है।

# डीआईकजी ने गहने-नगदी हड़पने वाले लालगंज थानाध्यक्ष और दारोगा को किया निलंबित

कैनविज टाइमस संवाददाता



मुजफ्फरपुर। बिहार में सुशासन के दावों के बीच पुलिस महकमे को शर्मसार करने वाला एक बड़ा मामला सामने आया है। वैशाली जिले में 'रक्षक ही भक्षक' बन गए, जहां छापेमारी के दौरान बरामद हुए सोने-चांदी के जेवर और नकदी को पुलिसकर्मियों ने सरकारी रिकॉर्ड में चढ़ाने के बजाय खुद ही डकार लिया। इस गंभीर अनुशासनहीनता और भ्रष्टाचार पर कड़ा रुख अपनाते हुए तिरहुत रेंज के डीआईजी चंदन कुशवाहा ने बड़ी कार्रवाई की है। डीआईजी के निर्देश पर वैशाली एसपी ने लालगंज के थानाध्यक्ष (एस एच ओ) संतोष कुमार और सब-इंस्पेक्टर (एस आई) सुमन कुमार झा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। यह सनसनीखेज मामला वैशाली जिले के लालगंज थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार, बीते 30 दिसंबर को लालगंज पुलिस को बिलनपुर गांव में रहने वाले रामप्रीत सहनी के घर के संबंध में कुछ गुप्त सूचना मिली थी। इसी आधार पर थानाध्यक्ष संतोष कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने वहां छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पुलिस को घर से भारी मात्रा में सोने-चांदी के जेवर और नकदी बरामद हुई। नियमतः पुलिस को इन सामानों की जब्ती सूची बनाकर उन्हें मालखाने में जमा करना चाहिए था और वरीय अधिकारियों को सूचित करना था। लेकिन आरोप है कि थानाध्यक्ष संतोष कुमार और सब-इंस्पेक्टर सुमन कुमार की नीयत डोल गई। उन्होंने बरामदगी को छिपा लिया और कीमती सामानों को आपस में बंदरबांट कर लिया। भ्रष्टाचार की यह बात जब मुजफ्फरपुर रेंज के डीआईजी चंदन कुशवाहा तक पहुंची, तो उन्होंने इसे गंभीरता से लिया। डीआईजी ने मामले की अत्यंत गोपनीय तरीके से जांच कराई। जांच रिपोर्ट में यह स्पष्ट हुआ कि बरामदगी तो हुई थी, लेकिन उसे आधिकारिक दस्तावेजों में दर्ज नहीं किया गया। प्रथम दृष्टया दोषी पाए जाने पर डीआईजी ने इस कृत्य को ''वर्दी को शर्मसार करने वाली घटना'' बताया। लालगंज थानाध्यक्ष संतोष कुमार पर यह पहला आरोप नहीं है। पुलिस द्वारा जारी प्रेस रिलीज के अनुसार, इससे पहले भी उनके कामकाज की शैली संदिग्ध रही है। उन पर मध्य प्रदेश की एक महिला के साथ हुए ठगी और यौन उत्पीड़न के मामले में लीपापोती करने और सही तरीके से कार्रवाई न करने के गंभीर आरोप लगे थे। बार-बार मिल रही शिकायतों और ताज़ा भ्रष्टाचार के मामले ने उनकी विदाई तय कर दी। वर्ष 2024 के 04 सितंबर को मुजफ्फरपुर में पोस्टिंग के दौरान सब इंस्पेक्टर सुमन झा को 11 हजार रुपये घूस लेते हुए रंगेहाथों गिरफ्तार किया गया। टेंगरारी गांव में एक जमीन विवाद में 144 की रिपोर्ट बनाने के लिए घूस मांग रहे थे। निगरानी टीम को इस बारे में सूचना मिली और उसने जाल बिछाकर सब इंस्पेक्टर को रंगेहाथों गिरफ्तार कर लिया था। सूत्रों के अनुसार अभी वह मामला कोर्ट में है। डीआईजी चंदन कुशवाहा ने इस कार्रवाई के जरिए पूरे पुलिस महकमे को कड़ा संदेश दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि विभाग में किसी भी स्तर पर भ्रष्टाचार और अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वर्तमान में दोनों पुलिसकर्मियों को निलंबित कर विभागीय कार्यवाही शुरू कर दी गई है।

## श्री गंगा सभा ने कुंभ मेला क्षेत्र को गैर हिन्दू निषेध घोषित करने की मांग उठाई

**हरिद्वार।** श्री गंगा सभाने वर्ष 2027 में हरिद्वार में होने वाले कुंभ मेला क्षेत्र को गैर हिन्दू प्रवेश निषेध क्षेत्र घोषित करने की मांग की है। साथ ही नगर निगम बायलॉज का भी सख्ती से अनुपालन कराए जाने की मांग की है। रविवार को प्रेस क्लब में पत्रकारों से वार्ता करते हुए श्री गंगा सभा के अध्यक्ष नितिन गौतम ने कहाकि वर्ष 2027 में हरिद्वार में कुंभ आयोजन के दिव्य तथा भव्य कराए जाने की सरकार की घोषणा सराहनीय है। वर्ष 2021 का कुंभ कोरोना की भेंट चढ़ गया, जिस कारण श्रद्धालु कुंभ स्नान के लिए नहीं आ पाए और इसकी दिव्य व भव्यता को भी नहीं निहार पाए थे। अब वे इस बार आकर गंगा में आस्था की डूबकी लगाकर पुण्य कमा सके। नितिन गौतम ने कहा कि हरिद्वार कुंभ क्षेत्र को गैर हिन्दू प्रवेश निषेध क्षेत्र घोषित किया जाये है। नगर निगम के बायलॉज में हरिद्वार क्षेत्र गैर हिन्दू व मद्य-मांस निषेध क्षेत्र घोषित है। सरकार को बायलॉज को पूर्णतः पालन कराना चाहिए, जिससे तीर्थ की मर्यादा बनी रह सके।

# कांग्रेस फूंका पुतला, मंत्री रेखा आर्य का मांगा इस्तीफा




कैनविज टाइम्स संवाददाता

पिथौरागढ़। गांधी चौक धारचूला में कांग्रेस की महिला जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने राज्य सरकार का पुतला फूंका। जिला अध्यक्ष नंदा बिष्ट ने कहा कि उत्तराखंड की महिला सशक्तिकरण मंत्री रेखा आर्य के पति गिरधारी लाल साहू ने बिहार की महिलाओं को लेकर बेहद आपत्तिजनक बयान दिया है। उन्होंने कहा कि बिहार की लड़कियां 20S25 हजार में मिल जाती हैं। जो की शर्मिंदा करने वाला तथा महिलाओं के सम्मान को ठेस पहुंचाने वाला है।बिहार के साथ ही देशभर की महिलाओं के आबरू और इज्जत के बारे में, इतनी घटिया और इतना नीच और निर्लज्ज बयान दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार के द्वारा मंत्री रेखा आर्या का इस्तीफा ले लेना चाहिए। वक्ताओं ने कहा कि गट्टू बट्टू जैसे वीआईपी सुरक्षित घूम रहे हैं। भाजपा सरकार में महिला उत्पीड़न बड़ा है। महिलाओं की सुरक्षा के प्रति भारी लापरवाही बरती जा रही है। इस दौरान नंदा बिष्ट, विनीता खुन्नू, प्रेमा कुटियाल, ललिता गर्व्याल, देवकी गर्ब्याल, शांति सीपा, शीला हयांकि, सरीता, ओम प्रकाश वर्मा, भूपेंद्र थापा, जीतू वर्मा, सौरभ मर्तोलिया, अमर भट्ट, संजीव साहनी, बलवंत गुंज्याल, पंकज वर्मा, हिमांशु ह्याकी, आदित्य धामी आदि मौजूद रहे।

## दृष्टिबाधितों के लिए शिक्षा, आत्मनिर्भरता और समान अवसर सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता : इंद्राज

नई दिल्ली। दिल्ली के कैबिनेट मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह ने आज ब्रेल लिपि के प्रणेता लुई ब्रेल की 217वीं जयंती के अवसर पर रोहिणी स्थित ब्रेल भवन में आयोजित कार्यक्रम में सहभागिता कर सम्मानित अतिथियों, दिव्यांगजनों एवं समाजसेवियों से संवाद किया। उन्होंने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि दृष्टिबाधित भाई-बहनों के लिए शिक्षा, आत्मनिर्भरता और समान अवसर सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता है। समावेशी और संवेदनशील समाज के निर्माण हेतु ऐसे आयोजनों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। मंत्री इंद्राज ने दृष्टिहीनों को शिक्षा और आत्मनिर्भरता का मार्ग दिखाने वाले ब्रेल लिपि के आविष्कारक, महान शिक्षाविद लुई ब्रेल को उनकी जयंती पर नमन किया। उन्होंने कहा कि ब्रेल लिपि ने न केवल ज्ञान के द्वार खोले, बल्कि समान अवसर, सम्मान और सशक्तिकरण की भावना को भी मजबूत किया।

# काम के अधिकार की रक्षा हेतु 8 जनवरी से 25 फ़रवरी तक चलेगा राष्ट्रव्यापी अभियान: नदीम अंसारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। काम के अधिकार की रक्षा हेतु कांग्रेस पार्टी चलाएगी राष्ट्रव्यापी अभियान। उक्त बातें बिहार प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता नदीम अंसारी ने कही। उन्होंने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने ये निर्णय लिया की मनरेगा को बचाने के लिए मनरेगा बचाओ संग्राम करेगी। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा), जिसे वर्ष 2005 में यूपीए सरकार द्वारा लागू किया गया था, एक अधिकार-आधारित कानून है जो प्रत्येक ग्रामीण परिवार को मजदूरी रोजगार की मांग करने का वैधानिक अधिकार देता है। कानून के तहत राज्य सरकार 15 दिनों के भीतर रोजगार उपलब्ध कराने के लिए बाध्य है, अन्यथा बेरोजगारी भत्ता देय होता है। यही वैधानिक गारंटी मनरेगा की मूल और परिभाषित विशेषता है। मनरेगा ग्रामीण आजीविका सुरक्षा की रीढ़ रहा है। यह प्रतिवर्ष 5-6 करोड़ परिवारों को रोजगार उपलब्ध कराता है, मजबूरी में होने वाले पलायन को कम करता है, ग्रामीण मजदूरी बढ़ाता है और टिकाऊ सामुदायिक परिसंपत्तियों का निर्माण करता है। इसकी मांग-आधारित संरचना, सुनिश्चित मजदूरी और सीधे बैंक भुगतान की व्यवस्था से विशेष रूप से महिलाओं, दलितों, आदिवासियों और वंचित समुदायों को लाभ हुआ है, जिनमें महिलाओं की हिस्सेदारी कुल कार्यदिवसों का लगभग 60 प्रतिशत है। नया VB-GRAM-G अधिनियम इस पूरे ढांचे से एक मौलिक विचलन है। यह काम की वैधानिक गारंटी को समाप्त करता है, निर्णय प्रक्रिया का केंद्रीकरण केंद्र सरकार के हाथों में करता है, ग्राम सभाओं और पंचायतों को कमजोर करता है तथा केंद्र के मजदूरी अंशदान को लगभग 90 प्रतिशत से घटाकर 60 प्रतिशत कर देता है, जिससे वित्तीय बोझ राज्यों और श्रमिकों पर डाल दिया जाता है। बजट-सीमित आवंटन, कृषि के चरम मौसम में कार्य पर प्रतिबंध और मजदूरी सुरक्षा प्रावधानों का कमजोर होना अनिवार्य रूप से रोजगार में कमी, मजदूरों के दमन और ग्रामीण संकट में वृद्धि का कारण बनेगा। कार्यक्रम से महात्मा गांधी के नाम को हटाया जाना भी श्रम की गरिमा और ग्राम स्वराज के उन मूल्यों को कमजोर करने का प्रयास दर्शाता है, जिन पर मनरेगा आधारित है।

# जालंधर: वेनेजुएला में अमेरिकी हस्तक्षेप के खिलाफ आरएमपीआई का प्रदर्शन, मादुरो की रिहाई की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

जालंधर। पंजाब के जालंधर में भारतीय क्रांतिकारी मार्क्सवादी पार्टी (आरएमपीआई) ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो की गिरफ्तारी और अमेरिकी सैन्य कार्रवाई के विरोध में रविवार को जोरदार प्रदर्शन किया। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव मंगत राम पासला और पंजाब राज्य कमेटी के सचिव परगट सिंह जमाराई के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने देश भगत मेमोरियल हॉल से बीएमसी चौक तक मार्च निकाला। प्रदर्शनकारियों ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ नारेबाजी करते हुए वेनेजुएला से अमेरिकी सेना की तत्काल वापसी और मादुरो दंपती की बिना शर्त रिहाई की मांग की। पत्रकारों से बातचीत में कामरेड पासला ने कहा कि अमेरिका द्वारा मादुरो पर मादक पदार्थों की तस्करी के आरोप लगाना पूरी तरह निराधार और मनगढ़ंत है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस हमले का असली मकसद वेनेजुएला के विशाल तेल भंडार और प्राकृतिक संसाधनों पर कब्जा करना है। आरएमपीआई नेताओं ने इसे संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतरराष्ट्रीय संधियों का खुला उल्लंघन करार दिया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने अमेरिका की इस ''विस्तारवादी नीति'' को नहीं रोका, तो दुनिया एक और विनाशकारी विश्व युद्ध की ओर धकेली जा सकती है। श्री जमाराई ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप अपने घरेलू राजनीतिक संकट से ध्यान भटकाने के लिए वैश्विक शांति को खतरे में डाल रहे हैं। उन्होंने दुनिया भर की न्यायप्रिय जनता से एकजुट होने की अपील करते हुए कहा कि अमेरिकी ''दादागिरी'' के खिलाफ यह संघर्ष तब तक जारी रहेगा जब तक वेनेजुएला की संप्रभुता बहाल नहीं हो जाती। प्रदर्शन के दौरान भारी संख्या में वामपंथी कार्यकर्ता मौजूद थे।

## प्रख्यात सिख विद्वान और फोटो पत्रकार जैतेग सिंह अनंत का निधन, साहित्य और कला जगत में शोक की लहर

**अमृतसर/सरे (कनाडा)।** प्रख्यात सिख विद्वान, लेखक और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित फोटो पत्रकार जैतेग सिंह अनंत का कनाडा के सरे शहर में निधन हो गया। उनके निधन की खबर से सिख साहित्य, कला और पत्रकारिता जगत में शोक की लहर दौड़ गई है। वारिस शाह फाउंडेशन ने रविवार को एक शोक संदेश जारी कर उनके निधन को 'अपूरणीय क्षति' करार दिया है। फाउंडेशन ने कहा है कि जैतेग सिंह अनंत न केवल एक विद्वान थे, बल्कि वे भारत के शीर्ष 10 फोटो कलाकारों में भी गिने जाते थे। अपने पेशेवर करियर के दौरान उन्होंने फोटोग्राफी के क्षेत्र में देश और विदेश में 70 से अधिक प्रतिष्ठित पुरस्कार अपने नाम किए। उन्होंने अपनी लेखनी और कैमरों के जरिए पंजाबी संस्कृति और विरासत को वैश्विक मंच पर पहचान दिलाई। उनकी पत्रकारिता यात्रा 1968 में दैनिक अखबार 'जत्थेदार' से शुरू हुई थी, जहाँ उन्होंने कला समीक्षक के रूप में अपनी गहरी समझ का परिचय दिया। साहित्य के क्षेत्र में उनका योगदान अद्वितीय रहा है। वे पहले कनाडाई मूल के लेखक बने जिन्हें उनकी कृति ''ग़दारी योद्धा'' के लिए पंजाब सरकार के भाषा विभाग द्वारा सर्वश्रेष्ठ पुस्तक पुरस्कार से नवाजा गया। उन्होंने सिख इतिहास, भारतीय स्वतंत्रता संग्राम, संगीत और विरासत जैसे गंभीर विषयों पर 24 से अधिक पुस्तकें लिखीं।

# ग्राम पंचायत हवेली की सुचिता सकलानी: 'पिस्यूं लूण' से लखपति बनने की कहानी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखण्ड सरकार द्वारा महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों और स्थानीय आजीविका से जोड़ने की योजनाएं अब जमीनी स्तर पर साफ़ नज़र आने लगी हैं। इन योजनाओं ने उन महिलाओं को नई पहचान दी है, जो कभी घरेलू दायरे तक सीमित थीं और आज अपने क्षेत्र में रोज़गार सृजित कर रही हैं। टिहरी गढ़वाल जिले के विकासखंड जौनपुर, ग्राम पंचायत हवेली की सुचिता सकलानी इसकी सशक्त मिसाल हैं। वर्ष 2023 तक एक सामान्य गृहिणी रहीं सुचिता सकलानी आज गंगा स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष हैं, जिसमें कुल 06 महिलाएँ सक्रिय रूप से कार्य कर रही हैं।राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के मार्गदर्शन में समूह ने पारंपरिक पहाड़ी उत्पाद 'पिस्यूं लूण' का उत्पादन मार्च 2023 में शुरू किया। यह नमक पहाड़ी जड़ी-बूटियों को सिलबट्टे पर पीसकर तैयार किया जाता है। कद्दूखाल क्षेत्र में तैयार होने वाला यह उत्पाद आज अपनी गुणवत्ता और स्वाद के कारण पहचान बना चुका है। ग्राम पंचायत हवेली द्वारा सिद्धपीठ माँ सुरकंडा मंदिर के निकट खोले गए गटखख्र आउटलेट में इस पहाड़ी नमक के साथ-साथ अचार, बुरांश व माल्टा जूस, मोटा अनाज, दालें और मसालों की बिक्री की जा रही है, जहाँ श्रद्धालुओं के बीच 'पिस्यूं लूण' की भारी माँग है। नवंबर 2025 तक समूह ने 18.50 लाख का कुल टर्नओवर, 12.00 लाख की शुद्ध बचत हासिल की है और समूह की सभी महिलाएँ आज लखपति दीदी बन चुकी हैं। विकासखंड जौनपुर द्वारा समूह को 20,000 रिवॉल्विंग फंड और 4.50 लाख बैंक लिंकेज का सहयोग मिला, जिससे व्यवसाय को मजबूती मिली। सुचिता सकलानी और गंगा स्वयं सहायता समूह की यह कहानी साबित करती है कि सही मार्गदर्शन और मेहनत से पहाड़ की महिलाएँ भी आत्मनिर्भरता की मजबूत मिसाल बन सकती हैं। परियोजना निदेशक डीआरडीए पुष्पेंद्र चौहान ने अवगत कराया कि ग्राम पंचायत हवेली की सुचिता सकलानी एवं गंगा स्वयं सहायता समूह की सफलता मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी जी के महिला सशक्तिकरण के विज़न का सशक्त उदाहरण है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से महिलाओं को स्थानीय संसाधनों से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। 'पिस्यूं लूण' जैसे पारंपरिक पहाड़ी उत्पादों को बाज़ार से जोड़कर न केवल आजीविका के नए अवसर सृजित हो रहे हैं, बल्कि हमारी लोक-संस्कृति और पारंपरिक ज्ञान को भी नई पहचान मिल रही है। यह कहानी अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063